www.livehindustan.com

# हिन्दुस्तान

1936 सत्य • सार्थक • सदैव

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

शुक्रवार
22 नवंबर 2024, नई दिल्ली, नगर संस्करण

वर्ष 89, अंक 279, 16 पेज, मूल्य ₹ 5.00, हिन्दुस्तान टाइम्स के साथ मूल्य ₹ 10.50 एवं एचटी एज के साथ मूल्य ₹ 6.25 ● पांच प्रदेश ● 24 संस्करण





बुमराह की कप्तानी में भारत की कंगारुओं के सामने कठिन परीक्षा P-14







धोखाधड़ी के दो केस दर्ज होने से समूह के शेयर गिरे, देश में सियासत तेज

# अदाणी पर अमेरिका में आरोप, भारत में भूचाल

**न्यूयार्क/नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय अरबपति गौतम अदाणी हिंडनबर्ग के प्रकोप से उबरे ही थे कि अमेरिका में उन पर अदाणी ग्रीन एनर्जी को सोलर प्रोजेक्ट दिलाने के लिए हेर-फेर के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। इन आरोपों के चलते गुरुवार को अदाणी समूह के शेयरों और देश की सियासत में भूचाल आ गया। समूह के शेयरों में भारी बिकवाली से सेंसेक्स 422 अंक गिरा और निफ्टी 23,350 पर आ गया। इससे निवेशकों को 5.35 लाख करोड़ का नुकसान हुआ।

**गिरफ्तारी वारंट जारी:** समाचार एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, गौतम अदाणी व उनके भतीजे सागर अदाणी के विरुद्ध अमेरिका में गिरफ्तारी वारंट जारी किए गए हैं। विपक्ष ने इस मुद्दे पर मोदी सरकार का घेराव किया और जेपीसी से जांच की मांग की। वहीं, भाजपा ने कहा, विपक्ष सरकार की छवि खराब करने का प्रयास कर रहा है।

अदाणी पर आरोप हैं कि उन्होंने भारत में सौर परियोजनाओं के अनुबंध और वित्त पोषण के लिए 26.5 करोड़ डॉलर यानी करीब 2,236 करोड़ रुपये की रिश्वत दी और उन्होंने यह बात अमेरिकी कारोबारियों, निवेशकों और बैंकों से छिपाई। आरोपों के बाद अदाणी ग्रीन ने 60 करोड़ डॉलर की बॉन्ड बिक्री रद्द कर दी।

अमेरिकी अटॉर्नी ब्रियोन पीस ने कहा, प्रतिवादियों ने वित्तीय बाजारों की कीमत पर खुद लाभ लेने की कोशिश की। एक अन्य दीवानी कार्रवाई में अदाणी व दो अन्य पर धोखाधड़ी-रोधी प्रावधानों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया है।


›पूरा विपक्ष संसद में P12


## ठेके के लिए 2200 करोड़ की घूस देने का आरोप



### आरोपों का असर

- समूह के तीन प्रमुख शेयरों में 23% तक की गिरावट, सभी 11 शेयरों का कुल बाजार पूंजीकरण दो लाख करोड़ गिरकर 12.3 लाख करोड़ रुपये पर आ गया
- आरोपों के बाद अदाणी ग्रीन ने गुरुवार को 60 करोड़ डॉलर की बॉन्ड बिक्री रद्द कर दी
- केन्या के राष्ट्रपति विलियम रूतो ने समूह को मिला 70 करोड़ डॉलर का ट्रांसमिशन लाइन बनाने का सौदा रद्द कर दिया

### अदाणी समूह ने कहा, लगाए गए आरोप आधारहीन

अदाणी समूह ने कहा, अमेरिकी अदालत में लगाए गए आरोप आधारहीन हैं। कंपनी ने सभी नियमों का पालन किया है और आगे वो मामले पर सभी संभावित कानूनी विकल्पों पर विचार करेगी। अमेरिकी न्याय विभाग ने खुद कहा है कि अभियोग में लगाए गए आरोप केवल आरोप हैं, और अभियुक्तों को तब तक निर्दोष माना जाता है जब तक कि उन्हें दोषी साबित नहीं कर दिया जाता।

### क्या हैं आरोप

अदाणी समूह पर अमेरिकी शेयर बाजार के निवेशकों से वास्तविक स्थिति छिपाने का आरोप है। इन निवेशकों ने पांच वर्ष में इस परियोजना में कई अरब डॉलर लगाए हैं।

### किस प्रोजेक्ट पर घिरे

यह मामला अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड और एक अन्य कंपनी के लिए भारत में राज्य सरकारों को 12 गीगावाट सौर ऊर्जा बेचने को लेकर अफसरों को रिश्वत देने से जुड़ा है।

**422** अंक गिरा सेंसेक्स, निफ्टी में भी गिरावट दर्ज की गई

**100** करोड़ डॉलर से ज्यादा कम हुई अदाणी समूह की संपत्ति

### संपत्ति में भारी गिरावट

फोर्ब्स की रियल-टाइम बिलियनेयर्स सूची के अनुसार, इन आरोपों से अदाणी की संपत्ति में 1000 करोड़ डॉलर की गिरावट आई। उनकी कुल संपत्ति 59.3 बिलियन डॉलर रह गई।

### जांच के घेरे में कौन

गौतम अदाणी पर बुधवार को प्रतिभूति धोखाधड़ी करने और उसकी साजिश रचने के आरोप लगाए गए। उनके खिलाफ दो मामले ब्रुकलीन संघीय अदालत में दर्ज किए गए हैं। अदाणी के साथ जिन अन्य लोगों पर आरोप लगे हैं, उनमें उनके भतीजे और अडानी ग्रीन एनर्जी के कार्यकारी निदेशक सागर अदाणी और कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी रहे विनीत जैन शामिल हैं। जैन 2020 से 2023 तक कंपनी के सीईओ थे।



“धोखाधड़ी और रिश्वत मामले में अदाणी को तुरंत गिरफ्तार किया जाना चाहिए। शीतकालीन सत्र में विपक्ष अदाणी से जुड़े मामले को उठाएगा। सेबी प्रमुख को पद से तत्काल हटाकर जांच शुरू होनी चाहिए। -राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष



“राहुल गांधी हर तरह के आरोप लगाकर देश की अर्थव्यवस्था को निशाना बनाने की कोशिश कर रहे हैं। जहां तक अदाणी समूह पर आरोपों का सवाल है, तो यह कंपनी पर है कि वह अपना पक्ष रखे। -संबित पात्रा, भाजपा प्रवक्ता

## मोदी को गयाना और डोमिनिका का सर्वोच्च सम्मान



**जॉर्जटाउन, एजेंसी।** गयाना और डोमिनिका ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने देश के सर्वोच्च सम्मान से नवाजा। उन्हें बुधवार को गयाना के राष्ट्रपति इरफान अली ने ऑर्डर ऑफ एक्सीलेंस से सम्मानित किया। वहीं, डोमिनिका की राष्ट्रपति सिल्वेनी बर्टन ने पीएम को डोमिनिका अवार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया।


›भारतवासियों का सम्मान P13


## रूस ने यूक्रेन पर अंतर महाद्वीपीय मिसाइल दागी

**कीव, एजेंसी।** यूक्रेन का दावा है कि रूस ने बुधवार की रात निप्रो शहर को निशाना बनाते हुए युद्ध में पहली बार अंतर-महाद्वीपीय बैलेस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) का इस्तेमाल किया।

यूक्रेनी वायुसेना ने गुरुवार को कहा कि इसे रूस के अस्त्रखान क्षेत्र से दागा गया। रूस की ओर से आठ अन्य मिसाइलों के दागे जाने और इनमें से छह को मार गिराने का दावा भी यूक्रेन की सेना ने किया है। हमले में दो लोग घायल हुए। ›नए चरण में युद्ध P13

# ऐलान : विधानसभा चुनाव के लिए आप ने 11 प्रत्याशी तय किए

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** दिल्ली विधानसभा की 11 सीटों के लिए आप ने गुरुवार को उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी। 2020 के चुनाव में इन सीटों में से छह पर भाजपा जबकि पांच सीटों पर आप के प्रत्याशी जीते थे। पार्टी द्वारा जीती गई पांच सीटों पर इस बार नए चेहरे उतारे गए हैं। मटियाला से गुलाब सिंह की जगह सोमेश शौकीन और किराड़ी से ऋतुराज झा की जगह अनिल झा को प्रत्याशी बनाया गया है।

दिल्ली प्रदेश के संयोजक गोपाल राय ने बताया कि राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में पीएसी (पॉलटिकल अफेयर कमेटी) की बैठक हुई। इसमें पार्टी द्वारा कराए गये सर्वे और लोगों की प्रतिक्रिया के आधार पर 11 नाम तय किए गए। उनके मुताबिक नामों की घोषणा के साथ ही चुनावी अभियान तेज कर दिया गया है। पार्टी बीते दो महीने से लोगों के बीच सक्रिय है। पहले 'विधायक आप के द्वार' कार्यक्रम के माध्यम से पार्टी लोगों के बीच गई। लोगों को विधायकों और सरकार द्वारा किए गये कार्यों को लेकर जानकारी दी गई। 70 विधानसभा क्षेत्रों में पदयात्रा कर लोगों से संपर्क किया गया। वहीं, तीसरे चरण में दिल्ली के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मंडल स्तर तक के पदाधिकारियों के साथ अरविंद केजरीवाल ने चुनावी तैयारियों को लेकर संवाद किया। गोपाल राय ने बताया, पार्टी चुनाव को लेकर जल्द पूरी दिल्ली में महाअभियान चलाएगी। जल्द ही इसकी घोषणा की जाएगी।


›दंगल में उतारा P02


### किसको कहां से टिकट

| विधानसभा | प्रत्याशी |
|---|---|
| छतरपुर | ब्रह्म सिंह |
| बदरपुर | राम सिंह |
| लक्ष्मी नगर | बीबी त्यागी |
| सीलमपुर | जुबेर अहमद |
| सीमापुरी | वीर सिंह धिंगान |
| रोहताश नगर | सरिता सिंह |
| घोंडा | गौरव शर्मा |
| विश्वास नगर | दीपक सिंघला |
| करावल नगर | मनोज त्यागी |
| किराड़ी | अनिल झा |
| मटियाला | सोमेश शौकीन |

### प्रमुख पांच

**बुद्ध के सिद्धांतों से युद्ध का समाधान: राजनाथ**

1 रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, बुद्ध के सिद्धांतों से युद्ध का समाधान संभव है। P06

**केजरीवाल के खिलाफ सुनवाई पर रोक नहीं**

2 हाईकोर्ट ने केजरीवाल के खिलाफ सुनवाई पर रोक से इनकार कर दिया। P03

**पाकिस्तान में आतंकी हमला, 50 की मौत**

3 पाक के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में आतंकी हमले में 50 लोगों की मौत हो गई। P13

**डीजेबी और एमसीडी पर 50 करोड़ जुर्माना**

4 दिल्ली नगर निगम और जल बोर्ड पर एनजीटी ने 50 करोड़ का जुर्माना लगाया। P02

**पीएफ खाता ओटीपी से सत्यापित करना होगा**

5 ईपीएफओ के यूएएन को जारी रखने के लिए अब ओटीपी से सत्यापन होगा। P11

# इजरायली पीएम नेतन्याहू के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट

**द हेग, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू, रक्षा मंत्री योव गैलेंट के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया। हमास के शीर्ष नेता मोहम्मद दियाब इब्राहिम अल-मसरी के खिलाफ भी ऐसे ही आदेश जारी किए गए हैं।

आईसीसी ने नेतन्याहू और गैलेंट पर मानवता के खिलाफ अपराधों का आरोप लगाया है। कोर्ट ने कहा कि इन पर अमानवीय कृत्यों का आरोप है। इजरायल ने गाजा में भोजन, पानी और चिकित्सीय सहायता जैसी आवश्यक आपूर्ति को प्रतिबंधित कर दिया, इससे सैकड़ों बच्चों की मौत हुई है।



बेंजामिन नेतन्याहू ने निर्णय को यहूदी विरोधी करार दिया

**अमेरिका, इजरायल ने निंदा की :** नेतन्याहू और अन्य इजरायली नेताओं ने आईसीसी के मुख्य अभियोजक करीम खान के वारंट की निंदा की है। नेताओं ने इसे अपमानजनक और यहूदी विरोधी बताया है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने भी अभियोजक की निंदा की और हमास के खिलाफ खुद का बचाव करने के इजरायल के अधिकार का समर्थन किया।

# दिल्ली में केंद्रीय कर्मियों के कार्यालय का समय बदला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में प्रदूषण के मद्देनजर केंद्र सरकार ने गुरुवार को कर्मचारियों के कार्यालय आने के लिए अलग-अलग समय घोषित किया है।

केंद्रीय कार्मिक मंत्रालय ने जारी आदेश में कर्मियों को वाहनों में साथ आने-जाने और सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने को भी कहा है।

आदेश में कहा गया है कि मंत्रालय और विभाग कार्यालय का कार्य प्रभावित न हो, इसे ध्यान में रखते हुए कर्मचारियों की संख्या और शिफ्ट पर फैसला लें। कार्यालय सुबह नौ से शाम साढ़े पांच बजे तक और सुबह 10 से शाम साढ़े बजे तक खुले रह सकते हैं। गौरतलब है कि दिल्ली की हवा में थोड़ा सुधार होने के बाद भी एक्यूआई 376 दर्ज किया गया है।

### नोएडा-गाजियाबाद में भी हुआ बदलाव

**नोएडा/गाजियाबाद।** गौतमबुद्ध नगर और गाजियाबाद जिले में सरकारी दफ्तरों के समय में बदलाव किया गया है। गौतमबुद्ध नगर में राज्य सरकार के सभी दफ्तर सुबह 10 से शाम 5 बजे तक और नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यमुना अथॉरिटी, यूपीसीडी और यीडा के दफ्तर सुबह 9 से शाम 6 बजे तक खुलेंगे। गाजियाबाद जिले के राज्य सरकार के दफ्तर सुबह 10:30 से शाम 5:30 तक खुलेंगे।

**कुछ अलग** | वाडिया हिमालय भू-विज्ञान संस्थान के वैज्ञानिकों का शोध जियोकैमिकल ट्रांजक्शन जर्नल में प्रकाशित

# लॉकडाउन जैसी सख्ती से ही नदियां होंगी निर्मल

■ शैलेन्द्र सेमवाल

**देहरादून।** यमुना और सदानीरा गंगा जैसी नदियों को स्वच्छ बनाना है तो लॉकडाउन जैसी सख्ती बरतनी होगी। देहरादून स्थित वाडिया हिमालय भू-विज्ञान संस्थान के वैज्ञानिकों ने अपने शोध में यह दावा किया है।

अंतरराष्ट्रीय जर्नल जियोकेमिकल ट्रांजक्शन में प्रकाशित इस शोध के बारे वैज्ञानिक डॉ. समीर तिवारी ने बताया कि उत्तराखंड के अपर गंगा रीवर सिस्टम (यूजीआरएस) और अपर यमुना रीवर सिस्टम (यूवाईआरएस) पर कोविड लॉकडाउन के समय संकलित डाटा का अध्ययन किया गया। ये डेटा कोविड लॉकडाउन में मई और जून 2020 का है। इस दो माह में ही नदी के जल की गुणवत्ता सुधर गई। औद्योगिक और वाणिज्यिक गतिविधि बंद होने से उद्योगों से नगण्य अपशिष्ट निकला। लॉकडाउन ने गंगा-यमुना के जल को बिना किसी ट्रीटमेंट के फिल्टर कर पीने योग्य पाया गया। बता दें कि नदियों में कारखानों और नाले का गंदा पानी डालने से वाटर पॉल्यूशन इंडेक्स दिनोंदिन खतरनाक होता जा रहा है।

## कोरोनाकाल में सुधर गई थी जल की गुणवत्ता



### मानव स्वास्थ्य पर गंभीर संकट

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, गंगा-यमुना जैसी नदियां पिछले कुछ दशकों में बुरी तरह प्रदूषित हुई हैं। इससे जलीय जीव संकट में है साथ ही मानव स्वास्थ्य भी गंभीर खतरे में है। अनियोजित शहरीकरण, जनसंख्या वृद्धि और कारखानों का गंदा पानी नदियों के अस्तित्व को संकट में डाल रहा है।

### 93% तक स्वच्छ हुआ जल

वाडिया संस्थान का शोध गंगा और यमुना में लॉकडाउन के दौरान भौतिक मापदंड, प्रमुख और ट्रेस तत्वों, स्थिर आइसोटोप (हाइड्रोजन और ऑक्सीजन) प्रणाली के मूल डाटा पर आधारित है। लॉकडाउन से पानी में घुलित ऑक्सीजन (डीओ) में वृद्धि हुई। शोध के लिए वैज्ञानिकों ने उत्तराखंड में आठ सप्ताह के लॉकडाउन के दौरान ऊपरी गंगा और यमुना नदी घाटियों (अलकनंदा, भागीरथी और टोंस नदियों) में 34 स्थानों से जल के नमूने एकत्र किए। परिणामों से पता चला कि गंगा के ऊपरी बेसिन की जल गुणवत्ता 93 प्रतिशत तक सुधर गई।




दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक 48 अंकों के सुधार के साथ बेहद खराब श्रेणी में रहा, हवा में अब भी चार गुना प्रदूषक कण

# धूप से आठ दिन बाद हल्की हुई धूल-धुएं की परत


**राहत**

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** दिल्ली में गुरुवार को धूप निकलने के चलते आसमान में जमी धूल-धुएं की परत कमजोर हो गई है। इससे वायु गुणवत्ता सूचकांक में आठ दिन बाद सुधरा आया। हालांकि, हवा अब भी बेहद खराब श्रेणी में है, लेकिन पिछले दिनों की तुलना में लोगों ने खासी राहत महसूस की।

केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, गुरुवार को दिल्ली का औसत एक्यूआई 371 अंक पर रहा। बुधवार को यह 419 अंक था। चौबीस घंटे में इसमें 48 अंकों का सुधार हुआ है। 18 नवंबर को हवा सबसे ज्यादा खराब स्तर पर पहुंच गई थी। इस दिन का सूचकांक 494 अंक पर था, जो बीते पांच वर्षों में सबसे ज्यादा रहा। वहीं, पिछले आठ दिनों से प्रदूषण की गहरी धुंध के चलते लोगों को सांस लेने में परेशानी, आंख में जलन, गले और नाक में खराश, खांसी जैसी समस्याएं हो रही थीं। इस स्थिति से दिल्लीवालों को गुरुवार दिन में थोड़ी राहत मिली। हालांकि, अभी भी राजधानी के सात इलाकों का सूचकांक 400 के पार है। वहीं, मानकों से लगभग तीन गुना प्रदूषक कण अभी भी हवा में मौजूद हैं।

प्रदूषण के स्तर में भले ही थोड़ी कमी आई है, लेकिन हवा पूरी तरह से साफ होने की अभी संभावना नहीं है। वायु गुणवत्ता पूर्व चेतावनी प्रणाली के मुताबिक, अगले छह दिनों के बीच हवा की गति का औसत स्तर 10 किलोमीटर प्रति घंटे से कम रहेगी।

**इन इलाकों में चार सौ पार रहा एक्यूआई**




नोट : केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक

**प्रदूषण मीटर**






प्रदूषण से राहत के लिए गुरुवार को दिल्ली के कर्तव्यपथ पर पानी का छिड़काव करती एंटी स्मॉग गन। ● सोनू मेहता

### शिक्षक घर से काम करेंगे

प्रदूषण के चलते सरकारी दफ्तरों में 50 फीसदी क्षमता के साथ काम करने संबंधित आदेश को लागू करने को लेकर शिक्षा निदेशालय ने सर्कुलर जारी किया। समय अवधि में भी बदलाव किया है। जामा मस्जिद स्थित सर्वोदय बाल विद्यालय नंबर-1 (उर्दू माध्यम) के प्रधानाचार्य डॉ. गय्यूर अहमद ने कहा कि छात्रों को पढ़ाने की समय-सारणी पहले की तरह जारी रहेगी। आधे शिक्षक घर से और बाकि स्कूल से काम करेंगे।


## पिछले साल की तुलना में 60 फीसदी कम जली पराली

**सख्ती**

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** पिछले साल के मुकाबले इस बार पराली जलाने के मामले करीब 60 फीसदी कम रहे। पंजाब और हरियाणा में गिरावट आई है। हालांकि, मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश जैसे कुछ राज्यों में पहले की तुलना में बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

खेत को गेंहू की फसल के लिए जल्दी तैयार करने के चलते धान की फसल के बचे अवशेष को जलाने की प्रवृत्ति रही है। हजारों स्थानों पर पराली जलाने के चलते उत्तर भारत में लोगों को भारी प्रदूषण का सामना करना पड़ता है। हर साल इस पर रोक लगाने के लिए तमाम कवायद की जा रही है। इनका कुछ असर इस बार पराली जलाने के मामलों में आई कमी के रूप में दिखाई पड़ रहा है। कंसोर्टियम फॉर रिसर्च एंड एग्रोईकोसिस्टम मॉनीटरिंग एंड मॉडलिंग फ्राम स्पेस (क्रीम्स) ने पराली की घटनाओं पर निगाह रखी। आंकड़े बताते हैं कि पिछले साल 20 नवंबर तक इन राज्यों में कुल 52,555 मामले रिकॉर्ड किए गए थे। इस बार 20 नवंबर तक 29,997 मामले दर्ज किए गए।

**आंकड़ों पर एक नजर**




नोट : पंजाब में पराली जलाने के मामलों में लगभग 70 फीसदी की कमी आई।

**चिंता**

## जलवायु परिवर्तन भी प्रदूषण बढ़ाने में अहम

**नई दिल्ली, वि.सं.।** दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण से लोग परेशान हैं। हालात इतने खराब हैं कि सांस लेना भी मुश्किल है। विशेषज्ञों का कहना है कि प्रदूषण बढ़ने के पीछे मौसमी बदलाव और जलवायु परिवर्तन अहम भूमिका निभा रहे हैं।

### मैदानी क्षेत्रों में कोहरा समय से पहले आया

इस साल की शुरुआत में दिल्ली में तेज हवाएं और पूर्व दिशा से आती ठंडी हवाओं ने प्रदूषण को कुछ हद तक नियंत्रित रखा था, लेकिन अब वही मौसमी स्थितियां प्रदूषण को और बढ़ावा दे रही हैं। उत्तर-पश्चिमी मैदानों में इस बार कोहरा समय से पहले आ गया है। सर्दियों की बारिश का न होना और हवा की रफ्तार धीमी होना भी प्रदूषण बढ़ने की बड़ी वजह है।

### नियंत्रण के प्राकृतिक तरीके कमजोर हुए

विशेषज्ञों का कहना है कि बढ़ते औसत तापमान और बदलते मौसम के पैटर्न ने प्रदूषण को और खतरनाक बना दिया है। पर्यावरणविदों का मानना है कि सर्दियों में कोहरे की बढ़ती अवधि और घनत्व वायु गुणवत्ता पर भारी पड़ रहे हैं। बारिश की कमी और लगातार गर्म होते मौसम ने प्रदूषण को नियंत्रित करने के प्राकृतिक तरीकों को कमजोर कर दिया है।

### लोगों की मुश्किलें बढ़ीं

- दिल्ली-एनसीआर के लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी पर इसका सीधा असर पड़ रहा है
- कई लोग सांस लेने में तकलीफ की शिकायत कर रहे हैं
- बच्चों और बुजुर्गों को खास तौर पर इस प्रदूषण से खतरा है
- अस्पतालों में सांस की बीमारियों के मामले बढ़ते जा रहे हैं
- स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने मास्क पहनने, सुबह की सैर से बचने और जरूरत पड़ने पर ही घर से बाहर निकलने की सलाह दी है।



### सरकार और प्रशासन की भूमिका

प्रदूषण के इस खतरनाक स्तर पर काबू पाने के लिए सरकार और स्थानीय प्रशासन पर भी सवाल उठ रहे हैं। ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) के तहत कुछ कदम उठाए गए हैं, जैसे निर्माण कार्यों पर रोक और ट्रकों की एंट्री सीमित करना। हालांकि, विशेषज्ञ मानते हैं कि ये उपाय स्थायी समाधान नहीं हैं। पराली जलाने और वाहनों से निकलने वाले धुएं जैसे प्रमुख कारणों पर अभी भी प्रभावी नियंत्रण की कमी है।

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

विशेषज्ञों की मानें तो प्रदूषण अब केवल स्थानीय कारणों का परिणाम नहीं है। जलवायु परिवर्तन और मौसम के बदलते मिजाज ने इसे और गंभीर बना दिया है। स्थायी समाधान के लिए दीर्घकालिक योजनाओं और नीतियों पर जोर देना जरूरी है।

### आगे की राह

दिल्ली-एनसीआर के लोग फिलहाल मास्क और एयर प्यूरीफायर के सहारे दिन काट रहे हैं, लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि अगर जलवायु परिवर्तन और मौसमी बदलावों को ध्यान में रखते हुए ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो ये समस्या हर साल और गंभीर होती जाएगी।

## जल बोर्ड और एमसीडी पर ₹50 करोड़ का जुर्माना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने पर्यावरण नियमों का उल्लंघन करने को लेकर दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) और दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) पर गुरुवार को 50 करोड़ रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया।

एनजीटी ने कहा कि डीजेबी यमुना नदी से मिलने वाले बरसाती नालों में सीवेज के बहाव को रोकने में अपने वैधानिक कर्तव्यों का निर्वहन करने में विफल रहा है। वहीं एमसीडी ने दक्षिण दिल्ली में एक बरसाती नाले की स्थिति और कार्यात्मक क्षमता को बदलने के लिए अपने अधिकार क्षेत्र से हटकर काम किया।

**दो माह में भरे मुआवजा :** अपने 160 पेज के आदेश में एनजीटी ने एमसीडी और डीजेबी दोनों को पर्यावरण नियमों के उल्लंघन के लिए दो महीने में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) को लगभग 25.22-25.22 करोड़ रुपये का पर्यावरणीय मुआवजा देने का निर्देश दिया।

## प्रदूषक कणों ने 11 साल तक उम्र घटाई

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** दिल्ली में पैदा हुए और यहीं रह रहे लोगों की उम्र प्रदूषण की वजह से 11.9 साल कम हो रही है। वहीं, देशभर में प्रदूषण ने लोगों की उम्र 5.3 साल कम कर दी है। सांस रोग विशेषज्ञों की संस्था इंडियन चेस्ट सोसाइटी ने गुरुवार को प्रेस क्लब में आयोजित वार्ता में यह जानकारी दी।

एम्स के सांस रोग विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. जीसी खिलनानी ने चीन के बीजिंग शहर का उदाहरण देते हुए कहा कि यहां पर प्रदूषण नियंत्रण का काम किया, जिससे लोगों की उम्र 2.2 साल बढ़ गई है। दिल्ली में बहुत काम करने की जरूरत है। डॉक्टरों ने प्रेस वार्ता में कहा कि दिल्ली में सड़कों को महीने में चार बार पानी से और चार बार वैक्यूम क्लीनर से सफाई करने की जरूरत है। साथ ही सड़क किनारे ज्यादा से ज्यादा हरियाली हो। गाड़ी खड़ी रहती है तो इंजन बंद करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब तक पूरे साल काम नहीं करेंगे, तब तक प्रदूषण कम नहीं होगा।

### इंडियन चेस्ट सोसाइटी का दावा- अटैक का खतरा

पीसीआरआई अस्पताल के डॉक्टर एवं एम्स के प्लमनरी विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. खिलनानी ने कहा कि पीएम 2.5 या इससे छोटे कणों की बात तो छोड़ ही दो लेकिन प्रदूषण के पीएम 10 कण ही इतने छोटे होते हैं कि नाक के फिल्टर को पार कर अंदर तक पहुंच जाता है, जबकि पीएम 2.5 कण फेफड़ों के उस निचले हिस्से तक पहुंच जाते हैं, जहां ऑक्सीजन और कार्बन डाइऑक्साइड एक्सचेंज होती है। ये अस्थमा और सीओपीडी जैसी बीमारी की वजह बनते हैं। इससे भी छोटे कण जिनका आकर 0.1 नैनोमीटर होता है, ये फेफड़ों के सबसे छोटे हिस्से लोब्यूल तक पहुंच कर खून में घुल जाते हैं। खून में पहुंचकर ये शरीर के किसी भी अंग को बीमार कर देते हैं। ये स्ट्रोक और हार्टअटैक की वजह बनते हैं।

## सुबह-शाम ठंड का अहसास बढ़ने लगा

**नई दिल्ली, प्र.सं.।** राजधानी में गुरुवार सुबह इस सीजन का सबसे कम तापमान रहा। सफदरजंग मौसम केन्द्र में न्यूनतम पारा 10.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। पिछले तीन दिन के अंदर इसमें लगभग दो डिग्री की गिरावट आई है।

दिल्ली में अब सर्दी बढ़ने लगी है। खासतौर पर सुबह-शाम के समय लोगों को हल्की ठंड का अनुभव हो रहा है। सफदरजंग मौसम केंद्र में गुरुवार को अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से एक डिग्री कम है।

## आप सरकार ने स्कूलों को शानदार बनाया : मुख्यमंत्री

**दावा**

**नई दिल्ली, कार्यालय संवाददाता।** रोहिणी सेक्टर-27 स्थित पॉकेट सी-2 में मुख्यमंत्री आतिशी ने गुरुवार को नया स्कूल छात्रों को समर्पित किया। इस स्कूल में 121 कमरे, दस अत्याधुनिक प्रयोगशाला, केंद्रीय पुस्तकालय, एमपी हॉल सहित कई दूसरी सुविधाएं छात्रों के लिए उपलब्ध है। इस मौके पर मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि सरकारी स्कूलों को शानदार बनाकर साबित कर दिया है कि अच्छी शिक्षा पाकर अब गरीब का बच्चा भी आगे बढ़ेगा।

सीएम ने कहा कि देशभर से लोग दिल्ली में अपने बच्चों को अच्छी जिंदगी देने का सपना लेकर आते हैं। अरविंद केजरीवाल ने आम आदमी के सपने को पूरा करने का काम किया है। गरीब परिवारों के बच्चों को ऐसी शिक्षा आगे भी मिलती रहे, इसके लिए फरवरी में दोबारा दिल्लीवालों को शिक्षा पर काम करने वाली सरकार चुननी होगी।

**अब स्कूल के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा :** आतिशी ने कहा कि रोहिणी सेक्टर-27 में रहने वाले बच्चों को यहां से 10-15 किलोमीटर दूर शाहबाद दौलतपुर के स्कूल में पढ़ने के लिए जाना पड़ता था, लेकिन इस स्कूल की बदौलत अब यहां के बच्चों को पढ़ने के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। 2015-16 में जब अरविंद केजरीवाल यहां लोगों के बीच आए थे तब यहां लोगों ने अपने बच्चों के लिए एक स्कूल की मांग की थी। शानदार स्कूल बनाकर इस वादे को पूरा करने का काम किया है।

**दस साल में 22 हजार से ज्यादा कमरे बनवाए :** उन्होंने कहा कि आजादी से लेकर 2015 तक कई सरकारें आई और गई, लेकिन 75 सालों में इन सरकारों ने दिल्ली सरकार के स्कूलों में मात्र 24 हजार कमरे बनवाए। दस सालों में दिल्ली सरकार के स्कूलों में 22 हजार से ज्यादा नए कमरे बनवाए गए हैं।




दिल्ली के रोहिणी सेक्टर-27 में गुरुवार को जनता को संबोधित करतीं मुख्यमंत्री आतिशी। इस दौरान उन्होंने कक्षाओं का निरीक्षण भी किया ● एजेंसी

### आतिशी बोलीं- हमने शिक्षा को प्राथमिकता दी

आतिशी ने कहा कि सरकारें दिल्ली में पहले भी रही हैं। यह दिल्ली की पहली ऐसी सरकार बनी जिसने शिक्षा को अपनी प्राथमिकता बनाया। दिल्ली में लोग देश के अलग-अलग हिस्से से अपने बच्चों के बेहतर भविष्य की उम्मीद में आते है। बच्चों को अच्छा भविष्य देने के लिए सुबह से शाम तक मेहनत करते हैं। कोई भी परिवार सबसे ज्यादा खर्च अपने बच्चों की शिक्षा पर करता है। आम आदमी पार्टी की सरकार बजट का 25 फीसदी शिक्षा पर खर्च कर रही है।

## जोर आजमाइश के लिए आप ने समय से पहले अपने प्रत्याशी मैदान में उतारे




**■ गौरव त्यागी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव की आधिकारिक घोषणा से पहले आम आदमी पार्टी ने अपने प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है। पार्टी ने समय से पहले अपने उम्मीदवार मैदान में उतारकर तैयारी शुरू कर दी है।

गुरुवार को आप पीएसी (पॉलिटिकल अफेयर कमेटी) की बैठक के बाद 11 प्रत्याशियों की सूची जारी की गई। इसमें दूसरे दलों से आए छह नेताओं पर दांव लगाया गया है। पार्टी ने पिछले विधानसभा चुनाव में हारे आप नेताओं को भी चुनावी रण में उतारा है।

**भाजपा और कांग्रेस से आए तीन-तीन नेताओं को टिकट :** पहली सूची में भाजपा और कांग्रेस से आए तीन-तीन नेताओं को टिकट दिया गया है। छतरपुर से ब्रहम सिंह तंवर को मैदान में उतारा है। यहां से आप विधायक करतार सिंह तंवर पहले ही भाजपा में चले गए थे। ब्रहम सिंह तंवर भाजपा से आप में आए हैं। इसी तरह किराड़ी विधानसभा क्षेत्र में आप ने मौजूदा विधायक रितुराज झा का टिकट काटकर भाजपा से आए अनिल झा को चुनावी मैदान में उतारा है। लक्ष्मीनगर सीट पर भाजपा से आए बीबी त्यागी आप के प्रत्याशी होंगे। सीलमपुर विधानसभा सीट पर कांग्रेस से आए जुबैर चौधरी पर दांव लगाया गया है। वह पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। सीमापुरी में कांग्रेस से आप में शामिल हुए वीर सिंह धींगान प्रत्याशी होंगे। यहां से आप विधायक और पूर्व मंत्री राजेंद्र पाल गौतम पार्टी छोड़कर कांग्रेस में चले गए हैं। मटियाला सीट पर पार्टी ने मौजूदा विधायक गुलाब का टिकट काटकर सोमेश शौकीन को उम्मीद बनाया है। वह कांग्रेस से आप में आए हैं।

**कुछ को पहली बार मौका :** आम आदमी पार्टी ने बीता चुनाव हारे प्रत्याशियों पर भी दांव लगाया है। विश्वासनगर से पिछला चुनाव हारे दीपक संगला को फिर प्रत्याशी बनाया गया है। रोहताश नगर विधानसभा सीट से सरिता सिंह फिर आम आदमी पार्टी की प्रत्याशी होंगी। बदरपुर से राम सिंह नेताजी को भी टिकट दिया गया है। आप ने घोंडा से गौरव शर्मा और करावलनगर से मनोज त्यागी को उम्मीदवार बनाया है। यह पहली बार चुनाव लड़ेंगे।



सुमेश शौकीन | दीपक सिंघल | ब्रह्म सिंह तंवर | मनोज त्यागी
गौरव शर्मा | अनिल झा | सरिता सिंह | राम सिंह नेताजी

**पार्टी की पहली सूची में किसी वीआईपी का नाम नहीं**

आम आदमी पार्टी की पहली सूची में वीआईपी प्रत्याशियों को शामिल नहीं किया गया है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, पहले उन सीटों को तय किया गया है, जहां आप विधायक दूसरे दल में चले गए हैं। इसके बाद पिछले चुनाव में हारी हुई सीटों को भी पहले प्रत्याशी घोषित करके मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके चलते पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, सीएम आतिशी और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया समेत किसी मंत्री का नाम पहली सूची में नहीं है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, अगर बड़े नेताओं की सीट में कोई परिवर्तन होता है तो उसे भी बाद में घोषित किया जाएगा।

## बेघर आबादी का सर्वे करें : कोर्ट

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने गुरुवार को दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव एवं संबंधित अधिकारियों को कानून के अनुसार दिल्ली की बेघर आबादी का व्यापक सर्वेक्षण और मौजूदा आश्रय गृह सेवाओं का मूल्यांकन करने का निर्देश दिया है।

दिल्ली उच्च न्यायालय में दायर याचिका में कहा गया है कि दिल्ली में बेघर होना लंबे समय से चिंता का विषय रहा है, जिसकी शुरुआती कोशिशें 1950 के दशक से चली आ रही हैं। पिछले सर्वेक्षणों और उपायों के बावजूद, जिसमें दिल्ली सरकार की पहल, अदालतों के निर्देश और एनएचआरसी के हस्तक्षेप शामिल हैं। लेकिन शहर के बेघरों पर कोई विश्वसनीय डेटा नहीं है। पिछली रिपोर्टें महत्वपूर्ण शहरी असमानताओं को उजागर करती हैं, जो लक्षित हस्तक्षेप की आवश्यकता को दर्शाती है।

### सर्वेक्षणों ने विरोधाभासी आंकड़े पेश किए

**नई दिल्ली।** सवर्ष 2010 के एक सर्वेक्षण में 67,151 बेघर व्यक्तियों को दर्ज किया गया था, लेकिन बाद के सर्वेक्षणों ने विरोधाभासी आंकड़े पेश किए हैं। जो एक मानकीकृत डेटा संग्रह प्रक्रिया की अनुपस्थिति को रेखांकित करते हैं। अधिकारियों का तत्काल हस्तक्षेप महत्वपूर्ण है। क्योंकि सर्दियों का समय बेघरों की मौतों का समय होता है। यह विश्वास के साथ कहना मुश्किल है कि सड़क पर चलने वाला व्यक्ति बेघर है, भले ही सभी परिस्थितिजन्य साक्ष्य उपरोक्त की ओर इशारा करते हों।


**रेल कोच फैक्ट्री कपूरथला**

**पेंशन अदालत-2024**

पेंशन अदालत का आयोजन **16 दिसम्बर 2024 (सोमवार) को 10.00 बजे से 13.00 बजे तक, प्रशासनिक भवन, भूतल, जीएम के कॉन्फ्रेंस हॉल** में होगा। रेल कोच फैक्ट्री/कपूरथला के समस्त सेवानिवृत्त कर्मचारियों/पारिवारिक पेंशनभोगियों जिनकी पेंशन/पारिवारिक पेंशन, परिनिर्धारित बकायों के संबंध में कोई शिकायत है, से अनुरोध किया जाता है कि अधिकतम **30 नवम्बर, 2024 को 17.00 बजे तक** अपनी शिकायतें श्री गिरधर सिंह, सहायक कार्मिक अधिकारी-II/आरसीएफ/कपूरथला को भेजें और उन्हें आगे उक्त तिथि, समय व स्थान पर अदालत में उपस्थित होने के लिए आमंत्रित किया जाता है।

महाप्रबंधक (पी)

आर.ओ. नं.: 88-एम/2024-25 दिनांक: 21.11.2024

**उत्तर रेलवे**

**TENDER NOTICE**

**ई-निविदा (ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

| | | |
|---|---|---|
| | एन आई टी | 101, 102-2024-25-डब्ल्यू-4 |
| 1 | काम का नाम (स्थान के साथ) | **101)** एनएनओ, बीजीजेड, केआरजेड, आरओके, केजेडएच, जेएनए, जेजेटी, केआईयू, बीएसपीएच, जेएचआई, बीजेडओ, डीएचवाई, यूसीए, जीएसओ, एनआरडब्ल्यू, जेएचएल, जेसीवाई, पीपीडीई और डीएन लूप लाइन नंबर 1 के टीआरआर की लूप लाइनों का सीटीआर, एमएयूआर में टीयूएन, बीएलजेड, बीआरजेड और लूप लाइन नंबर 7 पर गुड्स साइडिंग, एमएएसके और एमएयूआर में यूपी लूप लाइन नंबर 4, डेन-IV के खंड में 60 किग्रा रेल के साथ **कार्य की समान प्रकृति:** सीटीआर/टीआरआर/टीएफआर/टीटीआर जिसमें ट्रैक को ऊपर उठाना, स्क्रीनिंग, ट्रैक को डी-स्ट्रेस करना, ट्रैक रखरखाव मशीन जैसे टैम्पिंग मशीन/बैलास्ट स्क्रीनिंग/रेगुलेटिंग और टी-28 द्वारा टीटीआर के लिए पूर्व और बाद के कार्य शामिल हैं। |
| | | **102)** लूप लाइनों के सीटीआर के साथ डीईएन-IV सेक्शन में विभिन्न स्टेशनों पर ट्रैक में पत्थर गिट्टी की आपूर्ति, स्टैकिंग और डालना। **कार्य की समान प्रकृति:** रेलवे/राजमार्ग/सड़कों के लिए मशीन से कुचले गए पत्थर गिट्टी की आपूर्ति। |
| 2 | काम की अनुमानित लागत रुपये | **101)** रुपये 106502278.21 **102)** रुपये 22740943.20 |
| 3 | अग्रिम राशि (रुपये) | (यह नेट बैंकिंग के रूप में होना चाहिए या केवल भुगतान गेटवे द्वारा।) (नोट: रेलवे बोर्डों के पत्र संख्या 2015/सीई-आई/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016 के अनुसार जो टेंडर आईआर ई पी एस पर आमंत्रित किया गया है उसमें एफडीआर को निविदा के लिए, ईएमडी के रूप में, स्वीकार नहीं किया जाएगा।) **101)** रुपये 682500.00 **102)** रुपये 263700.00 |
| 4 | काम की समाप्ति अवधि | **101)** 12 महीने **102)** 06 महीने |
| 5 | निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए दिनांक और समय | 17.12.2024 को 15:00 बजे तक तथा 17.12.2024 को 15:00 बजे निविदा खुलना है। |
| 6 | वेबसाइट के विवरण का नोटिस बोर्ड स्थान निविदा का पूरा | यह निविदा आई.आर.ई.पी.एस. वेबसाइट अर्थात **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। |

**No. 128-W/280/OET/2024-25/W-IV/101,102 Date 21.11.2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3579/24

**Uttar Pradesh Medical Supplies Corporation Ltd.**
(A Government of Uttar Pradesh Undertaking)
GSTIN: 09AACCU2250P1ZZ, CIN: U85310UP2018SGC102425
Address: SUDA Bhawan, 7/23, Sector-7, Gomati Nagar Extension, Lucknow

**Tender Notice Invitation** Date: 20/11/2024

Uttar Pradesh Medical Supplies Corporation Limited, Lucknow invites tenders on GeM Portal from eligible and qualified Manufacturer/Importer/Authorized Agent for supply of **following Medical Equipments**. The schedules of Tendering activities are as here under:

| Sr. No. | Tender Ref. No. & Date | Items Name | Date & Time of Pre-Bid Meeting | Last Date & Submission of Online Bids | Date & Time of Opening of Technical Bids |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | GEM/2024/B/5626442 Dated: 20-11-2024 | Automatic Auditory Brainstem Response (ABR) Screener | 25/11/2024 at 3:00 PM in Conference Hall of UPMSCL, Lucknow. | 30/11/2024 upto 14:00 PM | 30/11/2024 at 14:30 PM |
| 2 | GEM/2024/B/5611604 Dated: 20-11-2024 | ICU Ventilator | 25/11/2024 at 2:00 PM in Conference Hall of UPMSCL, Lucknow. | 06/12/2024 upto 12:00 PM | 06/12/2024 at 12:30 PM |
| 3 | GEM/2024/B/5624430 Dated: 20-11-2024 | Electocautery Machine | 27/11/2024 at 2:00 PM in Conference Hall of UPMSCL, Lucknow. | 10/12/2024 upto 17:00 PM | 10/12/2024 at 17:30 PM |
| 4 | GEM/2024/B/5624155 Dated: 20-11-2024 | Portable OT Light | 27/11/2024 at 3:00 PM in Conference Hall of UPMSCL, Lucknow. | 10/12/2024 upto 16:00 PM | 10/12/2024 at 16:30 PM |
| 5 | GEM/2024/B/5624310 Dated: 20-11-2024 | Ceiling OT Light | 27/11/2024 at 4:00 PM in Conference Hall of UPMSCL, Lucknow. | 10/12/2024 upto 17:00 PM | 10/12/2024 at 17:30 PM |
| 6 | GEM/2024/B/5624966 Dated: 20-11-2024 | CTG Machine | 28/11/2024 at 3:00 PM in Conference Hall of UPMSCL, Lucknow. | 10/12/2024 upto 18:00 PM | 10/12/2024 at 18:30 PM |
| 7 | GEM/2024/B/5624844 Dated: 20-11-2024 | Autoclave (Horizontal) | 28/11/2024 at 2:00 PM in Conference Hall of UPMSCL, Lucknow. | 10/12/2024 upto 18:00 PM | 10/12/2024 at 18:30 PM |
| 8 | GEM/2024/B/5625073 Dated: 20-11-2024 | General Operating Table | 28/11/2024 at 5:00 PM in Conference Hall of UPMSCL, Lucknow. | 10/12/2024 upto 18:00 PM | 10/12/2024 at 18:30 PM |

The details of tender notice are given on GeM Portal & UPMSCL website **www.upmsc.in**. Kindly check GeM Portal & UPMSCL website for any detail & updates.

**Managing Director, UPMSCL**

**Department of Medical Health & Family Welfare, Uttar Pradesh**

**दिल्ली जल बोर्ड : रा.रा.क्षे. दिल्ली सरकार**
"कोरोना से बचें: मास्क पहनें, दो गज की दूरी बनाए रखें, नियमित रूप से हाथ धोएं"

अल्प प्रेस नि.आ.सू. सं. 03/ईई(डी)-082/(2024-25)

| क्र. सं. | मद का नाम | निविदा राशि | धरोहर राशि | ई-प्रापण समाधान द्वारा निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | एसई(सी)-08 के अधीन एरिया में 1400 मि.मी. से 1800 मि.मी. तक अलग-अलग ट्रंक सीवर लाइन के डायामीटर्स के साथ जेल रोड ट्रंक सीवर के मेनहोल्स, लैटरल और सीवर लाइन की गाद निकालने हेतु सुपर सकर मशीनों को हायर करना। निविदा आईडी : 2024_DJB_264873_1 | रु. 86,58,922/- | रु. 1,73,178/- | 25.11.2024 को अप. 3.00 बजे तक |

अधिशासी अभियंता (डी) 082

अल्प प्रेस नि.आ.सू. सं. 37/ईई(टी)-एम 8/(2024-25)

| क्र. सं. | मद का नाम | निविदा राशि | धरोहर राशि | ई-प्रापण समाधान द्वारा निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | एसई(सी)-08 के अधीन 1600 मि.मी. से 1800 मि.मी. के डायामीटर के साथ पश्चिम दिल्ली ट्रंक सीवर्स के मेनहोल्स, लैटरल और सीवर लाइन की गाद निकालने हेतु सुपर सकर मशीनों को हायर करना। निविदा आईडी : 2024_DJB_264868_1 | रु. 49,30,104/- | रु. 98,700/- | 25.11.2024 को अप. 3.00 बजे तक |

अधिशासी अभियंता (टी) एम-08

सभी नियम व शर्तों के साथ नि.आ.सू. दि.ज.बो. की वेबसाइट https://govtprocurement.delhi.gov.in पर उपलब्ध है।
ज.सं.अधि. (जल) द्वारा जारी
विज्ञा.सं. ज.सं.वि. 47/2024-25

## काम की खबरें

**1**

### इग्नू में 30 नवंबर तक असाइनमेंट जमा कराएं

इग्नू में दिसंबर 2024 की टर्म-एंड परीक्षा के लिए ओपन डिस्टेंस लर्निंग और ऑनलाइन कार्यक्रमों के लिए 30 नवंबर तक असाइनमेंट जमा करा सकते हैं। **ignou.ac.in** से बारे में अतिरिक्त जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

**3**

### निगम ऐप पर प्रदूषण से जुड़ी शिकायतें दर्ज करें

दिल्ली में प्रदूषण की समस्या को लेकर नगर निगम ऐप 311 पर शिकायत दर्ज कर सकते हैं। इस संबंध में प्रशासन ने लोगों से प्रदूषण, स्वच्छता के साथ अन्य निगम से जुड़े नागरिक कार्यों से संबंधित समस्याओं को दर्ज करने के लिए कहा है। हेल्पलाइन नंबर 155305 पर भी कॉल करें।

**4**

### छात्रवृत्ति के लिए 31 मई तक आवेदन का मौका

शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए एससी/एसटी/ओबीसी श्रेणी के छात्र विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं के लिए ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल **https://scstwelfare.delhi.gov.in/** पर 31 मई 2025 तक आवेदन कर सकेंगे। शिक्षा निदेशालय की योजना शाखा ने निर्देश जारी किए हैं।

**5**

### आवास योजना के बारे में कॉल सेंटर से संपर्क करें

डीडीए की आवासीय योजना के फ्लैटों के पंजीकरण और बुकिंग को लेकर 1800110332 पर कॉल सेंटर पर कॉल कर सकते हैं। लोगों को नरेला, रोहिणी सेक्टर-34 व 35, सिरसपुर, लोकनायकपुरम, रामगढ़ कॉलोनी में ईडब्ल्यूएस व एमआईजी फ्लैट खरीदने का अवसर मिलेगा।

## आज का मौसम

26.0° अधिकतम | 11.0° न्यूनतम

सूर्योदय : 06:47। सूर्यास्त : 17:25

**अनुमान**

मौसम विभाग के अनुसार, आसमान में गहरी धुंध छाए रहने के आसार हैं।

## दिल्ली की सीईओ बनीं एलिस वाज

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग ने बड़ा बदलाव किया है। वरिष्ठ आईएएस अधिकारी आर एलिस वाज को दिल्ली की मुख्य चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। 2005 की आईएएस अधिकारी वाज पी. कृष्णमूर्ति की जगह लेंगी। गुरुवार को भारत निर्वाचन आयोग की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गई है। नई तैनाती मिलने के बाद अब आर एलिस वाज जल्द ही पदभार संभाल लेंगी।

## शहर 30 s

### निगम ने कई स्थानों से अतिक्रमण हटाया

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के सिटी एसपी जोन ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी मार्ग, चर्च मिशन रोड, पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, खारी बावली और आर्य समाज रोड पर अतिक्रमण के खिलाफ गुरुवार को सख्त कार्रवाई की। अभियान के तहत पांच ट्रक सामान जब्त किया गया। इस महीने अब तक करीब 53 किलोमीटर सड़क अतिक्रमण मुक्त कराने का दावा किया गया है। इस कार्रवाई के दौरान अस्थायी ढांचे और चबूतरे हटाए गए।

### शोध को बढ़ावा देने के लिए एम्स से समझौते

**नई दिल्ली।** एम्स दिल्ली और ब्रिटेन के मशहूर विश्वविद्यालय यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ लंदन अब तक मिलकर चिकित्सा क्षेत्र में 30 से अधिक अध्ययन प्रकाशित कर चुके हैं। एम्स में गुरुवार को यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ लंदन की टीम ने अपने दौरे के दौरान यह जानकारी दी। दोनों संस्थानों ने शोध कार्यों को बढ़ावा देने और चिकित्सा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए कई नए समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके लिए दोनों संस्थानों की टीम हर साल बैठक करेगी।

### मिड टर्म परीक्षा की तारीख में बदलाव किया

**नई दिल्ली।** शिक्षा निदेशालय ने राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय शिक्षा संस्थान के छात्रों की मिड टर्म परीक्षा, यूनिट टेस्ट और प्री बोर्ड परीक्षा के संबंध में सूचना जारी की है। छात्रों की मिड टर्म परीक्षा की तारीख में बदलाव किया गया है। नौ दिसंबर की जगह अब परीक्षा छह दिसंबर से शुरू होकर 21 दिसंबर को समाप्त होगी। प्री बोर्ड परीक्षा अगले वर्ष फरवरी-मार्च में आयोजित होगी।

### पुराने किले में फोटो प्रदर्शनी का आयोजन

**नई दिल्ली।** विश्व विरासत सप्ताह के उपलक्ष्य में विश्व धरोहर स्थलों पर पुराना किला में फोटो प्रदर्शनी आयोजित की गई है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के दिल्ली मंडल द्वारा इसका आयोजन किया गया है। यह प्रदर्शनी 25 नवंबर तक चलेगी। इसमें लोग विरासत के बारे में जानकारी हासिल कर सकते हैं। इसके लिए विभाग की वेबसाइट पर तमाम सूचनाएं उपलब्ध हैं।

### हजरत निजामुद्दीन दरगाह के नजदीक अवैध होटल मामले में अदालत ने आदेश दिए

# दिल्ली में जमीन का सर्वे कराकर अधिकार क्षेत्र तय करें : हाईकोर्ट

**अदालत से**

■ हेमलता कौशिक

**नई दिल्ली।** हजरत निजामुद्दीन दरगाह के नजदीक बने एक अवैध होटल ने कई विभागों की पोल खोलकर रख दी है। दिल्ली उच्च न्यायालय को सरकारी महकमों की जिम्मेदारी एक-दूसरे के पाले में फेंकने की आदत के मद्देनजर एक महत्वपूर्ण आदेश देना पड़ा।

उच्च न्यायालय ने उपराज्यपाल को पूरी दिल्ली के सर्वेक्षण का दायरा बढ़ाने को कहा है, जिससे कि डीडीए, एमसीडी और अन्य विभागों की जमीन के अधिकार क्षेत्र का सीमांकन सुनिश्चित किया जा सके। मुख्य न्यायाधीश मनमोहन एवं न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने अपने आदेश में कहा है कि उपराज्यपाल पूरी दिल्ली के सर्वेक्षण का दायरा बढ़ाने पर विचार करें।

### नगर निगम द्वारा सील होटल की बिक्री हो गई



याचिकाकर्ता ने दरगाह के नजदीक दो मंजिला होटल के अवैध निर्माण और अतिक्रमण की शिकायत तीन नवंबर 2023 को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) से की थी। एएसआई ने तत्काल इस होटल के निर्माण कार्य पर रोक का नोटिस जारी किया। एमसीडी ने दो मंजिला भवन को सील कर दिया, लेकिन इसके बावजूद इस होटल में तीसरी, चौथी और पांचवी मंजिल का निर्माण हो गया। उच्च न्यायालय के समक्ष यह जनहित याचिका सामने आने पर चौंकाने वाला तथ्य पता चला कि पहले मालिक ने एमसीडी द्वारा होटल को सील करने के बावजूद इसे दूसरे व्यक्ति को बेच दिया था, जिसने तीन अतिरिक्त मंजिल का निर्माण जारी रखा।

### वक्फ बोर्ड का दावा : भूमि कब्रिस्तान और मकबरे की

वक्फ बोर्ड ने इस जमीन पर अपना दावा किया है। वक्फ बोर्ड का कहना था कि यह जमीन उसके अधिकार क्षेत्र में आती है। यह कब्रिस्तान और मकबरे की जमीन है। इस पर कोर्ट ने कहा कि यहां कोई मकबरा या कब्रिस्तान नहीं है बल्कि यहां होटल बना हुआ था। छानबीन के दौरान पता चला कि यह जमीन डीडीए की है। डीडीए और निगम इस मामले में एक-दूसरे की जमीन होने की बात कह रहे थे।

### सीबीआई को जांच की जिम्मेदारी सौंपी

इस मामले की सुनवाई के दौरान होटल मालिक ने याचिकाकर्ता पर आरोप लगाया कि वह आदतन इस तरह के मामले उठाता रहता है। वह इस तरह की जमीन पर अवैध निर्माण के नाम पर लोगों से अवैध वसूली करता है। पीठ ने इस मामले में तमाम तरह की उलझनों को देखते हुए मामले की जांच दिल्ली पुलिस से लेकर सीबीआई को सौंप दी। सीबीआई ने इस मामले में एमसीडी के कई अभियंताओं, होटल मालिक और याचिकाकर्ता के खिलाफ अहम साक्ष्य पीठ के समक्ष पेश किए हैं। पीठ ने सीबीआई से कहा है कि वह जांच पूरी कर इस मामले की अगली तारीख पर इनके खिलाफ मुकदमा तैयार कर सीलबंद लिफाफे में रिपोर्ट पेश करे।

## सिख दंगों के 47 पीड़ितों को एलजी ने नियुक्ति प्रस्ताव दिए

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने सिख विरोधी दंगों के 47 पीड़ितों को नियुक्ति के प्रस्ताव वितरित किए।

पश्चिमी दिल्ली के तिलक विहार इलाके में नियुक्ति प्रस्ताव बांटने के मौके पर उन्होंने कहा कि दंगा पीड़ितों की विधवाओं के आवास वाली कॉलोनी का नाम निवासियों के सुझाव के अनुसार बदला जाएगा। एलजी ने दंगा पीड़ितों की नियुक्तियों के बचे हुए 437 आवेदनों के शीघ्र सत्यापन के लिए विशेष शिविर आयोजित करने के भी निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग इन आवेदनों को यथाशीघ्र निस्तारित करे। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने कहा कि दंगा पीड़ितों की आवास वाली विशिष्ट कॉलोनी को दुखद रूप से विधवा कॉलोनी कहा जाता रहा है, स्थानीय निवासियों से सुझाव लेकर इसका नाम बदला जाएगा।

## पिटबुल कुत्ते ने किशोरी को काटा, मामला दर्ज

**नई दिल्ली, कार्यालय संवाददाता।** विवेक विहार के ज्वाला नगर इलाके में एक किशोरी को पिटबुल कुत्ते ने काट लिया। वह 11वीं की छात्रा है। आरोप है कि कुत्ते की मालकिन ने खुद अपने कुत्ते को उस पर हमला करने के लिए उकसाया, जिसके बाद पिटबुल ने किशोरी का बायां हाथ जबड़े से पकड़ लिया। बाद में मालकिन ने ही किशोरी का हाथ कुत्ते से छुड़वाया।

विवेक विहार पुलिस ने किशोरी के बयान पर बुधवार को मामला दर्ज किया है। किशोरी के पिता का आरोप है कि महिला दोनों कुत्तों को अक्सर गली में खुला छोड़ देती है। 16 वर्षीय पीड़ित मुस्कान ज्वाला नगर इलाके में रहती है। मंगलवार रात करीब 7.40 बजे वह पड़ोस की दुकान पर सामान लेने गई थीं। पड़ोस में ही रहने वाली सोना नाम की महिला ने दो पिटबुल कुत्ते पाले हुए हैं। उन्हीं में एक कुत्ता मुस्कान पर भौंकने लगा। मुस्कान ने आंटी को आवाज लगाई तो आंटी उल्टा उनसे कहने लगी कि यह तुम्हें जान से थोड़ी मार रहा है। इतना ही नहीं मुस्कान का आरोप है कि महिला ने अपने एक कुत्ते को इशारा करके हंसते हुए बोली कि मैक्स पकड़ ले इस लड़की को। इसके बाद कुत्ते ने किशोरी पर हमला कर दिया।

OPEN FOR ALL INDIA NEET QUALIFIED CANDIDATES
NOTIFICATION
LAST OPPORTUNITY FOR MBBS ADMISSION
ONLINE COUNSELING OF UP NEET UG - 2024
THROUGH SPECIAL STRAY VACANCY ROUND
REGISTRATION OPEN
22 Nov to 25 Nov 2024 (till 11:00 am)
MBBS
For Registration & Information visit Govt. of U.P. website
https://upneet.gov.in & www.dgme.up.gov.in
Admissions Strictly Through UP NEET UG Counseling
Preference will be given to Jain Candidates
CONTACT
Teerthanker Mahaveer Medical College
(Recognized by Govt. of India)
09568518000, 09568519000
director.admin@tmu.ac.in
Accredited with NAAC A Grade
12-B Status from UGC

## आबकारी नीति मामले में सुनवाई पर रोक से इंकार

■ पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल के खिलाफ सुनवाई पर फिलहाल रोक लगाने से गुरुवार को इनकार कर दिया।

केजरीवाल दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 से जुड़ी अनियमितताओं के मामले में आरोपी हैं। अदालत ने केजरीवाल की याचिका पर ईडी को नोटिस जारी किया है। न्यायमूर्ति मनोज कुमार ओहरी की पीठ ने केजरीवाल की उस याचिका पर जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब मांगा है, जिसमें आरोपपत्र पर संज्ञान लिए जाने के निचली आदेश को चुनौती दी गई है। केजरीवाल ने निचली अदालत के आदेश को खारिज करने का अनुरोध किया है। उनकी तरफ से दलील दी गई है कि कथित अपराध के समय वह लोकसेवक थे। विशेष अदालत ने उनके खिलाफ सुनवाई के लिए किसी मंजूरी के बिना आरोपपत्र पर संज्ञान लिया।

## राजधानी के अस्पतालों में 232 डॉक्टर तैनात होंगे

**हि जॉब्स**

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** दिल्ली सरकार ने अपने अस्पतालों में यूपीएससी द्वारा चयनित 232 डॉक्टरों की नियुक्ति का फैसला लिया है। मुख्यमंत्री आतिशी ने इसके लिए हरी झंडी दे दी है। आप सरकार का यह फैसला दिल्ली के सरकारी अस्पतालों के लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित होगा।

इस फैसले से अस्पतालों में चिकित्सा सेवाएं मजबूत होंगी और मरीजों को समय पर इलाज मिलने में मदद मिलेगी। यह जानकारी साझा करते हुए मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि दिल्ली सरकार स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार लाने के साथ मरीजों को बेहतर इलाज मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में काम करते हुए दिल्ली सरकार ने बीमार अस्पतालों को विश्वस्तरीय बनाने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि मोहल्ला क्लीनिक के जरिए घर के पास ही लोगों को उपचार मुहैया कराया जा रहा है। अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में दिल्लीवालों को बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाएं मिली हैं।

## फीस बढ़ने से छात्र परेशान : विजेंद्र

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने राजधानी के तकनीकी शिक्षण संस्थानों में फीस वृद्धि को लेकर आम आदमी पार्टी सरकार की आलोचना की है।

गुप्ता ने सीएम को पत्र लिखकर फीस में कमी करने की मांग की है। गुप्ता ने कहा कि महंगी फीस के चलते पढ़ाई छात्रों की पहुंच से बाहर हो रही है। बढ़ी फीस के कारण वे दाखिला लेने से कतरा रहे हैं।

## स्कूलों में कोचिंग शिविर लगाएंगे

**नई दिल्ली, का. सं.।** गुरुवार को कोचिंग शिविर आयोजित करने के निर्देश जारी किए। शिक्षा निदेशालय की खेल शाखा ने 68वें राष्ट्रीय स्कूल खेल के संबंध में कोचिंग शिविर के आयोजन को लेकर सर्कुलर जारी किया है।

अंडर 14, 17 और 19 वर्ष की लड़कियों को बदरपुर स्थित जीबीएसएसएस नंबर-2 में 23 नवंबर और लड़कों को 24 नवंबर को चयन प्रशिक्षण कम कोचिंग शिविर में हिस्सा लेंगे।

## चहल ने जनपथ का निरीक्षण किया

**नई दिल्ली, व. सं.।** एनडीएमसी के उपाध्यक्ष कुलजीत चहल ने गुरुवार को जनपथ मार्केट का निरीक्षण कर समस्याओं के बारे में जानकारी ली।

इस दौरान ओल्ड मिनी मार्केट जनपथ एसोसिएशन, जनपथ ट्रेडर्स एसोसिएशन और जनपथ भवन ट्रेडर्स एसोसिएशन की ओर से उनका स्वागत किया गया और मार्केट की समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। व्यापारियों ने लाइसेंस नवीनीकरण को लेकर अपनी समस्याएं बताईं।



Creative Visualization. Terms and Conditions Apply. New Packaging Design as compared to the old pack. Garg R et al. Int J Reprod Contracept Obstet Gynecol. 2018 Jun;7 (6):2222-2225. Applicable for women over age 30. Refer to pack for details.*Applicable for walk-in tests at all Apollo Diagnostic Centers and selected Apollo Clinics Additional ₹50 to be charged for home sample collections. Price may vary across cities. Offer valid from 10th Nov 2024 to 31st Dec 2024.



*बैंक, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां, भुगतान प्रणाली सहभागी, प्रीपेड इन्स्ट्रूमेंट, क्रेडिट सूचना कंपनियां
**सीआरपीसी: भारतीय रिज़र्व बैंक, सेक्टर 17, चंडीगढ़-160017.

# अदालती अवमानना पर बीकानेर हाउस की कुर्की के आदेश

**सख्ती**



राजधानी दिल्ली स्थित बीकानेर हाउस। • सोनू मेहता

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** दिल्ली स्थित हिमाचल भवन के बाद अब बीकानेर हाउस की कुर्की का आदेश जारी हुआ है। पटियाला हाउस कोर्ट ने अपने पूर्व के आदेश पर अमल न होने के बाद यह फैसला सुनाया है। बता दें कि, बीकानेर हाउस का मालिकाना हक राजस्थान नगर पालिका नोखा के पास है।

राजस्थान की नोखा नगर पालिका और एनवायरो इंफ्रा इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड के बीच विवाद के बाद मध्यस्थता केन्द्र में एक समझौता हुआ था। दरअसल, पटियाला हाउस कोर्ट ने एनवायरो इन्फ्रा इंजीनियर्स के बीच विवाद के बाद राजस्थान नगर पालिका नोखा को 50 लाख 31 हजार रुपये भुगतान करने का आदेश दिया था। अदालत ने ये आदेश 21 जनवरी 2020 को जारी किया था। इसके बावजूद नोखा नगर पालिका ने कंपनी को भुगतान नहीं किया।

इसके बाद अदालत ने अपने नए आदेश में कहा कि नोखा नगर पालिका अदालत के अगले आदेश तक बीकानेर हाउस को लेकर कोई फैसला न ले। अब इस मामले में अगली सुनवाई 29 नवंबर को होगी। उस दिन बीकानेर हाउस की बिक्री से जुड़ी शर्तों और बाकी प्रक्रियाओं पर फैसला लिया जाएगा।

**संपत्ति को बेच नहीं सकते :** अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि नोखा नगर पालिका संपत्ति को ना बेच सकती है और ना ही उपहार या अन्य तौर पर इसे किसी और को हस्तांतरित कर सकती है। न्यायाधीश ने नोखा नगर पालिका के प्रतिनिधि को 29 नवंबर को अगली सुनवाई में अदालत में पेश होने का निर्देश दिया है। अदालत ने यह भी कहा कि अगली तारीख पर नोखा नगर पालिका का प्रतिनिधि अपना पक्ष रखने का अधिकारी भी होगा। वह अपने तर्कों को दस्तावेजी साक्ष्यों के साथ पेश कर सकता है। अदालत ने कहा कि हालांकि, यह आदेश पुख्ता तथ्यों के आधार पर जारी रहेगा।

**आजादी के समय बन गया खास अड्डा :** बीकानेर हाउस आजादी के समय शाही परिवारों का खास अड्डा बन गया था। राजपरिवारों के भारत में विलय नीति को लेकर यहां कई महत्वपूर्ण बैठकें हुईं। राजस्थान के साथ-साथ अन्य राजघराने भी यहां चर्चा के लिए पहुंचते थे और विलय नीति पर वार्ता होती थी। बाद में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने इसे हेरिटेज बिल्डिंग का दर्जा दिया। 18 नवंबर 2015 को बीकानेर हाउस को जनता के लिए खोल दिया गया।

### ब्रिटिश और राजपूताना शैली के साथ बना

बीकानेर हाउस का इतिहास समृद्ध है। इसका निर्माण बीकानेर रियासत के महाराजा गंगा सिंह के शासनकाल में हुआ था। तब इसके निर्माण में ब्रिटिश शैली के साथ-साथ राजपूताना शैली का भी इस्तेमाल किया गया। छत्र शैली के गुंबद बनाए गए और निजी कमरों के साथ अतिथि कक्ष और महिलाओं के लिए कमरे बनाए गए। 18 फरवरी, 1929 को बीकानेर हाउस को भव्य गृह प्रवेश के आयोजन के साथ खोला गया।

## शहर 30s

### एनएसयूआई का विरोध-प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) ने गुरुवार दिन में शास्त्री भवन तक विरोध मार्च निकालकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी ने कहा कि हमारे देश के छात्र और युवा गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। छात्रवृत्ति में कमी हो रही है। शिक्षा ऋण में कोई राहत नहीं है। युवा बेरोजगार हैं। हम अपनी मांगों को लेकर यहां एकजुट हुए हैं।

### 'रेहड़ी वालों की आजीविका सुरक्षित करेंगे'

**नई दिल्ली।** दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने गुरुवार को कहा कि अगर आगामी विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की सरकार बनती है तो सबसे पहला काम रेहड़ी-पटरी वालों की आजीविका को सुरक्षित करने का किया जाएगा। न्याय यात्रा के दौरान उन्होंने 32 विधानसभा क्षेत्रों में पैदल चलते हुए सड़क की पटरी पर खोमचा लगाकर अपना कारोबार करने वालों से बात की।

### दिल्ली से अपहृत किशोरी हल्द्वानी में मिली

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने लोधी कॉलोनी से अपहृत हुई 17 वर्षीय एक किशोरी को उत्तराखंड के हल्द्वानी से बरामद किया है। नौ नवंबर को किशोरी को आरोपी अपने साथ बहलाफुसला कर ले गया था। किशोरी के गायब होने की सूचना परिजनों ने लोधी कॉलोनी थाने में बीते नौ नवंबर को दी थी। पुलिस को जांच के दौरान किशोरी के उत्तराखंड में होने का पता चला था।

### कोरोनाकाल में दर्ज प्राथमिकी रद्द नहीं :कोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने वर्ष 2021 में कोरोनाकाल की दूसरी लहर के दौरान कथित तौर पर खराब और घटिया ऑक्सीजन कंसंट्रेटर को ऊंचे दामों पर बेचने के आरोप में एक फर्म और उसके अधिकारियों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने से इनकार कर दिया है। न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा की पीठ ने कहा कि ऐसे चरण में कार्यवाही को रद्द करना उचित नहीं है।

### धोखाधड़ी मामले में आरोपी को कोर्ट से जमानत

**नई दिल्ली।** श्री राज महल ज्वैलर्स के पूर्व निदेशक प्रवीण कुमार गुप्ता को करोड़ों रुपये के कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में अदालत ने अग्रिम जमानत दी। जिला न्यायाधीश अंजू बजाज चांदना ने आदेश देते हुए कहा कि जमानत देने से इनकार करना और आरोपी को जांच अधिकारी के विवेक पर छोड़ना शक्तियों का दुरुपयोग हो सकता है।

### रास्ता मांगने पर प्रॉपर्टी डीलर की पिटाई

**नई दिल्ली।** महेंद्र पार्क इलाके में हॉर्न बजाकर रास्ता मांगने पर बदमाशों ने कार सवार एक प्रॉपर्टी डीलर और उसके भाई की पिटाई कर दी। पीड़ितों ने यह आरोप भी लगाया कि मारपीट के दौरान बदमाशों ने उनसे नगदी, सोने की चेन और अंगूठी भी लूट ली। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। भडोला गांव निवासी अमित ने बताया कि वह प्रॉपर्टी डीलर का काम करते हैं। 18 नवंबर की रात वह अलीपुर में एक समारोह में शामिल होने के बाद कार से घर आ रहे थे।

### गोगी गिरोह को हथियार मुहैया कराने वाले धरे

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने गोगी गिरोह को हथियार मुहैया कराने वाले स्लीपर सेल के दो तस्करों समेत चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 13 अत्याधुनिक स्वचालित पिस्तौल, एक रिवॉल्वर, दो मैगजीन के साथ 34 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपियों में दिल्ली के खेड़ा कलां निवासी दीपक शर्मा उर्फ मांडू, वीर सिंह उर्फ आकाश और दीपक मुदगल उर्फ पंछी और खेड़ा खुर्द निवासी सागर राणा शामिल है।

### किराए पर बैंक खाते देने वाले दो आरोपी दबोचे

**नई दिल्ली।** ठगों को बैंक खाते उपलब्ध कराने वाले दो बदमाश को दक्षिण-पश्चिमी जिला के साइबर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों देवराज कपूर और फतेह सिंह के पास से दो स्मार्टफोन, चेक बुक और कई बैंक खातों की जानकारी मिली है। आरोपियों के पास से बरामद मोबाइल में अपराध साबित करने वाले सुबूत मौजूद हैं। पुलिस उपायुक्त सुरेन्द्र चौधरी ने बताया कि अप्रैल में ग्रीन पार्क में रहने वाले एक शख्स ने पुलिस को शिकायत दी थी।

**सतर्कता :** एक जनवरी से 11 नवंबर तक साइबर अपराध के कुल चौदह लाख से ज्यादा मामले दर्ज हुए

# व्यापार मेले में साइबर अपराधों से बचने के गुर सीख रहे लोग

अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला iitf 2024

■ राजीव शर्मा

**नई दिल्ली।** देश में बढ़ रहे साइबर अपराध को लेकर लोगों की चिंता बढ़ रही है। उनकी यह चिंता भारत मंडपम में आयोजित अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में भी झलक रही है। लोग ऐसी धोखाधड़ी से बचने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय की संस्था इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर (आईसीसीसीसी) के स्टॉल पर पहुंचकर साइबर अपराध से बचने के लिए जानकारी ले रहे हैं।

इस स्टॉल पर रोजाना तकरीबन 200 से 250 लोग साइबर अपराध की शिकायत के लिए काम करने वाले मोबाइल ऐप डाउनलोड कर रहे हैं और सोशल मीडिया के अन्य प्लेटफार्म पर आईसीसीसीसी को फॉलो कर रहे हैं। साथ ही 600 से 700 लोग जागरुकता के लिए जानकारी ले रहे हैं। इनमें हर आयु वर्ग के लोग शामिल हैं।

### आरोपी ऐसे करते हैं ठगी

- निवेश कराकर ज्यादा मुनाफे का झांसा देते हैं
- पार्ट टाइम नौकरी और तत्काल लोन देने के नाम पर
- डिजिटल अरेस्ट करने का दावा करके अंजाम दे रहे
- फेक डेटिंग प्रोफाइल बनाकर दोस्ती करने के नाम पर
- बीमा या अन्य किसी मद में आपका फंसा हुआ पैसा वापस दिलाने के नाम पर।
- गेमिंग एप के जरिए।
- विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देकर जाल में फंसाते हैं



दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित व्यापार मेले के हॉल नंबर एक में गुरुवार को साइबर क्राइम से बचने के उपाय को लेकर जानकारी लेते लोग। • हिन्दुस्तान

मौजूदा समय में साइबर अपराध ज्यादा बढ़े हैं। इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर के मुताबिक, इस साल एक जनवरी से लेकर 11 नवंबर तक 14,41,717 साइबर अपराध की शिकायतें दर्ज की जा चुकी है। डिजिटल गिरफ्तारी की धोखाधड़ी में फंसकर लोग गाढ़ी कमाई गंवा रहे हैं। वर्ष 2024 की पहली तिमाही में डिजिटल गिरफ्तारी के जरिए साइबर अपराधियों के चंगुल में फंसे लोगों ने 120.3 करोड़ रुपये गंवाए हैं। पूरे साल में यह आंकड़ा 400 से 500 करोड़ के बीच पहुंचने का अनुमान है। ऐसे में लोगों में इस तरह के अपराध को लेकर चिंता भी सबसे ज्यादा बढ़ रही है। तमाम एहतियात बरतने के बावजूद लोगों के बैंक खातों में सेंध लग रही है और एक झटके में साइबर अपराधी लाखों रुपये खातों से निकाल लेते हैं।

**झारखंड की मुख्य सचिव ने उत्साह बढ़ाया :** व्यापार मेले के झारखंड पवेलियन में गुरुवार को झारखंड की मुख्य सचिव अलका तिवारी पहुंचीं। उन्होंने पवेलियन में स्थापित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्प सुमन अर्पित किए। इसके बाद पवेलियन में झारखंड की पारंपरिकता, लोक कला, सरकार के विभाग और स्थानीय उत्पादों की 14 स्टॉल का निरीक्षण किया।

### ये सवाल पूछे

- **साइबर अपराध होने पर थानों के चक्कर काटने पड़ते हैं। हेल्पलाइन नंबर क्या है?** ऐसे मामले में आईसीसीसीसी के टोल फ्री नंबर 1930 पर कॉल करें। इसके माध्यम से संबंधित थाने से कनेक्ट कराया जाता है।
- **पीड़ित का बैंक खाता सीज क्यों कर दिया जाता है?** एक बार डिजिटल ठगी होने पर दोबारा होने की संभावना बढ़ जाती है, इसलिए पीड़ित के खाते को भी सीज कर दिया जाता है ताकि दोबारा रकम न निकल सके।
- **ठगी का प्रयास होने पर भी शिकायत करें या नहीं।** अगर साइबर ठगों से बच गए हैं तो उनके भेजे लिंक, ई-मेल को www. cybercrime.gov.in पर शेयर करें, ताकि सुरक्षा एजेंसी उन्हें ट्रेस कर सके या ब्लॉक करा सके।
- **साइबर ठगी से बचाव कैसे करें।** किसी भी अनजान व्यक्ति के मुनाफा कमाने, नौकरी दिलाने समेत किसी लालच में न आएं और उनके भेजे गए किसी लिंक को न खोलें। अपने बैंक खाते की डिटेल या ओटीपी शेयर न करें।
- **निवेश करने पर मुझे 32 डॉलर मिले, क्या यह साइबर ठगी है।** यह ठगों की ओर से दिया गया लालच हो सकता है। विश्वास जीतकर ज्यादा रकम निवेश कराने के नाम पर ठगी हो सकती है।

## चाकू से गोदकर युवक की हत्या

**नई दिल्ली, प्र.सं.।** समयपुर बादली इलाके में बुधवार रात भाई की पिटाई के दौरान बीच-बचाव करने गए शख्स की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। वारदात को अंजाम देने के बाद पड़ोसी युवक अपने दो भाइयों के साथ फरार हो गया। पुलिस ने केस दर्ज कर मुख्य आरोपी और उसके एक भाई समेत दो को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक अन्य आरोपी अभी फरार है।

लल्लन समयपुर बादली के सूरज पार्क के जेजे कैंप में रहता था। बुधवार रात करीब साढ़े दस बजे पुलिस को समयपुर बादली मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर दो के पास झगड़े की सूचना मिली थी।

## भजनपुरा में दुकान के बाहर फायरिंग

**नई दिल्ली, का.सं.।** भजनपुरा इलाके में स्थित एक कारोबारी की दुकान के बाहर बुधवार रात गोलीबारी का मामला सामने आया है। वारदात को दो युवकों ने अंजाम दिया है। गनीमत यह रही कि गोलीबारी के दौरान किसी को गोली नहीं लगी।

आरोपी हवाई गोलीबारी करते हुए मौके से फरार हो गए। इसके बाद पीड़ित दुकानदार ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने जागृति एनक्लेव निवासी जितेंद्र गुप्ता की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अलावा क्राइम टीम दुकान के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर आरोपियों की पहचान करने की कोशिश कर रही है।

# डिजिटल अरेस्ट मामले में तीन दबोचे

**शिकंजा**

**नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता।** दक्षिणी पश्चिमी जिला पुलिस की साइबर थाना पुलिस ने डिजिटल अरेस्ट कर धोखाधड़ी करने वाले तीन जालसाजों को गिरफ्तार किया है। आरोपी ठगी करने वाले गिरोह को बैंक खाते भी उपलब्ध कराते थे। आरोपियों में तासिम अहमद, अमन शर्मा और धर्मेश चंदूलाल शामिल है। इन्होंने एक महिला को चार घंटे डिजिटल अरेस्ट कर दो लाख रुपये ठगे थे।

पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि पीड़िता अपने परिवार के साथ महावीर एनक्लेव इलाके में रहती है। वह एक कंपनी में ग्राफिक डिजाइनर के रूप में काम करती है। पुलिस को दी शिकायत में पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने एक कुरियर कंपनी का कर्मचारी बनकर कॉल की थी।

कॉल करने वाले आरोपी ने कहा था कि आपके नाम से एक पार्सल आया है। उसमें ड्रग्स सहित अन्य अवैध सामान है। आरोपी ने मनी लान्ड्रिंग का भी डर दिखाया। इसके बाद एक शातिर ने खुद को मुंबई क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताकर महिला से बात की। आरोपी ने कहा कि आपकी पहचान आइडी से कई बैंक खाते संचालित किए जा रहे हैं। इनका उपयोग मनी लान्ड्रिंग में किया जा रहा है।

### बुजुर्ग से 32 लाख ठगे

**नई दिल्ली, व.सं.।** दक्षिणी पश्चिमी जिला के साइबर थाना पुलिस ने 78 वर्ष के बुजुर्ग को डिजिटल अरेस्ट कर 32 लाख रुपये की ठगी करने वाले जालसाज को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने बुजुर्ग पर ड्रग्स तस्करी में संलिप्त होने का आरोप लगाकर वारदात को अंजाम दिया। आरोपी नंबूरी अजय कुमार के पास से पुलिस ने एक मोबाइल बरामद किया है। जिसका इस्तेमाल ठगी के लिए किया जाता था। पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि वसंत विहार निवासी एक व्यक्ति ने आनलाइन शिकायत दर्ज कराई थी।

## बुर्का पहनकर आरोपी कोर्ट पहुंचा

**नई दिल्ली, प्र.सं.।** रानी बाग में कथित फायरिंग की घटना के आरोपी ने पटियाला हाउस कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया है। सूत्रों के अनुसार, इस साल अक्तूबर में हुई घटना के बाद से फरार चल रहा आरोपी सुहैल बुर्का पहनकर अदालत पहुंचा। उसने मंगलवार को कोर्ट में आत्मसमर्पण के लिए अर्जी दी थी। उसके बाद वह पटियाला हाउस अदालत में चीफ मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश हुआ।

आरोपी को सात दिन की हिरासत में लिया है। सुहैल और उसके दो साथियों पर 26 अक्तूबर को दिल्ली सरस्वती विहार में एक व्यवसायी के घर पर कई राउंड फायरिंग करने का आरोप है।

# सीएम आवास के मुद्दे पर भाजपा का प्रदर्शन

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** सिविल लाइंस स्थित मुख्यमंत्री आवास के मुद्दे पर गुरुवार को भाजपा ने पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल के फिरोजशाह रोड स्थित आवास के पास प्रदर्शन किया।

भाजपा ने आरोप लगाया कि सिविल लाइंस स्थित सीएम आवास पर जनता की गाढ़ी कमाई लगाई गई है। भाजपा ने भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए मामले की जांच की मांग की है। फिरोजशाह रोड पर बैरिकेडिंग लगाकर प्रदर्शनकारियों को रोका गया। पुलिस ने कुछ देर के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं को हिरासत में भी लिया। भाजपा कार्यकर्ता अशोक रोड पर एकत्र हुए और फिर फिरोजशाह रोड की तरफ चले। फिरोजशाह रोड पर पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर भाजपा कार्यकर्ताओं को रोक दिया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सीएम आवास भ्रष्टाचार का प्रतीक बन गया है।

पीडब्ल्यूडी की इन्वेंटरी से भी भ्रष्टाचार का मामला सामने आ रहा है। पहले एक पेज की इन्वेंटरी थी जो बाद में आठ पेज की हो गई। इस दौरान पीडब्ल्यूडी ने सीएम आवास में कोई काम नहीं किया। भाजपा जानना चाहती है कि यहां खर्च किया गया धन कहां से आया। सचदेवा ने आरोप लगाया कि आप सरकार के समय आबकारी, जल बोर्ड और बिजली घोटाला हुआ है।



पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल के आवास के बाहर प्रदर्शन करते भाजपा नेता। • हिन्दुस्तान

# शादियों में चोरी करने वाला बैंडबाजा बारात गैंग पकड़ा

**नई दिल्ली, प्र.सं.।** दिल्ली पुलिस ने हाई प्रोफाइल शादियों में चोरी करने वाले 'बैंड बाजा बारात गैंग' का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह के चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

जांच में सामने आया कि गिरोह शादियों में चोरी करने के लिए महिलाओं और बच्चों का इस्तेमाल करता था। इनके कब्जे से पुलिस ने पांच मोबाइल फोन व 13 सिम कार्ड बरामद किए हैं। देश के कई हिस्सों में हुई वारदात में इन बदमाशों को भगोड़ा भी घोषित किया जा चुका है।

क्राइम ब्रांच के मुताबिक शादी का सीजन शुरू होने पर एक टीम को हाई-प्रोफाइल शादी समारोहों के दौरान चोरी करने वाले गिरोह के बदमाशों की धर-पकड़ में लगाया था। टीम ने गिरोह का पर्दाफाश कर घिटोरानी मेट्रो स्टेशन के पास से चार सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों में राज कुमार उर्फ राजू, सुमित, मोहित और करण शामिल है। मध्य प्रदेश निवासी राज कुमार गिरोह का मास्टरमाइंड है। वह शादियों में चोरी की वारदातें करने के लिए अपने गांव के लड़कों को लेकर आता था।

## दस्तावेज जांचने का झांसा देकर फंसाया

**नई दिल्ली, व.सं.।** दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली जिला के साइबर थाना पुलिस ने दो साइबर अपराधियों को छत्तीसगढ़ से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में लोचन प्रसाद और विकास शामिल है। फिलहाल पुलिस ने आरोपियों को जेल भेज दिया है।

पुलिस उपायुक्त सुरेन्द्र चौधरी ने बताया कि 24 अक्तूबर को वसंत एनक्लेव निवासी एक बुजुर्ग ने शिकायत दी थी। पीड़ित ने बताया था कि उसे एक अज्ञात शख्स का कॉल आया था। कॉलर ने खुद को ग्वालियर का ट्रेजरी अधिकारी बताते हुए दस्तावेज जांच कराने के लिए कहा था।

# मानदंड बनाने में जुटे निजी स्कूल

नर्सरी दाखिला

**नई दिल्ली, कार्यालय संवाददाता।** दिल्ली के निजी स्कूलों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए नर्सरी, केजी और पहली कक्षा में दाखिले को लेकर 28 नवंबर से आवेदन प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। इसके लिए 100 अंकों के मानदंड तैयार किए जा रहे हैं।

निदेशालय ने स्कूलों को 25 नवंबर तक अपनी वेबसाइट और शिक्षा निदेशालय के मॉड्यूल पर मानदंडों को अपलोड करने का समय दिया है। इसमें नेबरहुड (अड़ोस-पड़ोस), सिंगल पैरेंट (एकल अभिभावक), सिंगल चाइल्ड (एक बच्चा), एल्युमनी चाइल्ड (पूर्व छात्र का बच्चा), गर्ल्ड चाइल्ड (लड़की) सहित कई मानदंड को शामिल किया जा सकता है। इसमें सबसे ज्यादा अंक नेबरहुड के लिए तय किए जाएंगे। वहीं, अन्य के पांच से 10 अंक के बीच रहने की संभावना जताई जा रही है।

इसके अलावा स्कूलों को 13 दिसंबर तक नर्सरी, केजी और पहली कक्षा की उपलब्ध कुल सीटों की जानकारी भी सार्वजनिक करनी होंगी। 25 फीसदी सीट आर्थिक पिछड़ा वर्ग/वंचित वर्ग के लिए आरक्षित रखनी होगी।

### इन पर प्रतिबंध लगाया

निजी स्कूल में दाखिले के लिए प्रतिबंधित मानदंडों को शामिल नहीं कर सकेंगे। इसको लेकर 50 मानदंडों की सूची पहले से जारी हो रखी है। इसमें स्कूल अभिभावकों की शिक्षा, दाखिले के लिए साक्षात्कार, संयुक्त परिवार, कौन सा पेशा, पहले आओ, पहले पाओ, माता-पिता कार्यरत या नहीं, स्थानांतरण नौकरी, सरकारी कर्मचारी सहित कई दूसरे मानदंड शामिल है। अगर स्कूल इनमें से प्रतिबंधित मानदंडों को दाखिले का आधार बनाता है तो उस पर कार्रवाई की जाएगी।

# करोड़ों रुपये की प्रतिबंधित दवा समेत दो लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने करीब चार की करोड़ रुपये की प्रतिबंधित दवा एमडीएमए और एक्स्टसी की खेप समेत दो अंतरराष्ट्रीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, जब्त किए गए नशीले पदार्थ देश के बाहर से कूरियर के माध्यम से मंगाए गए थे।

गिरफ्तार आरोपियों में संतन गोस्वामी और नाइजीरियन मूल का इकेचुकु शामिल है। पूछताछ में खुलासा हुआ कि प्रतिबंधित दवा दिल्ली-एनसीआर के अलावा हिमाचल से लेकर गोवा तक फैले नेटवर्क में भेजी जा रही थी। क्राइम ब्रांच को सूचना मिली थी कि लोनी निवासी संतन गोस्वामी प्रतिबंधित एमडीएमए, एक्स्टसी और कोकीन की तस्करी कर रहा है। इसके बाद टीम ने गोल मार्केट इलाके में कालीबाड़ी अपार्टमेंट के पास से संतन गोस्वामी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने केस दर्ज कर छतरपुर से नाइजीरियन मूल के इकेचुकु को दबोच लिया।

जांच के दौरान उसके कमरे से चार पार्सल ट्रैकिंग आईडी का डेटा मिला। पार्सल विदेश से भेजे गए थे। उनके आगे के स्रोत का नाम फ्रैंक है, जो एक अफ्रीकी नागरिक है। जांच के दौरान विदेशी डाकघर से जुड़े पार्सल, ट्रैकिंग आईडी मिले। इन चार पार्सल में 3.037 किलोग्राम वजन वाली 6790 एक्स्टसी टैबलेट थीं, जिनकी कीमत करीब चार करोड़ रुपये है। वह आठ साल पहले भारत आया था। शुरू में वह कोलकाता में रहता था। इसके बाद वह फरीदाबाद रहने लगा। वर्तमान में वह दिल्ली के छतरपुर में रह रहा था।

# मोबाइल फोन झपटकर भाग रहे बदमाश पकड़े

**साहस को सलाम**

**नई दिल्ली, का.सं.।** ज्योति नगर इलाके में मंगलवार को एक युवक से स्कूटी सवार दो बदमाशों ने मोबाइल फोन झपट लिया। पीड़ित ने आरोपियों का पीछा कर दबोचा लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। पकड़े गए आरोपियों में शाहरुख उर्फ आमिर और अरमान शामिल है।

वेस्ट ज्योति नगर की हरिजन बस्ती निवासी पीड़ित योगेश कुमार ने बताया कि मंगलवार रात करीब 8:45 बजे वह दुर्गापुरी चौक से पैदल घर जा रहा था। जब वह अग्रसेन गेट के पास पहुंचा तो एक स्कूटी सवार दो बदमाश उसका मोबाइल फोन झपटकर लोनी गोल चक्कर की तरफ भागने लगे। पीड़ित ने एक बाइक चालक से लिफ्ट लेकर आरोपियों का पीछाकर अशोक नगर इलाके में दोनों को दबोच लिया। इसके बाद उनसे अपना मोबाइल फोन वापस ले लिया। स्थानीय लोगों ने दोनों बदमाशों की पिटाई कर दी और पीसीआर कॉल कर पुलिस को भी सूचना दे दी।


## पहचान की अपील




सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक मृतक व्यक्ति जिसका **नामः** गोपाल, **पिताः** नामालूम, **पताः** नामालूम, **उम्रः** लगभग 60 साल, **कद :** 5 फीट 6 इंच, **रंग :** सांवला, **चेहराः** अण्डाकार, **शरीरः** सामान्य, **पहचान चिन्हः** दाहिने हाथ पर अंग्रेजी में Gopal का टैटू का निशान। **पहनावा :** पीले रंग का कुर्ता और काले सफेद रंग का इनर व मटमैला रंग का लोअर पहने हुए है। जो दिनांक 17.11.2024 को अपराहन 3.26 बजे जैन मंदिर फुट पाथ निकट निर्माण विहार मेट्रो स्टेशन मंडावली रोड़ के तरफ के पास बेहोशी की हालत में मिला। जिसे डां. हेडगेवार अस्पताल से एमएलसी नं. 2467/24 के द्वारा कैट एम्बूलेंस से जीटीबी अस्पताल में भर्ती किया गया जहॉं दिनांक 18.11.2024 को ईलाज के दौरान डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस संदर्भ में **डीडी सं. 28ए दिनांक : 17.11.2024** के तहत थाना प्रीत विहार, दिल्ली में दर्ज की गई है।
पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है।
यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक व्यक्ति के बारे कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें। **थानाध्यक्ष**

**थाना : प्रीत विहार,दिल्ली**

DP/15369/ED/2024 **फोनः 011-22509966, 8750870621**

## गुमशुदा की तलाश




उस्मान

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका नाम **उस्मान, पुत्रः मोहम्मद ज़मीर, पताः मकान संख्या सी-48, शिव पार्क खानपुर, नई दिल्ली** जोकि दिनांक **07.11.2024** को रात **10:00** बजे से अपने घर से गुमशुदा है। इस सन्दर्भ में **DD No. 38A dated 13.11.2024** पुलिस थाना, **नेब सराय, दिल्ली** में रिपोर्ट दर्ज है। नीचे गुमशुदा व्यक्ति की पहचान दी गई है:
**नामः उस्मान, उम्रः 45 वर्ष, कदः 6', रंगः गोरा, चेहराः गोल, शरीरः मध्यम, पहनावाः गुलाबी रंग की शर्ट, काली पैंट और पैरों में काली चप्पल। मानसिक रूप से ठीक नहीं है**
अगर किसी को इस गुमशुदा व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले कृपया थाना प्रभारी, **नेब सराय, दिल्ली,** को संपर्क करें।
**वेबसाइटः http://cbi.nic.in, ई-मेलः cic@cbi.gov.in**
**फोनः 011-24368638/24368641, फैक्सः 011-24368639**

थाना प्रभारी
पुलिस थाना, नेब सराय, दिल्ली

**DP/15172/SD/2024** फोनः 011-29551597, 8750870835

## स्मृतिशेष



In Loving Memory of
Sh. Harkrishan Lal Sud
(10.03.1930-22.11.2018)

Those we love don't go away, they walk beside us everyday. Unseen unheard but always near, still loved, still missed and very dear :- **Rahul, Poonam, Jigisha, Ambar.**

Mob. 9312017891

दुबई की जेल में बंद पिता-पुत्रों की पैरवी की थी, दिल्ली पुलिस के अधिकारी से लाइसेंस बहाल करा चुका है आरोपी

# पूर्व आईपीएस बताकर दलाली करने वाला दबोचा

कार्रवाई

गाजियाबाद, वरिष्ठ संवाददाता। खुद को 1979 बैच का सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी बताकर देशभर के अफसरों पर रौब झाड़ने वाले अनिल कटियाल और उसके साथी विनोद कपूर को साहिबाबाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जांच में अनिल कटियार अंतरराष्ट्रीय दलाल निकला।

एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी ने बताया कि दिल्ली के ग्रेटर कैलाश-एक निवासी 69 वर्षीय फर्जी आईपीएस अधिकारी अनिल कटियाल और गुरुग्राम निवासी विनोद कपूर को गिरफ्तार किया गया। अनिल करोड़ों की धोखाधड़ी के आरोप में दो बेटों के साथ दुबई की जेल में बंद राज साहनी उर्फ अबू साबा को भारत लाने के लिए दलाली में जुटा था। इसके लिए वह ई-मेल के जरिए न सिर्फ दुबई में भारत के राजदूत के संपर्क में था, बल्कि उसने विदेश मंत्री को कॉलेज का सहपाठी बताकर मिलने का समय भी मांगा था। अबू साबा दुबई का अरबपति रियल एस्टेट कारोबारी और कांग्रेस नेता शशि थरूर की दिवंगत पत्नी सुनंदा पुष्कर का चचेरा भाई बताया जाता है।



गाजियाबाद पुलिस ने गुरुवार को आरोपी अनिल कटियाल (नीली शर्ट में) और उसके साथ विनोद कपूर को गिरफ्तार कर लिया। • हिन्दुस्तान

### अधिकारियों से कई काम निकलवाए

एडिशनल सीपी ने बताया कि अनिल कटियाल के व्हॉट्सऐप चैट से पता चला कि उसने खुद को अधिकारी बताकर दिल्ली-एनसीआर के अधिकारियों से कई काम निकलवाए। दिल्ली पुलिस के उच्चाधिकारी से महरौली स्थित एक बार का न सिर्फ लाइसेंस बहाल कराया, बल्कि उसकी सील भी खुलवाई। आरटीओ और आबकारी विभाग के अधिकारियों पर दबाव बनाकर अनुचित आर्थिक लाभ प्राप्त किया। अनिल ने नोएडा पुलिस के अधिकारियों से जमीन से जुड़ा काम कराया।

### सीपी के साथ फोटो खिंचवा कर रडार पर आया

अनिल खुद को मणिपुर कैडर का पूर्व आईपीएस अफसर बताते हुए डीसीपी ट्रांस हिंडन से मिला और विनोद कपूर के खिलाफ इंदिरापुरम थाने में दर्ज केस की पैरवी की। वह गाजियाबाद सीपी से भी मिला। यहां प्रोटोकॉल लेने के बाद जाते समय सीपी के साथ फोटो खिंचवाया तो रडार पर आ गया।

### आईआरएस अधिकारी थे अनिल के पिता

अनिल के पिता स्वर्गीय चेतराम कटियाल आईआरएस अधिकारी थे। अनिल ने 1978 में सेंट स्टीफंस कॉलेज से एमएससी की डिग्री ली। उसने 1979 में यूपीएससी की परीक्षा दी, लेकिन कामयाब नहीं हो सका। इसके बाद वह अमेरिका में पढ़ा और एक कंपनी में वाइस प्रेसीडेंट भी रहा।

## मतगणना को लेकर हापुड़ रोड पर वाहन कल प्रतिबंधित रहेंगे

गाजियाबाद। विधानसभा उपचुनाव की मतगणना के मद्देनजर हापुड़ रोड पर वाहन डायवर्ट रहेंगे। एडीसीपी ट्रैफिक पियूष सिंह ने बताया कि 23 नवंबर को मतगणना होनी है। यातायात व्यवस्था सामान्य रखने के लिए तड़के पांच बजे से मतगणना समाप्त होने तक हापुड़ रोड पर डायवर्जन प्लान लागू रहेगा। गोविंदपुरम चौकी से कनक फार्म हाउस तक सभी वाहनों पर पाबंदी रहेगी।

पीएनबी बैंक तिराहा गोविंदपुरम से डीडीपीएस के बीच भी सभी तरह के वाहनों का आवागमन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। हापुड़ चुंगी से डासना की तरफ जाने वाले हल्के, चार पहिया तथा दोपहिया वाहन एनडीआरएफ कट से एनडीआरएफ रोड स्थित शहीद भगत सिंह चौक (राणा चौक) से कनक फार्म हाउस कट गोविंदपुरम रोड से अंकित डेयरी कट से आवागमन कर सकेंगे।

## एनसीआर 30s

### हिंडन एयरपोर्ट पर सौर ऊर्जा प्लांट लगेगा

ट्रांस हिंडन। हिंडन एयरपोर्ट सौर ऊर्जा से जगमग होगा। यहां केंद्र सरकार सौर ऊर्जा प्लांट लगवा रही, जिससे 40 फीसदी ऊर्जा की बचत होगी। करीब दो सप्ताह पहले शुरू हुआ काम अब ग्रैप का चौथा चरण लागू होने के कारण बंद है। ग्रैप हटते ही प्लांट लगाने का काम शुरू होगा और मार्च तक प्लांट शुरू हो जाएगा। ऊर्जा की बचत करने के उद्देश्य से नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय देश के 10 एयरपोर्ट पर सौर ऊर्जा प्लांट लगवा रहा है।

### कोरिया के साथ मिलकर आगे बढ़ेगा हरियाणा

गुरुग्राम। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से गुरुवार को गुरुग्राम में कोरिया हेराल्ड और देवू कॉरपोरेशन के अध्यक्ष और कोरिया हाउसिंग बिल्डर्स एसोसिएशन के चेयरमैन जंग वोन जू की अगुवाई में आए प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि साउथ कोरिया के साथ मिलकर हरियाणा को नई दिशा और तकनीक में आगे बढ़ाने का करेंगे। हरियाणा में कोरियाई व्यावसायों को बढ़ने में सहायता देने के साथ सरकार पूरा सहयोग करेगी।

### रकम ऐंठने के आरोप में दंपति को पकड़ा

कानपुर/नोएडा। कानपुर की साइबर क्राइम ब्रांच की टीम ने बंद पॉलिसी चालू कराने के नाम परा ठगी करने वाले दंपति को नोएडा से गिरफ्तार किया। दोनों नोएडा में निजी बैंकों में काम करते हैं। टीम ने उनके खाते में मौजूद 11.34 लाख रुपये फ्रीज करने के साथ पांच लाख की ज्वेलरी आदि जब्त किए। डीसीपी क्राइम आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि लालबंगला निवासी लेदर कारोबारी मोहम्मद इस्माइल से दंपति ने 41 लाख रुपये की ठगी की थी।



ग्रेटर नोएडा के आकलपुर गांव में गुरुवार को स्वर्ण समाज के लोगों ने महापंचायत कर पुलिस कार्रवाई का विरोध जताया। • हिन्दुस्तान

### स्वर्ण समाज ने पंचायत कर विरोध जताया

ग्रेटर नोएडा/रबूपुरा। भीकनपुर गांव में दो पक्षों के बीच हुए खूनी संघर्ष के बाद दलित और स्वर्ण समाज के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई है। स्वर्ण समाज ने पुलिस पर एक तरफा कार्रवाई करने का आरोप लगाया और इसके विरोध में गुरुवार को आकलपुर गांव में पंचायत की। इस दौरान मांगों का एडीसीपी को ज्ञापन सौंपा। पंचायत में लोगों ने कहा कि पुलिस ने इस प्रकरण में एक तरफा कार्रवाई की है। पुलिस ने स्वर्ण समाज के लोगों का फर्जी एनकाउंटर किया है।

### ट्यूशन से लौट रहीं छात्राओं से अश्लील हरकत

नोएडा। सदरपुर गांव में कार सवार युवक ने ट्यूशन से लौट रहीं 12वीं कक्षा की तीन छात्राओं से बुधवार शाम अश्लील हरकत की। थाना सेक्टर-39 पुलिस ने कार नंबर के आधार पर गुरुवार को आरोपी सब्जी विक्रेता मोहित सैनी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस के मुताबिक बुधवार शाम तीनों छात्राएं ट्यूशन पढ़कर रात आठ बजे पैदल घर लौट रही थीं,तभी आरोपी ने हरकत की।

### ईवी इंडिया एक्सपो में 500 करोड़ का कारोबार

ग्रेटर नोएडा। इंडिया एक्सपो मार्ट में आयोजित ईवी इंडिया एक्सपो का गुरुवार को संपन्न हो गया। इस दौरान 500 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ और 50 से अधिक एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। एक्सपो में देश-दुनिया से 15 हजार से अधिक लोग शामिल हुए। उद्योग जगत के प्रतिनिधि, नवप्रवर्तक, नीति निर्माता और इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) के प्रति रुचि रखने वाले लोग एक साथ आए। यहां 140 से अधिक प्रदर्शकों ने अपने उत्पाद पेश किए गए।

## अमेरिकी नागरिकों से ठगी करने वाले गिरफ्तार

शिकंजा

नोएडा, संवाददाता। अमेरिकी नागरिकों के कंप्यूटर सिस्टम में छेड़छाड़ कर तकनीकी सहायता देने के नाम पर ठगी करने वाले एक और फर्जी कॉल सेंटर का नोएडा पुलिस ने गुरुवार को पर्दाफाश किया। सेक्टर-117 के एक भवन में छापेमारी कर संचालक समेत 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

डीसीपी रामबदन सिंह ने बताया कि विभिन्न एजेंसियों से मिले इनपुट के बाद टीम बनाकर सेक्टर-113 थाना क्षेत्र की पुलिस ने छापेमारी कर कॉल सेंटर से आरोपियों को दबोच लिया। इनमें सात युवक और चार युवती हैं। इनकी पहचान नितेश सिंह, एंड्रयू, लुईस, आकाश सिंह, ऋतिक, विवेक मित्तल, राहुल पासवान, संगीता, टियानारो, यूनिस और सिमरन कश्यप के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार, विवेक मित्तल फर्जी कॉल सेंटर का संचालक है। आरोपियों ने बताया कि वह अमेरिकी नागरिकों के कंप्यूटर सिस्टम/लैपटॉप पर पॉपअप मैसेज भेजकर छेड़छाड़ करते थे और उनके बैंक खातों की जानकारी प्राप्त करते थे।

**150 लोगों से ठगी की बात स्वीकारी:** पुलिस आरोपियों से मिले कंप्यूटर का डाटा चेक कर रही है, जिससे यह पता चल सके कि किन-किन लोगों से आरोपियों ने बातचीत की और कितने लोगों को ठगा। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि विदेशी नागरिकों का डाटा इन्हें डार्क वेब से मिलता है, जिसे खरीदा जा सकता है। फिलहाल अब तक ये लोग 150 से ज्यादा लोगों से ठगी कर चुके हैं।

### डिजिटल अरेस्ट कर युवक से पांच लाख ऐंठे

फरीदाबाद। जालसाजों ने एक युवक को करीब 24 घंटे तक डिजिटल अरेस्ट कर उससे पांच लाख रुपये ठग लिए। आरोपियों ने पीड़ित को आधार कार्ड से मनी लांड्रिंग करने का डर दिखाया था। पीड़ित एनआईटी में परिवार के साथ रहता है। 17 नवंबर को शाम के समय उनके मोबाइल फोन पर एक अनजान नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को पुलिस अधिकारी बताया। कॉल करने वाले ने धमकाकर डिजिटल अरेस्ट कर लिया और ठगी की। साइबर थाना एनआईटी की पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

## मां की गोद से गिरा 10 माह का मासूम

ट्रांस हिंडन। कौशांबी थाना क्षेत्र स्थित महागुन मॉल में एस्क्लेटर पर मां की गोद से छिटककर 10 माह का मासूम दूसरी व तीसरी मंजिल के बीच से नीचे केनोपी पर जा गिरा। हालांकि बच्चे को ज्यादा चोट नहीं लगी। इंदिरापुरम के अभयखंड प्रथम में रहने वाले आनंद ठाकुर वसुंधरा के एक मेडिकल स्टोर पर नौकरी करते हैं। गुरुवार शाम वह पत्नी, चार साल की बेटी और 10 माह के बेटे देवांश के साथ महागुन मॉल गए थे, इसी दौरान हादसा हुआ।

## यीडा क्षेत्र में ऑस्ट्रियाई नगरी बसेगी

तैयारी

- प्रतिनिधिमंडल ने निवेश की संभावना तलाशी
- यमुना सिटी और ग्रेटर नोएडा का निरीक्षण किया

ग्रेटर नोएडा, वरिष्ठ संवाददाता। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास यीडा क्षेत्र में जापानी, कोरियन और अमेरिकन सिटी के बाद ऑस्ट्रियाई सिटी बसाने की तैयारी है। ऑस्ट्रिया के 24 सदस्य प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को निवेश की संभावना को तलाशने के लिए यमुना सिटी और ग्रेटर नोएडा का निरीक्षण किया।

प्रतिनिधिमंडल ने पर्यटन, स्टार्टअप, कौशल विकास, रिसर्च और ड्रोन तकनीक में निवेश की इच्छा जताई है। प्राधिकरण के अधिकारी ने बताया कि ऑस्ट्रिया का प्रतिनिधिमंडल तीन दिवसीय भारत दौरे पर है। बेंगलुरु का दौरा करने के बाद गुरुवार को ऑस्ट्रिया के टाइरोल इकोनॉमिक चैंबर के वाइस प्रेसिडेंट मैनफ्रेड प्लेजर के नेतृत्व में 24 सदस्यों का सरकारी प्रतिनिधिमंडल ग्रेटर नोएडा पहुंचा। यहां ग्रेटर नोएडा के जेपी ग्रीन रिसॉर्ट में प्रतिनिधिमंडल की ग्रेनो और यमुना अधिकारियों के साथ बैठक हुई। बैठक में मुख्यातिथि राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया रहे। बैठक में अधिकारियों ने प्रतिनिधिमंडल को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट और अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी के बारे में बताकर निवेश के लिए आकर्षित किया। इस मौके पर ऑस्ट्रिया दूतावास के अधिकारीगण भी बैठक में शामिल रहे।

## नए नोएडा का दफ्तर एक हजार वर्ग मीटर में बनेगा

नोएडा, वरिष्ठ संवाददाता। प्राधिकरण ने नए नोएडा में आपसी सहमति से जमीन लेने के लिए किसानों से बातचीत की प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्राधिकरण सबसे पहले अस्थायी दफ्तर खोलने के लिए करीब एक हजार वर्ग मीटर जमीन लेगा। यह सांवली गांव के पास जमीन ली जाएगी।

कुछ दिन पहले नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ. लोकेश एम, ओएसडी महेंद्र प्रसाद समेत अन्य अफसरों ने नए नोएडा के गांवों का दौरा किया था। सीईओ ने निर्देश दिए थे कि ईस्टर्न पेरिफेरल और जीटी रोड जहां अलग हो रही हैं, उन गांवों से सबसे पहले जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया की जाए। यह सिकंद्राबाद का क्षेत्र है। इसी के पास सांवली और जोखाबाद लगे हुए गांव हैं। अधिकारियों ने बताया कि दफ्तर खोलने के लिए सबसे पहले एक हजार वर्ग मीटर जमीन अधिग्रहित करने का निर्णय लिया है।

## एनएच-9 से शाहबेरी जाने वाला मार्ग जल्द चौड़ा होगा

गाजियाबाद, वरिष्ठ संवाददाता। नेशनल हाईवे (एनएच)-9 से क्रॉसिंग रिपब्लिक होते हुए शाहबेरी जाने वाला मार्ग जल्द चौड़ा होगा। इस संबंध में गुरुवार को जीडीए उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में विवादित भूमि धारक और बिल्डर प्रतिनिधि के बीच बैठक हुई, जिसमें इस समस्या का जल्द समाधान कराने के निर्देश दिए।

एनएच-9 से क्रॉसिंग होते हुए शाहबेरी जाने वाला मार्ग 45 मीटर चौड़ा है, लेकिन पेट्रोल पंप के पास यह करीब 260 मीटर लंबाई में सड़क की पूर्ण चौड़ाई उपलब्ध नहीं हो पा रही है। जीडीए इसका सर्वे करा रहा है। बैठक में उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने पूर्व में अर्जित की गई भूमि और वर्तमान में सड़क की पूर्ण चौड़ाई के लिए आवश्यक जमीन का तुलनात्मक विवरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही आपसी समझौते के आधार पर या अधिग्रहण के माध्यम से भूमि उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया।






### महाराष्ट्र-झारखंड विधानसभा चुनाव के एग्जिट पोल अनुमानों को नहीं दे रहे ज्यादा तवज्जो

# नतीजों से पूर्व भावी सरकार के समीकरण साधने में जुटे दल

■ रामनारायण श्रीवास्तव


नागपुर में गुरुवार को मतगणना से पहले एक स्ट्रांग रूम के बाहर पहरा देतीं महिला सुरक्षाकर्मी। ● प्रेट्र

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए मतदान संपन्न हो चुके हैं। नतीजे शनिवार को आएंगे, लेकिन इस बीच सभी दल भावी सरकार की जोड़-तोड़ में जुट गए हैं। सभी दल अपनी-अपनी संभावित सीटों का आकलन तो कर ही रहे हैं साथ ही किसी एक गठबंधन को बहुमत न मिलने की स्थिति में जोड़-तोड़ की संभावना भी तलाश रहे हैं। इसमें मजबूत बागी और निर्दलीय उम्मीदवारों से परोक्ष रूप से संपर्क किया जा रहा है।

दोनों ही राज्यों में भाजपा और कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन आमने-सामने हैं। इस बार कोई भी दल एग्जिट पोल अनुमानों को ज्यादा तवज्जो नहीं दे रहा है, बल्कि अपने संगठनात्मक स्तर पर हर सीट का आकलन कर रहा है। सूत्रों के अनुसार, गठबंधनों का नेतृत्व कर रहे दल दावे तो जीत का कर रहे हैं, लेकिन नतीजे आने के बाद गठबंधनों के नए आकार लेने व पाला बदलने की स्थिति को लेकर भी बेहद सतर्क हैं। ऐसे में चुनाव मैदान में उतरे मजबूत बागी और निर्दलीय उम्मीदवारों की पूछ बढ़ गई है। सूत्रों के अनुसार भाजपा और कांग्रेस के साथ अन्य दल भी इनके साथ संपर्क में हैं।

**बागी व निर्दलीय उम्मीदवारों के भी जीतने की संभावना :** झारखंड में भाजपा के साथ जदयू, आजसू एवं लोजपा प्रमुख दल हैं, जबकि दूसरी तरफ झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस, राजद एवं अन्य दल मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं। राज्य में 81 सदस्यीय विधानसभा में दोनों गठबंधन के साथ कुछ बागी व निर्दलीय उम्मीदवारों के भी जीतने की संभावना है। ऐसे में किसी एक गठबंधन को अगर स्पष्ट बहुमत नहीं मिलता है तो वह इनको साथ लेने की कोशिश करेगा।

महाराष्ट्र में यह स्थिति और ज्यादा बढ़ी हुई है। वहां भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति और कांग्रेस के नेतृत्व वाली महा विकास आघाड़ी में तो घमासान है ही, लेकिन चुनाव मैदान में कई मजबूत बागी और निर्दलीय उम्मीदवार भी अपनी ताकत दिखा रहे हैं। महाराष्ट्र की एक समस्या यह भी है कि चुनाव बाद गठबंधनों में भी तोड़फोड़ हो सकती है। हालांकि, दोनों गठबंधनों के दावे हैं कि सब एकजुट हैं और कोई कहीं नहीं जाएगा, लेकिन पिछले अनुभवों को देखते हुए दलों में तोड़-फोड़ और पाला बदलने की स्थिति को लेकर भाजपा और कांग्रेस दोनों ही सतर्क हैं। सूत्रों का कहना है कि अगले 48 घंटे विभिन्न दलों के नेताओं व उम्मीदवारों के बीच परोक्ष संपर्क साधने के अभियान में बीतेंगे। स्थितियां शनिवार को नतीजे घोषित होने के बाद ही साफ हो सकेंगी।

## मतगणना केंद्रों के पास भीड़ पर पाबंदी

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने गुरुवार को शहर के 36 मतगणना केंद्रों के 300 मीटर के दायरे में लोगों के जमा होने पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया है। महाराष्ट्र विधानसभा की 288 सीटों के लिए चुनाव बुधवार को संपन्न हुए थे। इनकी मतगणना शनिवार को होगी।

पुलिस ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में शामिल अधिकारियों या ड्यूटी पर मौजूद लोक सेवकों को छोड़कर कोई भी व्यक्ति इन केंद्रों के आसपास 300 मीटर के दायरे में न तो घूम सकता है और न ही किसी सभा का आयोजन कर सकता है। यह आदेश 21 नवंबर सुबह 6 बजे से 24 नवंबर की मध्यरात्रि तक प्रभावी रहेगा।

## ईवीएम की निगरानी में दस हजार जवान

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मुंबई में इस्तेमाल की गई सभी ईवीएम और वीवीपैट मशीनों को शहर की 36 विधानसभाओं में बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूम में सुरक्षित रखा गया है। यह जानकारी गुरुवार को बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने दी। 288 सदस्यीय राज्य विधानसभा के लिए बुधवार को एक ही चरण में मतदान हुआ था और मतगणना शनिवार को होगी।

बीएमसी के अनुसार, मतगणना केंद्रों की सुरक्षा के लिए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल, राज्य रिजर्व पुलिस बल, और स्थानीय पुलिस के करीब 10 हजार सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया गया है।




## 'मीरापुर में 52 बूथों पर पुनर्मतदान हो'

**लखनऊ।** सपा प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन देकर मांग की है कि मीरापुर विधानसभा उप-चुनाव क्षेत्र में 52 बूथों पर पुर्नमतदान कराया जाए।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी को गुरुवार को दिए ज्ञापन में कहा कि मतदान करने से रोकने के लिए रिवाल्वर तानकर, जान से मार देने की धमकी देने वाले पुलिस थाना ककरौली के पुलिस थानाध्यक्ष राजीव शर्मा को तत्काल गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए, उसकी सेवाएं समाप्त की जाए। पुलिस इन्स्पेक्टर बबलू कुमार, कस्बा इन्चार्ज वीरेन्द्र, पुलिस इन्स्पेक्टर एच.एन. सिंह पुलिस थानाध्यक्ष कुतुबशेर, समेत सभी दोषी पुलिस कर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया जाए।

# दूसरे चरण में भी महिला मतदाता रहीं आगे

**झारखंड**

**38** में से 31 सीटों पर महिलाओं ने मतदान ज्यादा किया दूसरे चरण में

**43** में से 37 सीटों पर ज्यादा वोट डालकर पुरुषों से रहीं थीं आगे पहले चरण में

**81** में 68 सीटों पर महिलाओं ने ज्यादा किया वोट ओवरऑल



**इन सीटों पर रहीं भारी**

राजमहल, बोरियो, बरहेट, लिट्टीपाड़ा, पाकुड़, महेशपुर, शिकारीपाड़ा, नाला, जामताड़ा, दुमका, जामा, जरमुंडी, मधुपुर, सारठ, पौड़ेयाहाट, गोड्डा, महगामा, रामगढ़, मांडू, धनवार, बगोदर, जमुआ, गांडेय, गिरिडीह, डुमरी, गोमिया, बेरमो, चंदनकियारी, टुंडी, सिल्ली व खिजरी।

**विधानसभा चुनाव में पड़े 67.74% वोट**

झारखंड विधानसभा की 81 सीटों में ओवरऑल 67.74 फीसदी वोट पड़े। पहले चरण में 43 सीटों पर जहां 66.65 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि दूसरे चरण में 38 सीटों पर 68.95 फीसदी वोट डाले गए। इस आंकड़े में पोस्टल बैलेट के वोट जोड़ने के बाद थोड़ी बढ़ोतरी हो सकती है। झारखंड बनने के बाद से इस बार सबसे ज्यादा वोटिंग प्रतिशत रहा।

**रांची, हिन्दुस्तान ब्यूरो।** झारखंड विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान में भी महिलाएं पुरुषों से आगे रहीं। दूसरे चरण की 38 में से 31 सीटों पर पुरुषों की अपेक्षा महिलाओ ने ज्यादा मतदान किया। इसमें 41,46,835 पुरुषों और 43,96,160 महिलाओं ने वोटिंग की।

पहले चरण के चुनाव में भी महिलाएं पुरुषों पर भारी पड़ी थीं और 43 सीटों में से 37 सीट पर ज्यादा वोटिंग की थी। ओवरऑल देखें तो 81 सीटों में से 68 पर महिलाओं ने पुरुषों को मतदान में पछाड़ा। दोनों चरण में पुरुषों की अपेक्षा 5,51,797 महिलाओं ने ज्यादा वोट डाले थे। दूसरे चरण में 68.95 प्रतिशत वोटिंग हुई, जबकि ओवरऑल मतदान का प्रतिशत 67.74 फीसदी रहा। दूसरे चरण में 1,23,90,667 मतदाताओं में से 85,43,063 लोगों ने वोट डाले। इसमें 62,89,974 में से 41,46,835 पुरुषों, 61,00,548 में से 43,96,160 महिलाओं ने वोटिंग की। 38 सीटों पर 1,89,426 पुरुष मतदाता महिलाओं से ज्यादा थे, लेकिन मतदान में पुरुषों की अपेक्षा 2,49,325 महिलाओं ने वोटिंग की है। 38 सीटों पर 1,89,426 पुरुष मतदाता महिलाओं से ज्यादा थे, पर मतदान में पुरुषों की अपेक्षा 2,49,325 महिलाओं ने ज्यादा मतदान किया है। दूसरे चरण में सिर्फ देवघर, बोकारो, सिंदरी, निरसा, धनबाद, झरिया बाघमारा में महिलाओं से ज्यादा वोट पुरुष किए।

# महायुति गठबंधन बनाएगा अगली सरकार : फडणवीस

**महाराष्ट्र**

**नागपुर, एजेंसी।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने गुरुवार को राज्य विधानसभा चुनावों में मतदान प्रतिशत में वृद्धि का श्रेय सत्ता समर्थक रुझान को दिया।

फडणवीस ने कहा, मतदान में वृद्धि से भाजपा और उसके सहयोगियों को लाभ होगा, उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि महायुति गठबंधन राज्य में अगली सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में मतदान प्रतिशत बढ़ा है और जब भी ऐसा होता है, तो यह भाजपा और गठबंधन दलों के पक्ष में होता है। हमें उम्मीद है इससे हमें फायदा होगा और हम सरकार बनाएंगे। मतदान में वृद्धि के पीछे संभावित कारणों के बारे में उन्होंने कहा मतदाताओं में सरकार के प्रति लगाव की भावना के कारण मतदान प्रतिशत बढ़ा है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी अदाणी की गिरफ्तारी की मांग पर फडणवीस ने कहा कि गांधी हर रोज बोलते हैं और इसमें कुछ भी बड़ा नहीं है।

# संसद के शीत सत्र के लिए 16 विधेयक सूचीबद्ध

■ 25 नवंबर से 20 दिसंबर तक चलेगा सत्र

**नई दिल्ली, एजेंसी।** संसद का शीतकालीन सत्र सोमवार से शुरू होने वाला है, जो कि 20 दिसंबर तक चलेगा। सरकार ने इस सत्र के लिए वक्फ कानून में संशोधन करने वाले विधेयक और पांच नए विधेयक समेत 16 विधेयक सूचीबद्ध किए हैं।

पांच नए मसौदा विधेयकों में सहकारी विश्वविद्यालय स्थापित करने वाला विधेयक भी शामिल है। लंबित विधेयकों में वक्फ (संशोधन) भी शामिल है। इसके अलावा, तटीय शिपिंग विधेयक भी पेश किया जाएगा। इसका उद्देश्य तटीय व्यापार को बढ़ावा देना है। भारतीय बंदरगाह विधेयक को भी पेश किए जाने और अंततः पारित किए जाने के लिए सूचीबद्ध किया गया है। जिसका उद्देश्य भारत के अंतरराष्ट्रीय दायित्वों और वैधानिक अनुपालन के अनुरूप बंदरगाहों का संरक्षण करना है। पंजाब न्यायालय (संशोधन) विधेयक और मर्चेंट शिपिंग बिल को भी सूचीबद्ध किया गया है।

**देश 30s**

## सपा बोली, उपचुनाव दोबारा कराए जाएं

**इटावा।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव प्रोफेसर रामगोपाल यादव ने उपचुनाव दोबारा कराने की मांग की है। आम चुनाव की तरह ही इस चुनाव में भी केंद्रीय सुरक्षा बल को लगाने की आवश्यकता भी बताई। प्रो. रामगोपाल यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि अधिकारी और पुलिस भाजपा के लिए काम करती दिखाई दी।

## सीएम पर मिलकर करेंगे फैसला : राउत

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने गुरुवार को कहा कि मुख्यमंत्री का चेहरा गठबंधन सहयोगियों द्वारा तय किया जाएगा। राउत का यह बयान महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले की टिप्पणी के एक दिन बाद आया है। पटोले ने बुधवार को कहा था राज्य में कांग्रेस नेतृत्व वाली महा विकास अघाड़ी सरकार बनेगी।

## संतों के पदचिह्नों पर पंजाब सरकार : मान

**मोहाली।** पंजाब सरकार लोगों के कल्याण और राज्य के विकास के लिए महान गुरुओं, संतों, द्रष्टाओं, पैगम्बरों और शहीदों के पदचिह्नों पर चल रही है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने गुरुवार को यह बात यहां जैन भगवती दीक्षा महोत्सव में कही।


झारखंड में विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पूरी तरह से आराम की मुद्रा में दिखे। इस दौरान पत्नी कल्पना सोरेन भी मौजूद थीं। सीएम ने सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीरें भी साझा कीं। ● हिन्दुस्तान


# उपचुनाव में सपा ही जीत रही : अखिलेश

**निशाना**

**देहरादून, विशेष संवाददाता।** सपा अध्यक्ष और इंडिया गठबंधन के प्रमुख नेता अखिलेश यादव ने कहा कि यूपी में पुलिस भक्षक बनी हुई है। पुलिस का काम लोकतंत्र की रक्षा के लिए वोट डालने जाते व्यक्ति की सुरक्षा करना है। जबकि यहां वोट डालने जाते लोगों को पुलिस रिवाल्वर लहराकर रोकने का काम कर रही थी।

गुरुवार को उपचुनाव में नौ की नौ सीट जीतने का दावा करते हुए उन्होंने कहा कि यह भाजपा की घबराहट को भी जाहिर करता है। भाजपा जान चुकी है कि वो हार रही है। उसके वोटर भी घरों से नहीं निकले। और जो निकले भी उन्होंने सपा को वोट दिया। यदि निष्पक्ष तरीके से मतगणना हुई तो सपा सभी सीटों पर जीत हासिल करेगी।

सपा नेता अखिलेश यादव बोले, यूपी उपचुनाव में अल्पसंख्यक, आदिवासी, महिलाओं को वोट डालने से रोकने की कोशिश की गई। पर महिलाएं बधाई की पात्र हैं जिन्होंने लोकतंत्र की रक्षा को साहस दिखाया। अखिलेश गुरुवार को पाम सिटी में एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे।



**'अधर्मी सदा हारा है'**

सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा का रास्ता धर्म का रास्ता नहीं है। धर्म के मार्ग पर न्याय की रक्षा, आम आदमी की खुशी को प्राथमिकता दी जाती है। उन्होंने कहा कि हमारे धर्म ग्रंथ, गीता, पुराणों में साफ साफ लिखा है कि अधर्मी सदा हारा है। यह जरूर है कि अधर्मी के हारने में थोड़ा समय जरूर लगता है। केदारनाथ विधानसभा के उपचुनाव पर मीडिया कर्मियों के सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि बदरीनाथ हो या भगवान राम की जन्म भूमि अध्योध्या, भाजपा हर जगह हार रही है।

# आजम खां को फांसी वाले बैरक में रखा : चंद्रशेखर

■ नगीना से सांसद चंद्रशेखर सीतापुर जेल में आजम खां से मिले
■ सवा घंटे जेल के भीतर रहे चंद्रशेखर, वहां का खाना भी खाया

**सीतापुर, वरिष्ठ संवाददाता।** आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और नगीना के सांसद चंद्रशेखर आजाद ने गुरुवार को जिला कारागार में सपा नेता मोहम्मद आजम खां से मुलाकात की। बाहर आकर उन्होंने कहा कि आजम खान को फांसी वाले बैरक में रखा गया है। उनकी आंखों में इंफेक्शन है और तबीयत ठीक नहीं है।

चंद्रशेखर ने कहा कि आजम खां पर जो संकट के बादल है, वह जल्द ही छंट जाएंगे। कहा कि बकरी चोरी कराने जैसे मामले पर 10 साल की बड़ी सजा ठीक नहीं है। कहा कि जब मेरे ऊपर गोली चली थी, तब वह मेरे साथ थे। इस समय वह संकट में है, इसलिए हम उनके साथ हैं। उनके और मेरे पारिवारिक संबंध हैं। मुलाकात के दौरान जेल का खाना भी खाया। लगभग सवा घंटे जेल के भीतर रहे।

चन्द्रशेखर ने कहा कि यूपी के मुख्यमंत्री ने कटेंगे तो बटेंगे नारा दिया है। इसके लिए मैं कहता हूं कि दलित, बहुजन और अल्पसंख्यक अगर 6747 जातियों में बटेंगे तो कटेंगे और अधिकारों से वंचित होंगे। चंद्रशेखर ने कहा कि राजनीतिक नफा नुकसान की परवाह होती तो मैं चुनाव के पहले आता। आजम एक बार थोड़ा सा इशारा कर देते तो उत्तर प्रदेश की राजनीति में बड़ा परिवर्तन होता। मैं सरकार से अपील करूंगा कि राजनीति में वैचारिक विरोध हो सकता है लेकिन जिस तरह से पीछे लंबे समय से देखा गया है कि अपने राजनैतिक विरोधियों को सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग करके सत्ता से हटाने का काम किया जा रहा है।

**तनाव और हिंसा के बीच हुआ उपचुनाव :** उपचुनाव को लेकर भी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जिस तनाव और हिंसा में कल का उपचुनाव हुआ शायद ही कभी हुआ होगा। मुख्यमंत्री ने इस चुनाव को अपनी साख का विषय बना लिया था। उनको लगता है कि अगर इस उपचुनाव में कुछ गड़बड़ हुआ तो केंद्र में बैठी सरकार उनको छोड़ेगी नहीं। यह चाइना का बॉर्डर नही है कि रिवाल्वर निकालकर इंस्पेक्टर को जनता को डराना पड़े।

## बाइडन पर टिप्पणी को लेकर आपत्ति

**नई दिल्ली, वि.सं.।** महाराष्ट्र चुनाव में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर से अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन पर की गई टिप्पणी पर नेशनल मेडिकोज एसोसिएशन ने आपत्ति जताई है। एसोसिएशन ने सोनिया गांधी को पत्र लिखकर राहुल से माफी की मांग की।

एसोसिएशन ने कहा राहुल ने पीएम मोदी पर भूलने का आरोप लगाते हुए उनकी तुलना बाइडन से की थी।

# भाजपा ने यूपी में बनाई छह सदस्यीय अपील समिति

**लखनऊ, वि.सं.।** भाजपा उत्तर प्रदेश के संगठनात्मक चुनावों के लिए भाजपा के राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी एवं सांसद डॉ. के लक्ष्मण ने यूपी के संगठन चुनाव की अपील समिति को मंजूरी दे दी है।

भाजपा के संगठनात्मक चुनावों के प्रदेश चुनाव अधिकारी डॉ. महेन्द्र नाथ पाण्डेय ने बताया कि पूर्व सांसद और पार्टी के वरिष्ठ नेता राजेन्द्र अग्रवाल को अपील समिति का संयोजक बनाया गया है। जबकि पूर्व मंत्री रमापति शास्त्री (अवध), रमेश चन्द्र मिश्रा (काशी), नीलम सोनकर (गोरखपुर), सुरेन्द्र मैथानी (कानपुर) और पद्म चन्द्र शर्मा (बृज) को अपील समिति का सह संयोजक बनाया गया है।




**HSIIDC**

**विस्थापित/तत्कालीन भू-स्वामी जिनकी जमीनें हरियाणा सरकार, उद्योग विभाग द्वारा HSIIDC के लिए 05.03.2005 के बाद अधिगृहित की गयी थी, के लिए पुनर्वास एवं पुनःस्थापना नीति (R&R Policy) दिनांक 07.12.2007 व 09.11.2010 के अन्तर्गत आवासीय भूखंडों (प्लाटों) के लिए आवेदन प्रस्तुत करने का अवसर।**

**आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 31.12.2024**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि हरियाणा सरकार द्वारा अधिसूचित पुनर्वास एवं पुनःस्थापना नीति (R&R Policy) दिनांक 07.12.2007 व 09.11.2010 के अन्तर्गत HSIIDC राज्य सरकार की नोडल एजेंसी है, जिसके द्वारा विकसित औद्योगिक सम्पदाओं/मॉडल टाउनशिप (IMTs) विकास केन्द्र आदि के लिए अधिग्रहित भूमि के सम्बन्ध में प्रमुख समाचार पत्रों में समय-समय पर विज्ञापन जारी करके ऐसे विस्थापितों व तत्कालिन भूमि मालिकों जिनकी भूमि हरियाणा सरकार, उद्योग विभाग द्वारा 05.03.2005 के बाद अधिग्रहित की गई थी, को आवेदन करने का अवसर दिया गया था, उन विज्ञापनों की समय सीमा पहले ही समाप्त हो चुकी है।

HSIIDC ने फैसला लिया है की जो विस्थापित/तत्कालीन भू-स्वामी पहले विज्ञापनों के संदर्भ में आर एण्ड आर पॉलिसी दिनांक 07.12.2007 व 09.11.2010 के अन्तर्गत आवासीय प्लाटों के आबंटन के लिए आवेदन नहीं कर पाये थे, उन्हे एक और अवसर प्रदान किया जाये। तदनुसार ऐसे विस्थापितों और भूमि मालिकों को निर्धारित प्रारूप पर दावा/आवेदन प्रस्तुत करने का एक अवसर दिया जाता है। आर एण्ड आर पॉलिसी के तहत आवासीय प्लाटों की आबंटन की शर्तों के साथ निर्धारित प्रार्थना पत्र HSIIDC के सम्बन्धित सम्पदा कार्यालयों से निशुल्क प्राप्त किये जा सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 31.12.2024 है और सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन पत्र अपेक्षित दस्तावेजों के साथ पंजीकृत डाक द्वारा सम्बन्धित सम्पदा प्रबन्धकों के कार्यालयों में निम्नलिखित पते पर जमा कराये जा सकते हैं जो 31.12.2024 या इससे पूर्व पहुँच जाने चाहिए। आबंटन की दर HSIIDC के आवासीय प्लाटों की वर्तमान आबंटन दर पर आधारित होगी जो कि आर एण्ड आर पॉलिसी/गाईडलाईन्स तथा उससे सम्बन्धित परिपत्रें के अनुसार निर्धारित की जाएगी।

**नोट:** विस्थापित/तत्कालीन भू-स्वामी जो पूर्वोक्त विज्ञापनों के जबाव में पहले से ही अपने आवेदन पत्र प्रस्तुत कर चुके हैं और जिन्हें उपरोक्त पॉलिसी के अंतर्गत प्लाट आबंटित हो चुके हैं, उन्हें पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। नियत अंतिम तिथि 31.12.2024 के बाद आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

**आवेदन पत्र एच.एस.आई.आई.डी.सी. के सम्पदा प्रबन्धकों के निम्नलिखित कार्यालयों में जमा कराये जायें।** (1)आई.एम.टी. बावल 01284.264120 9971298611 (2)औद्योगिक क्षेत्र एवं फूड पार्क साहा 9417068233 (3)औद्योगिक क्षेत्र एवं फूड पार्क राई 0930-2366833-34, 999299908 (4)औद्योगिक क्षेत्र कुंडली 0130-2370586, 2370846, 9996909808 (5)आई.एम.टी. खरखौदा 9996623078 (6)औद्योगिक क्षेत्र बरही 0130-2474756, 2474648, 9416250758 (7)आई.एम.टी. मानेसर 0124-2291351, 2290501, 9891090843 (8)औद्योगिक क्षेत्र बहादुरगढ़ 01276-241624, 241915, 9999917571 (9)औद्योगिक क्षेत्र करनाल 0184-2220043, 2221175, 8558829238 (10)औद्योगिक क्षेत्र रोहतक/आई.एम.टी. रोहतक 01262-287029, 287425, 9780605941 (11)औद्योगिक क्षेत्र पानीपत 9996623078 (12)आई.एम.टी. फरीदाबाद 0129-2252044, 2272290, 9971298611 (13)औद्योगिक क्षेत्र मानकपुर फेज-II 01735-286496, 9417088322 (14)आई.एम.टी. सोहना 9971864979 (15)उद्योग विहार गुरूग्राम 0124-2342612, 2346764, 9312221195 (16)औद्योगिक क्षेत्र बरवाला 01733-256507, 9815777777 (17)औद्योगिक क्षेत्र जींद/सिरसा 01684-240501, 9416280005 (18)उपमहाप्रबंधक (एस्टेट)/912 एकड़ (रामेश्वर व अन्य vs स्टेट आफ हरियाणा CA008788/2015 निर्णय के अन्तर्गत आने वाले तत्कालीन भू-स्वामी) 9467670792

उपरोक्त औद्योगिक क्षेत्रों के पूर्ण पते HSIIDC की वेबसाईट hsiidc.org.in पर उपलब्ध हैं।

**हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं सरंचना विकास निगम लिमिटिड**
पंजीकृत कार्यालय: नं सी-13-14, सैक्टर-6, पंचकूला, 134109 हरियाणा, दूरभाष नं: (0172)-2590481-82-83,
ई-मेल : contactus@hsiidc.org.in, वेबसाईट : www.hsiidc.org.in, CIN No : U29199HR1967SGC034545

# निशाने पर अदाणी

एक भारतीय कंपनी और उसके मालिक का फिर आरोपों के निशाने पर आ जाना बहुत दुखद व चिंताजनक है। शुरुआती सूचनाओं से ऐसा लगता है कि भारत में रिश्वत दिए जाने की साजिश का खुलासा अमेरिका में हुआ है। अभी तक जो तथ्य सामने आए हैं, उनके मुताबिक, अमेरिकी अभियोजकों ने कहा है कि भारतीय अदाणी समूह के अरबपति अध्यक्ष और दुनिया के दिग्गज अमीरों में शुमार गौतम अदाणी को कथित अरबों डॉलर की रिश्वतखोरी और धोखाधड़ी योजना में उनकी भूमिका के लिए न्यूयॉर्क में दोषी माना गया है। लगाए गए आरोप के मुताबिक, गौतम अदाणी और उनके भतीजे सागर अदाणी सहित सात अन्य प्रतिवादियों ने 20 वर्षों में दो अरब डॉलर का लाभ देने वाले अनुबंध प्राप्त करने और भारत की सबसे बड़ी सौर ऊर्जा संयंत्र परियोजना विकसित करने के लिए भारत सरकार के अधिकारियों को लगभग 26.50 करोड़ डॉलर की रिश्वत देने पर सहमति व्यक्त की थी। खैर, अदाणी समूह ने आरोपों को गलत ठहराते हुए यथोचित कानूनी कार्यवाही का इरादा जाहिर किया है।

कोई पहली बार नहीं है कि यह समूह निशाने पर आया हो। हिंडनबर्ग मामले में भी इस समूह को बहुत परेशानी हुई थी। दूरगामी रूप से समूह पर कोई खास फर्क नहीं पड़ा था, पर ताजा आरोप बहुत गंभीर हैं। अगर किसी परियोजना में 2,000 करोड़ रुपये की रिश्वत अधिकारियों को दी जा सकती है, तो फिर अंदाजा लगाने की बात है कि देश में भ्रष्टाचार का क्या आकार होगा? कॉरपोरेट मामले में अधिकारियों पर आरोप लगना भी कोई नई बात नहीं है, पर अधिकारी अगर इतनी ज्यादा रिश्वत लेने लगे हैं, तो कड़ी कार्रवाई के खिलाफ भला कौन बोलेगा? कोई आश्चर्य नहीं कि यह मामला राजनीतिक तूल पकड़ चुका है। पूछा जाने लगा है कि चंद हजार का घोटाला करने वाले को तो जेल हो जाती है, पर जहां 2,000 करोड़ रुपये का घोटाला हो सकता था, वहां आरोपियों के प्रति नरमी क्यों बरती जाए? अमेरिका अगर सख्ती बरतेगा, तो अदाणी की परेशानियों में बहुत इजाफा हो जाएगा। अदाणी पर अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग के नागरिक मामले में भी आरोप लगाया गया है। अमेरिका में काम करने का अपना तरीका है, पर ऐसे मामलों में भारत में रिश्वत कतई चौंकाती नहीं है। हां, यह जरूर है कि ऐसी रिश्वत या उसकी पेशकश या उसकी संभावनाओं को अदालत में साबित करना आसान नहीं है। इसी का फायदा अनियमित आचरण वाले उद्यमी और अधिकारी हमेशा से उठाते आ रहे हैं।

**भारत के लिए भी यह अच्छी बात नहीं है कि किसी भारतीय उद्यमी को अमेरिका जैसे देश में गलत समझा या माना जाए। गोपनीय ही सही, आरोपों की पूरी जांच होनी चाहिए।**

बहरहाल, इस पूरे मामले को हर पहलू से देखना चाहिए। क्या एक बड़ी भारतीय कंपनी या समूह को निशाना बनाया जा रहा है? क्या तेजी से बढ़ते भारतीय शेयर बाजारों को नीचे लाने की साजिश हो रही है? अमेरिकी अभियोजकों को यह साबित करना चाहिए कि भारत के सबसे अमीर व्यक्ति पर लगाए गए आरोप सही हैं। भारत के लिए भी यह अच्छी बात नहीं है कि किसी भारतीय उद्यमी को अमेरिका जैसे देश में गलत समझा या माना जाए। गोपनीय ही सही, आरोपों की पूरी जांच होनी चाहिए। अगर कोई भारतीय उद्योगों के खिलाफ साजिश रच रहा है, तो उस पर शिकंजा कसना चाहिए। खुद को बेदाग साबित करने की प्राथमिक जिम्मेदारी समूह पर है, ताकि वह किसी सियासी आरोप-प्रत्यारोप से ऊपर उठकर गाढ़ी कमाई के कीर्तिमान बना सके। किसी कर्मठ उद्योग समूह के कीर्तिमान में ही देश का यश बसता है।

## हिन्दुस्तान | 75 साल पहले 22 नवंबर, 1949

### शान्ति का प्रस्ताव

पाकिस्तान और भारत के बीच अभी तक कई झगड़े चालू हैं। विभाजन के बावजूद इस झगड़ों का कोई हल नहीं निकला है। पुराने झगड़े तो थे ही, रुपये के अवमूल्यन को लेकर एक नया झगड़ा और उठ खड़ा हुआ है। उसने आर्थिक युद्ध का रूप धारण कर लिया है। पाकिस्तान और भारत के बीच बहुत बड़े परिमाण में व्यापार होता था। पाकिस्तान भारत को निर्यात अधिक करता था और आयात कम, अतः पाकिस्तान को काफी फायदा रहता था। किन्तु पाकिस्तान ने विनिमय दर में मनमाना परिवर्तन कर दिया। जहां पहले भारत और पाकिस्तान के रुपये का मूल्य बराबर था, वहां उसने भारतीय रुपये का मूल्य घटा दिया। उसने तय किया कि पाकिस्तान का १०० रुपया भारत के १४४ रुपये के बराबर माना जायेगा। भारत पाकिस्तान का यह फैसला नहीं मान सकता, कारण उसे पाकिस्तान का माल खरीदने में पहले की अपेक्षा घाटा रहता है। उसे १०० रुपये के माल के १४४ रु. देने पड़ते हैं। उधर बदली हुई विनिमय दर यदि भारत स्वीकार कर ले तो पाकिस्तान पहले की अपेक्षा काफी फायदे के साथ भारत का माल खरीद सकता है। भारत यह दुहरा घाटा नहीं सहन करना चाहता और इसलिए उसने बदली हुई विनिमय दर को मानने से इन्कार कर दिया है। इसका नतीजा यह हुआ है कि पाकिस्तान और भारत के बीच व्यापार प्रायः ठप्प हो गया है। पाकिस्तान भारत को जूट निर्यात करता था, वह पूर्वी पाकिस्तान में पड़ा सड़ रहा है और इसे कोई खरीदने वाला नहीं है। भारतीय जूट मिलों को भी कच्चा जूट न मिलने के कारण दिक्कत अवश्य हुई है, किन्तु अधिक नुकसान पाकिस्तान को ही उठाना पड़ रहा है। इसके लिए पाकिस्तान को स्वयं को ही धन्यवाद देना होगा।

पाकिस्तान की नई विनिमय दर व्यावहारिक नहीं है और इसलिए अधिक समय तक कायम नहीं रह सकती। पाकिस्तान को अपने रुपये के कृत्रिम मूल्य को कम करना ही पड़ेगा। कराची की खबर है कि लोग पाकिस्तान की सरकारी विनिमय दर की परवा न करके १०० पाकिस्तानी रुपयों के बदले १०५ से ११५ भारतीय रुपयों का सौदा कर रहे हैं। इस प्रवृत्ति को रोकने के लिए ही पाकिस्तान सरकार को कानून बनाना पड़ा है, जिसके अनुसार सरकार द्वारा निर्धारित दर से भिन्न दर पर मुद्रा का लेन-देन अपराध करार दिया गया है।

# ऋतुओं को निगलने लगा प्रदूषण



यहां स्कैन करें

**के जे रमेश** | पूर्व निदेशक, भारतीय मौसम विभाग

**इस साल अक्तूबर अंत तक मानसूनी वर्षा होती रही। इसके बाद तापमान अचानक नीचे आ गिरा, मानो हेमंत ऋतु को उसने लील लिया हो और अचानक सर्दियों के दिन शुरू हो गए।**

*झील की कोखों से जहां झांकते थे/ धूप से सोना-मढ़े भाप के छल्ले/ वहां अब मंडराता है घना नीला कुहरा...* 'हेमंत का गीत' गाते हुए अज्ञेय ने कभी इन्हीं पंक्तियों के साथ हेमंत ऋतु का स्वागत किया था, लेकिन अब कोहरा जैसा सौंदर्य इस समय शायद ही दिखता है। खूबसूरती ही नहीं, अब तो हेमंत ऋतु भी कहां महसूस कर पाते हम! वे दिन अब लद गए, जब सभी छह ऋतुएं हमें सुखद एहसास देती थीं। बसंत, ग्रीष्म, वर्षा, शरद, हेमंत और शिशिर या शीत का एक अलग ही आनंद और उत्साह लोगों में दिखा करता था। मगर अब तो सर्दी, गरमी और बरसात, यही तीन मौसम विशेषकर उत्तर भारत के लोग अनुभव करते हैं।

ऋतुएं इसलिए खत्म हो रही हैं, क्योंकि वैश्विक गर्मी (ग्लोबल वार्मिंग) व प्रदूषण ने हमारे वातावरण को करीब-करीब बीमार बना दिया है। हेमंत की बात करें, तो ग्लोबल वार्मिंग के कारण मानसून का विस्तार होने लगा है। पहले सितंबर तक सामान्यतः मानसून खत्म हो जाता था, जिसके बाद हल्की ठंड की दस्तक होती थी। मगर इस साल अक्तूबर अंत तक मानसूनी बारिश होती रही। इसके बाद तापमान अचानक नीचे गिरा और मानो हेमंत ऋतु को उसने जैसे लील ही लिया। वैसे, इन दिनों तापमान 15-16 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना रहा, लेकिन प्रदूषण के कारण ठंड का एहसास नहीं हो सका। कुछ यही हाल वसंत का भी है। बीते तीन-चार वर्षों से मार्च-अप्रैल से ही अब हीट वेब (अत्यधिक गरमी) शुरू हो जाती है। नतीजतन, वसंत की बयार नहीं बहती, गरमी का ताप हम झेलते हैं।

दरअसल, यह अनुमान लगाया गया था कि इंसानी गतिविधियों के कारण साल 2030 तक वैश्विक तापमान में 1.5 डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि होगी। मगर अभी जब तापमान 1.1 या 1.2 डिग्री सेल्सियस तक है, हम मौसम संबंधी उन तमाम मुश्किलों का सामना करने लगे हैं, जो 1.5 डिग्री सेल्सियस पर तापमान के पहुंचने के बाद होने की आशंका जताई गई थी। हालांकि, अजरबैजान के बाकू में चल रहे कॉप-29 जलवायु-वार्ता सम्मेलन में कहा गया है कि साल 2024 के शुरुआती नौ महीनों में वैश्विक औसत तापमान पूर्व-औद्योगिक औसत से 1.5 डिग्री सेल्सियस अधिक था। इसी कारण, हम चरम मौसम की अवस्था देखने लगे हैं।

दिक्कत यह है कि इस तरह की रिपोर्टें जब आती हैं, तब तो हम सजगता दिखाते हैं, लेकिन बाद में उसे ठंडे बस्ते में डाल देते हैं। जैसे कि साल 2017 में ही जलवायु-परिवर्तन पर एक अंतर-सरकारी पैनल (आईपीसीसी) ने अपनी रिपोर्ट में बता दिया था कि सर्दी में तापमान में तुलनात्मक रूप से वृद्धि देखी जा रही है, जिस कारण लोग पहले के मुकाबले कम ठंड महसूस करने लगे हैं। उसने इसकी वजह वैश्विक गर्मी बताई थी, जिसमें प्रदूषण का बड़ा योगदान होता है। मगर इस पर ध्यान नहीं दिया गया।

असल में, सर्दियों में गंगा के मैदानी इलाकों में वातावरण काफी स्थिर हो जाता है। यह स्थिति पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल, भूटान जैसे देशों में भी दिखती है। इस ठहरे वातावरण में हलचल तभी होती है, जब पश्चिमी विक्षोभ जैसी कोई मौसमी परिघटना होती है। मगर ऐसा कभी-कभार ही होता है, जिस कारण यहां प्रदूषण भी ठहर जाता है। देखा जाए, तो भारत के उत्तरी हिस्से में प्रदूषण 365 दिनों की समस्या है। गर्मी में हवा गर्म हो जाने से ऊपर उठ जाती है, जिससे प्रदूषकों का बिखराव हो जाता है और वायु गुणवत्ता उतनी खराब नहीं होती। मगर सर्दियों में मौसम में ठहराव से प्रदूषण की सघनता बढ़ती जाती है। रही-सही कसर पराली और पटाखे पूरी कर देते हैं। कोहरा और प्रदूषक मिलकर स्मॉग, यानी सघन धुंध का निर्माण करते हैं, जिससे आबोहवा दम घोंटने वाली बन जाती है। कल्पना कीजिए, यदि दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक यूं ही महीना भर 400-500 के पार बना रहे, तो लोग किस कदर जानलेवा रोग के शिकार बन जाएंगे।


आखिर इस समस्या का समाधान क्या है? इसका समाधान वहीं करना होगा, जहां से प्रदूषण पैदा हो रहा है। सबसे पहले, सूखे पत्तों या गोबर के उपलों का ईंधन के रूप में इस्तेमाल तत्काल बंद होना चाहिए। यह सही है कि अब गांव-गांव में घरेलू एलपीजी पहुंच चुकी है, लेकिन गैस आज भी गरीब ग्रामीणों के लिए तुलनात्मक रूप से महंगी है। इसी तरह, कूड़े को पहाड़ों को भी हमें हटाना होगा। राजधानी दिल्ली में ही कई ऐसे पहाड़ खड़े हो गए हैं, जहां से मिथेन और ओजोन जैसी हानिकारिक गैस उत्सर्जित होती रहती हैं। इनको हटाने के साथ-साथ हमें सभी कॉलोनियों और सोसायटियों में स्थानीय तौर पर कचरा के निस्तारण के लिए कैप्टिव सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट और कैप्टिव वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट भी लगाने होंगे, ताकि घरों का कचरा आसपास ही निस्तारित हो सके।

गाड़ियों से होने वाले प्रदूषण को भी हमें रोकना होगा। सार्वजनिक परिवहन पर तो हमारे देश में काम हुआ है, लेकिन अब वक्त निजी परिवहन में सुधार का है। इसके लिए सड़कों पर से डीजल वाहन हटाने आवश्यक हैं। परिवहन से होने वाले प्रदूषण में बड़ा योगदान डीजल वाली गाड़ियों का ही है और शहरों में ऐसी गाड़ियां बहुतायत में दिखती हैं। कार-पुलिंग भी की जा सकती है। इन सबसे परिवहन प्रदूषण का तकरीबन 30 फीसदी हिस्सा हम कम कर सकेंगे। जरूरी यह भी है कि सर्दियों में हरियाणा, पंजाब, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, पूर्वी राजस्थान, उत्तरी मध्य प्रदेश आदि हिस्सों में स्थापित कोयले से बिजली पैदा करने वाली इकाइयों को बंद किया जाए। ऐसा कम से कम 1 नवंबर से 15 दिसंबर तक किया जाना आवश्यक है। इससे हमारी बिजली आपूर्ति पर कोई असर नहीं पड़ेगा, क्योंकि इस समय बिजली की मांग काफी कम हो जाती है, जिसकी पूर्ति नजदीकी इकाइयों से की जा सकती है। इससे भी हम दिल्ली की आबोहवा में बाहर से आने वाले प्रदूषण का करीब 30 प्रतिशत हिस्सा कम कर सकते हैं। फिर, पराली व पटाखों पर काम चल ही रहा है। यानी, हम प्रदूषण को काफी हद तक थाम सकेंगे। बड़ा सवाल यही है कि ऐसा होगा कैसे? वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) बनाया तो गया, पर जब तक राज्य सहयोग नहीं करेंगे, तब तक यह आयोग भी कुछ नहीं कर सकता। सुप्रीम कोर्ट की आपत्ति भी तो इन्हीं सब बातों पर है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)



# कंगारुओं के मैदान में साख बचाने उतरे भारतीय क्रिकेटर



यहां स्कैन करें

**सुरिंदर खन्ना** | पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर

सवाल उठ रहा है कि क्या भारतीय क्रिकेट का नया दौर शुरू हो गया है। टी20 की टीम अलग है और टेस्ट टीम बिल्कुल अलग, पर मुझे लगता है, भारतीय क्रिकेट का यह नया दौर नहीं है। हमने जो टीम दक्षिण अफ्रीका भेजी या जो टीम टेस्ट खेलने ऑस्ट्रेलिया गई है, यह हमारी योजना में नहीं था। सच्चाई है कि अनेक खिलाड़ी रणजी ट्रॉफी या घरेलू क्रिकेट में चार दिन के मैच खेलना नहीं चाहते हैं। जल्दीबाजी में ये टूर बना दिए गए। एक टीम सूर्य कुमार यादव के नेतृत्व में दक्षिण अफ्रीका गई और एक टीम रोहित शर्मा के नेतृत्व में ऑस्ट्रेलिया में है।

मेरा मानना है कि हमारे खिलाड़ी रणजी ट्रॉफी के मैच खेलते, तो युवा खिलाड़ियों को अभ्यास का मौका मिलता और बड़े खिलाड़ियों को भी लय में आने में सुविधा होती। खिलाड़ियों की फिटनेस और क्रिकेट का स्तर सुधरता। जब कोई गेंदबाज एक दिन में बीस ओवर गेंद डालता है और सत्तर ओवर क्षेत्ररक्षण करता है, तो उसे बहुत फिट रहना पड़ता है। चिंता होने लगी है कि टी20 खेलकर अनेक खिलाड़ियों की लय बिगड़ी है और हम टेस्ट मैच में हारने लगे हैं। जिस तरह से न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट में भारतीय टीम का सूपड़ा साफ हुआ है, वैसा 94 साल में कभी नहीं हुआ था।

**जब हम अलग-अलग टीमों के साथ हर फॉरमेट में बेहतर प्रदर्शन करने लगेंगे, तब माना जाए कि भारतीय क्रिकेट में नया दौर आ गया है।**

प्रदर्शन में सुधार के लिए मुझे लगता है कि खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट जरूर खेलनी चाहिए। हमारी टीम टी20 में तो जीत रही है, पर न्यूजीलैंड के खिलाफ जैसे हारी है, उस पर चिंतित होना बनता है। जब हम अलग-अलग टीमों के साथ अलग-अलग फॉरमेट में बेहतर प्रदर्शन करने लगेंगे, तब मानना चाहिए कि भारतीय क्रिकेट में नया दौर आ गया है, फिलहाल तो पुराना दौर ही चल रहा है।

अब ऑस्ट्रेलिया में हम पांच टेस्ट मैच की बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में खेल रहे हैं। हमारे पास बहुत समय था। अपने देश में न्यूजीलैंड के खिलाफ गेंदें नीचे रह रही थीं, पर ऑस्ट्रेलिया में गेंद जबड़े तक उछलेगी, तो हमें वहां जल्दी पहुंचकर ज्यादा अभ्यास करना चाहिए था। हमने जो अभ्यास किया, उसी में तीन-चार खिलाड़ी चोटिल हो गए। कप्तान रोहित शर्मा अभी ऑस्ट्रेलिया नहीं गए हैं, यहां उनके परिवार का विस्तार हुआ है। उन्हें ऑस्ट्रेलिया में पहले टेस्ट में खेलने के लिए जाना चाहिए था। पहले टेस्ट मैच से पहले भारतीय टीम के पास दस दिन थे, वहां वह एक या दो अभ्यास मैच खेल सकती थी। इससे खिलाड़ी वहां के माहौल, मौसम, उछाल के अनुकूल ढल जाते। नेट में किया गया अभ्यास पर्याप्त नहीं होता है।

भारतीय खिलाड़ियों में खेल के प्रति प्रतिबद्धता बढ़नी चाहिए। मुझे याद है, मेरी शादी हुई थी, जिस दिन फेरे हुए, उसी दिन बिशन सिंह बेदी जी का संदेश और टिकट मुझे मिला कि इंडियन एयरलाइंस के खिलाफ सेल का मैच है, खेलने पहुंच जाओ। शादी की अगली सुबह ही मैं रवाना हो गया। जब मैदान पर पहुंचा, तो मेरी टीम 18 रन पर 6 विकेट गंवा चुकी थी। लोगों को पता था, इसकी कल ही शादी हुई है, ये क्या खेलेगा, पर मैंने वहां 89 रन बनाए थे। प्रतिबद्धता की बात है, जिसे बनाए रखना चाहिए।

खैर, यहां देश के लिए खेलने की बात है। इसमें कोई शक नहीं कि टीम जीतती है, तो सब खुश रहते हैं, पर जब टीम हारती है, तो सभी डॉक्टर बन जाते हैं। प्रतिभा स्थायी होती है और फॉर्म या लय अस्थायी। हमें जरूर सोचना चाहिए कि हम अपने मैदानों पर बुरी तरह से हारे हैं, टीम और उसके प्रशंसकों का मनोबल भी कम होगा।

तय है कि हम अपने प्रदर्शन से और नीचे तो नहीं जाएंगे, हमें ऊपर ही उठना है। याद कीजिए, साल 2020-21 में ऑस्ट्रेलिया के पिछले दौरे में पहले टेस्ट में टीम 36 रन पर ऑलआउट हो गई थी, हम हार गए थे। उसके बाद विराट कोहली पारिवारिक जिम्मेदारी की वजह से स्वदेश लौट आए थे। कप्तानी अजिंक्या रहाणे ने संभाल ली थी। तब भी मेरी कोच रवि शास्त्री से बात हुई थी और मैंने कहा था, 'घबराओ मत, टीम को लड़ाओ, क्षमता है, यही टीम बेहतर प्रदर्शन करेगी।' रहाणे के नेतृत्व में भारतीय टीम ने शृंखला में ऑस्ट्रेलिया को फिर जीतने न दिया और 2-1 से जीत दर्ज की। जो बात मैंने तब कही थी, वही मैं गौतम गंभीर से कहूंगा। टीम को एकजुट करो, हम देश के लिए खेल रहे हैं, हमें पूरी मजबूती से मुकाबला करना है। खिलाड़ियों को कभी भूलना नहीं चाहिए कि एक विशाल-महान देश की शुभकामनाएं उनके साथ हैं।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

## मनसा वाचा कर्मणा

# भक्ति और वरदान

किसी भक्त ने यह जिज्ञासा प्रकट की है कि प्रकृति के नियमों के अनुसार हरेक क्रिया की एक प्रतिक्रिया होती है। व्यक्ति जो करता है, उसी के हिसाब से उसे फल भी भोगना पड़ता है। यह नियम अपरिवर्तनीय है, तो फिर प्रार्थनाएं कैसे भाग्य बदल सकती हैं? कर्मफल तो भोगना ही होगा।

भगवान के गुणों को गाना ही स्तुति है। स्पष्ट रूप से उन्हें प्रसन्न करने के उद्देश्य से ही स्तुति की जाती है। भगवान सर्वज्ञ हैं। ऐसे में, कोई भगवान को यह कहे कि आप दयालु हैं, सर्वशक्तिमान हैं और कल्याणकारी हैं, इसका क्या प्रयोजन? चूंकि भगवान सर्वशक्तिमान हैं, वह अपनी सत्ता से किसी को अपने कर्मों के परिणाम से छूट दे सकते हैं। भक्ति एक संस्कृत शब्द है, जो 'भज्' धातु में 'क्तिन' प्रत्यय के जुड़न से बना है, जिसका अर्थ है श्रद्धा से पुकारना। यह स्तुति या प्रार्थना से भिन्न है। यह केवल भगवान को श्रद्धा से पुकारना है। इस पुकार के उद्देश्य को देखना होगा। जो भी व्यक्ति परम ब्रह्म के सृजन के उद्देश्य को समझ जाता है और उसकी चेतना में विलीन होने के प्रयास करता है, उसे भक्ति का आश्रय लेना पड़ता है। वही एकमात्र मार्ग है, जो हमें ब्रह्म तक पहुंचने की दिशा में अग्रसर करता है और यह मार्ग केवल भक्ति द्वारा संभव है।

मानव मन की प्रकृति ही ऐसी है कि यह उस विचार या सत्ता जैसा बन जाता है, जिसे वह श्रद्धा और लगन से स्वीकार करता है। जैसे, अगर कोई खुद को पागल मानने लगे, तो वह वास्तव में पागल बन जाता है, क्योंकि उसका मन पूरी तरह से उस विचार पर केंद्रित हो जाता है। इसी प्रकार, अगर कोई मानता है कि वह बीमार है, तो इस सोच से वह इतना प्रभावित हो जाता है कि उसके बीमार होने की आशंका बढ़ जाती है।

'मैं वही हूं' यह विचार आत्मा को पूरी तरह से समर्पित करना चाहिए, ताकि एक दिन वह वही बन जाए। भक्ति, श्रद्धा या ब्रह्म की पुकार आत्मा को ब्रह्म के समान बना देती है। भगवान का उद्देश्य ही मानवता को मुक्ति देना है और इसी उद्देश्य से उन्होंने सृजन की प्रक्रिया की है। यह भगवान की इच्छा है और

**यह एकमात्र ऐसा मार्ग है, जिसके द्वारा कोई व्यक्ति ब्रह्म के साथ एकाकार हो सकता है और यही एकमात्र तरीका है, जो उसे सर्वोत्तम और सबसे तेज मुक्ति की ओर ले जा सकता है।**

इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए सृष्टि की प्रत्येक वस्तु मार्गदर्शक है। जो भक्ति के जरिये इस उद्देश्य को पूरा करने के प्रयास करता है, वह किसी वरदान की कामना नहीं कर रहा होता।

भगवान द्वारा उत्पन्न हरेक व्यक्ति का यही उद्देश्य है कि वह एक दिन ब्रह्म में विलीन हो जाए। भक्ति एकमात्र ऐसा मार्ग है, जिसके द्वारा कोई व्यक्ति ब्रह्म के साथ पूरी तरह से एकाकार हो सकता है और यही एकमात्र तरीका है, जो उसे सर्वोत्तम और सबसे तेज मुक्ति की ओर ले जा सकता है।


श्री श्री आनंदमूर्ति

**सचिन तेंदुलकर** | क्रिकेटर



**बच्चों के सोचने, दुनिया को देखने और अपनी राय देने का तरीका मुझे बहुत पसंद है। आइए, बच्चों की आशाओं, उनके सपनों और भविष्य को लेकर उनके 'विजन' को सुनें और सहभागिता के उनके अधिकारों को बढ़ावा दें।**

## अनुलोम-विलोम
### ट्रेलर की लॉन्चिंग



# पूरी तरह अभासी लोकतंत्र का आभास

बिहार की राजधानी पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में बहुप्रतीक्षित फिल्म *पुष्पा 2* के ट्रेलर लॉन्च के अवसर पर एकत्र हुई बेशुमार भीड़ इस बात की गवाह है कि भारत में लोकतंत्र आज भी सिर्फ एक आभासी सत्य है। शिक्षा, यातायात, स्वास्थ्य, रोजगार, सामाजिक समरसता जैसे प्राथमिक व जरूरी मुद्दों को ताक पर रखकर जिस देश के नौजवान एक सिनेमाई फिक्शन के पीछे पागलपन की हदें पार कर दें, जुनून में मोबाइल टावर पर चढ़ जाएं, उस देश में अब तो एक आदर्श लोकतांत्रिक व्यवस्था कायम हो पाना दिवास्वप्न जैसा ही प्रतीत होने लगा है। धर्म, जाति और सिनेमाई फिक्शन के प्रति लगातार बढ़ते पागलपन का लाभ उन राजनीतिक दलों को मिलना सुनिश्चित है, जो अराजक और बुद्धिहीन भीड़ के सहारे अनंतकाल तक आभासी लोकतंत्र के सिंहासन पर जमे रहने को आतुर हैं। गंभीर राजनीति के दिन इस तरह लद जाएंगे, जिसे सुखद नहीं कहा जा सकता। हमें सकारात्मक सियासत को बचाकर रखना होगा।

पंकज, टिप्पणीकार

## बेरोजगारी रही वजह

लोग क्यों न बार-बार पूछें कि बिहार में इतनी बेरोजगारी क्यों है? अरे भाई, गांधी मैदान में किसी नेता की कोई रैली नहीं थी, न ही कोई अंतरराष्ट्रीय कंसर्ट का आयोजन किया गया था। वहां लाखों की भीड़ इसलिए जमा हुई थी, क्योंकि *पुष्पा-2* फिल्म का ट्रेलर लॉन्च हो रहा था। सोचने की बात है, जब मुद्दा अपने हक, रोजगार और अधिकार का आता है, तब यही भीड़ सड़कों पर नहीं दिखाई देती, लेकिन एक फिल्म के ट्रेलर के लिए यहां रिकॉर्ड-तोड़ भीड़ जुट जाती है। दक्षिण के अभिनेताओं और निर्देशकों ने समझ लिया है कि अगर ट्रेलर लॉन्च का शोर उत्तर भारत में न किया जाए, तो वह शोर अधूरा रह जाएगा। उन्होंने पटना को चुना, क्योंकि उन्हें पता था कि उत्तर प्रदेश और बिहार में ही बेरोजगारी का हाल ऐसा है कि लोग जेसीबी से होने वाली खुदाई को देखने के लिए भी भीड़ लगा देते हैं। यह भीड़ एक और तस्वीर दिखाती है- भारी जनसंख्या और रोजगार की कमी का। पुष्पा झुकेगा नहीं, लेकिन बिहार का युवा झुक गया है, बेरोजगारी के बोझ के तले। सवाल यही है कि कब यह भीड़ अपनी ताकत रोजगार और विकास के लिए दिखाएगी, न कि सिर्फ ट्रेलर और तमाशों के लिए? विकसित भारत बनने के लिए इन नौजवानों के हाथों में काम देना ही होगा और अगर युवा पीढ़ी के पास काम नहीं होगा, तो उनके अंदर का गुबार यूं ही भीड़ के रूप में बाहर आता रहेगा।

राहुल झा, टिप्पणीकार

# बदलते बिहार की गवाही देता आयोजन

जो लोग बिहार को अब भी बीमारू राज्य मानते हैं और यही बताते हैं कि यह सूबा काफी पिछड़ा है, उनको बीते कुछ दिनों की खबरें आईना दिखा सकती हैं। बिहार में इस समय उद्योग, शिक्षा, रोजगार, कृषि, खेल और स्वास्थ्य के क्षेत्र में अभूतपूर्व काम हो रहा है, जो शायद बीते कई दशकों में नहीं हुए थे। प्रधानमंत्री ने कुछ ही दिनों पहले वहां एक के बाद दूसरी कई योजनाओं की शुरुआत तो की ही है, राजगीर में अंतरराष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ है, तो अल्लू अर्जुन व रश्मिका मंदाना की फिल्म *पुष्पा-2* का ट्रेलर पटना के गांधी मैदान में लॉन्च किया गया है। यह सब बदलते बिहार की गवाही दे रहे हैं। ऐसे में, लोग स्वाभाविक ही यह चर्चा करने लगे हैं कि साल 2047 तक बिहार भी महाराष्ट्र, गुजरात व कर्नाटक जैसे राज्यों की श्रेणी में पहुंच सकता है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डबल इंजन की सरकार बिहार को सैकड़ों साल के अभिशाप से मुक्ति दिलाने के लिए काफी तेजी से काम कर रही है। साल 2047 तक प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य बना रखा है। जाहिर है, बिहार के विकास के बिना भी यह लक्ष्य हासिल किया जा सकता है, लेकिन सबको साथ लेकर ही सबके विकास की हिमायती केंद्र सरकार है। यही कारण है कि बिहार ने भी अब विजन-2047 पर काम करना शुरू कर दिया है, जिसका हमें स्वागत करना चाहिए।

महेंद्र द्विवेदी, टिप्पणीकार

## ताकत का एहसास

दक्षिण का कोई लोकप्रिय कलाकार और जिसकी फिल्म पूरे विश्व में सफलता के झंडे गाड़ चुकी हो, वह अगर पटना में अपनी फिल्म का ट्रेलर लॉन्च करे, तो यह बदलते बिहार का ही संकेत है। यह बताता है कि बिहार अब उस दौर से बाहर निकल चुका है, जब इसे 'मजदूर सप्लाई जोन' के रूप में प्रचारित किया जाता था। आज तो बिहार के अंदर भी रोजगार की असीम संभावनाएं पैदा हो चुकी हैं और लोग अपने गांव-घर में ही काम करना पसंद करने लगे हैं। इसीलिए तो, जब अल्लू अर्जुन ने अपनी फिल्म *पुष्पा-2* का ट्रेलर गांधी मैदान में लॉन्च किया, तो लोगों को हुजूम उमड़ पड़ा। इस भीड़ में भले ही कुछ नाकाम युवा भी होंगे, लेकिन पूरी भीड़ ही बेरोजगारों की थी, ऐसा कहना गलत होगा। यह बिहार की ताकत ही है कि सुदूर दक्षिण के कलाकार भी अब यहां अपनी फिल्मों का प्रचार करना चाहते हैं, क्योंकि उनको पता है कि बिहार, उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में सफलता से ही उनकी फिल्मों की सफलता तय होगी।

दीपक, टिप्पणीकार

# कम रक्तचाप के खतरे भी कम नहीं

उच्च रक्तचाप की तरह ही लंबे समय तक रक्तचाप का कम बने रहना भी दिल व तंत्रिका तंत्र की सेहत को नुकसान पहुंचा सकता है। खास बात यह है कि अधिकतर लोग लो-बीपी के मामले में डॉक्टर के पास जाने में अकसर लापरवाही बरतते हैं। किन बातों को समझना जरूरी है, बता रहे हैं विवेक शुक्ला




अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के अनुसार निम्न रक्तचाप (लो ब्लड प्रेशर या हाइपोटेंशन) के मामले में लापरवाही बरतना हाई ब्लड प्रेशर (हाइपरटेंशन) की तरह सेहत के लिए नुकसानदेह हो सकता है। चिंता की बात यह है कि जितनी जागरूकता हाई बीपी के लिए देखने को मिलती है, उतनी निम्न रक्तचाप के लिए नहीं। लो ब्लड प्रेशर होने पर शरीर के अंगों को पर्याप्त मात्रा में खून व ऑक्सीजन की पूर्ति नहीं होती, जिस कारण वे सुचारु ढंग से कार्य नहीं कर पाते। इस स्थिति में स्ट्रोक व हार्ट अटैक का जोखिम बढ़ सकता है। निम्न रक्तचाप बने रहने पर संतुलन खोने या बेहोशी आने पर गिरने व चोट लगने की आशंका बढ़ जाती है, जिससे चोट लग सकती है। गंभीर स्थितियों में तंत्रिका तंत्र पर भी बुरा असर पड़ सकता है।

## निम्न रक्तचाप के लक्षण

आमतौर पर सामान्य रक्तचाप 120/80 एमएम/एचजी होता है, लेकिन जब इसकी रेंज 90/60 से कम होती है, तो इसे लो बीपी (हाइपोटेंशन) कहा जाता है। लक्षण निम्न रूप से दिखाई देते हैं-

■ दिल की धड़कन तेज होना ■ चक्कर आना। सीने में दर्द ■ व्यक्ति या वस्तु के संदर्भ में भ्रमित होना ■ आंखों के सामने अंधेरा छाना ■ सांस लेने में दिक्कत ■ जी मिचलाना हाथ-पैर ठंडे होना ■ पसीना आना ■ नींद में रहना ■ सिरदर्द, थकावट व कमजोरी रहना ■ भूख न लगना। एकाग्रता में कमी ■ मस्तिष्क या न्यूरोलॉजिकल समस्याएं ■ पेट की खराबी। उपरोक्त लक्षणों में से कुछ का अनुभव हो रहा है या फिर ऐसा जल्दी-जल्दी हो रहा है तो डॉक्टर से सलाह लें।

## लो ब्लड प्रेशर के कारण

■ **डिहाइड्रेशन** लो बीपी का सबसे सामान्य कारण है। शरीर में पानी व तरल पदार्थों की कमी होने पर खून की मात्रा में कमी हो जाती है, जिससे बीपी कम हो जाता है।

■ **हृदय** से जुड़ी समस्याएं मसलन हार्ट वॉल्व में गड़बड़ी व दिल कमजोर होना।

■ **दुर्घटना** या हादसे में बहुत खून बहना।

■ **एनीमिया** यानी खून की कमी होने पर।

■ **पोषक तत्वों** खासकर आयरन व बी-12 कम होने पर शरीर में लाल रक्त कोशिकाओं की कमी।

■ **बीपी व हृदय रोगों** से जुड़ी दवाओं का असर।

■ **गर्भावस्था** के दौरान भी बीपी कम हो सकता है, जो बच्चे के जन्म के बाद सामान्य हो जाता है।

■ **अन्य समस्याएं:** कुछ रोग अंतःस्रावी ग्रंथियों को प्रभावित करते हैं। इसके अलावा कुछ न्यूरोलॉजिकल समस्याएं जैसे पार्किन्सन व मल्टीपल सिस्टम एट्रोफी में भी बीपी कम हो जाता है। इसके अलावा थाइरॉइड की गड़बड़ी और मधुमेह पीड़ितों में शर्करा का निम्न स्तर भी रक्तचाप में कमी का कारण बन सकता है।

■ गंभीर बैक्टीरियल इंफेक्शन व एलर्जी होने पर

## निम्न रक्तचाप के प्रकार

■ **ऑर्थोस्टेटिक हाइपोटेंशन:** निम्न रक्तचाप के इस प्रकार को पोस्चुरल हाइपोटेंशन भी कहा जाता है। इस समस्या में बैठने या लेटने के बाद खड़े होने पर बीपी में अचानक गिरावट होती है। इसमें चक्कर आने, कमजोरी और कम ब्लड प्रेशर के सिम्पटम्स होते हैं। इसके कारणों में डिहाइड्रेशन, लंबे समय तक बिस्तर पर आराम करना आदि शामिल हैं। गर्भवती महिलाओं और वृद्धों में ज्यादा होता है।

■ **सेकेंडरी हाइपोटेंशन:** ऐसे निम्न रक्तचाप का कारण किसी बीमारी के कारण होता है, जैसे दिल संबंधी समस्याएं, डायबिटीज, एनीमिया, थाइरॉयड की समस्या और न्यूरोलॉजिकल समस्याएं आदि।

## जांच व उपचार

डॉक्टर रोगी की शारीरिक व मानसिक स्थितियों, रोग के इतिहास के बारे में जानकारी करते हैं। रक्तचाप की जांच की जाती है। कारण को समझने के लिए कंप्लीट ब्लड काउंट व थाइराइड फंक्शन टेस्ट आदि जांचें कराते हैं। लक्षणों के आधार डॉक्टर दिल व धड़कन की गति को समझने के लिए इलेक्ट्रोकार्डियोग्राफी से जुड़ी जांच भी करा सकते हैं। निम्न रक्तचाप के संदर्भ में कोई एक दवा निर्धारित नहीं है। इसका कारण यह है कि लो ब्लड प्रेशर की समस्या विभिन्न बीमारियों और शारीरिक स्थितियों के कारण हो सकती है और होती भी है। ऐसे में उस रोग या संक्रमण का उपचार होने पर रक्तचाप सामान्य हो जाता है। यदि किसी हादसे में किसी व्यक्ति का खून बहुत बह चुका है तो उसे रक्त चढ़ाया जाता है। समस्या डीहाइड्रेशन की है तो विभिन्न उपचार के साथ खानपान में सुधार करते हैं।



## राहत देंगे ये उपाय

■ **नियमित चेकअप:** निम्न रक्तचाप के लक्षण महसूस होने पर डॉक्टर के यहां या स्वयं से ब्लड प्रेशर जांचें। नियमित जांच करते रहें। लंबे समय तक रक्तचाप कम बना हुआ है तो डॉक्टर से सलाह जरूर लें।

■ **पर्याप्त पानी पिएं:** रोजाना कम से कम 8-10 गिलास पानी पिएं। अगर कोई श्रमसाध्य कार्य कर रहे हैं तो इससे ज्यादा भी पानी पिया जा सकता है।

■ **नमक की मात्रा का ध्यान रखें:** निम्न रक्तचाप होने की स्थिति में खाद्य व पेय पदार्थों में नमक की मात्रा थोड़ी बढ़ा सकते हैं। पर, सामान्य ब्लड प्रेशर होने पर नमक कम लें।

■ **संतुलित भोजन:** लंबे समय तक भूखे न रहें। नियमित व संतुलित आहार करें। साबुत अनाज, फली व बींस आहार में शामिल करें।

■ **रोज फल खाएं:** फल पोषक तत्वों व एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होते हैं। मौसमी फलों का सेवन करें। खासतौर पर संतरा, केला व अंगूर व अनार खाएं। इनमें पोटैशियम भरपूर होता है। विटामिन सी व पोटैशियम रक्तचाप को नियमित रखते हैं।

■ **नींद पूरी करें:** थकान महसूस हो रही है तो आराम करें। भरपूर नींद लें।

■ **नकारात्मकता से बचें:** तनाव, चिंता और नकारात्मक विचारों को कम करने के लिए सकारात्मक सोच रखें।

### योग और व्यायाम है जरूरी

नियमित व्यायाम करना रक्तचाप को काबू रखने में मदद करता है। अपनी उम्र व शारीरिक शक्ति के अनुसार व्यायाम करें और टहलें। ताड़ासन, शशांकासन और सूर्य नमस्कार का अभ्यास निम्न रक्तचाप की समस्या में लाभप्रद हैं। निम्न रक्तचाप की समस्या होने पर अनुलोम-विलोम, कपालभाति और भ्रामरी प्राणायाम करना फायदा पहुंचाता है।

## सही पॉस्चर भी है जरूरी

ऑर्थोस्टेटिक हाइपोटेंशन या पॉस्चुरल हाइपोटेंशन होने पर पॉस्चर ठीक रखने की सलाह दी जाती है। जैसे, बिस्तर में सिर की तरफवाले हिस्से को कुछ ऊंचाई पर रखना, खड़े होने पर आने वाले चक्कर में राहत दे सकता है। इसी तरह लंबे समय तक खड़े होने से बचें। डॉक्टर स्टॉकिंग्स पहनने की सलाह भी दे सकते हैं।

### प्राकृतिक उपाय

**घरेलू उपचार डॉक्टर के परामर्श का विकल्प नहीं हैं, पर, अस्थायी रूप से तुरंत राहत मिल सकती है-**

■ **नारियल पानी:** रोजाना एक गिलास नारियल पानी पीना रक्तचाप से जुड़ी समस्याओं में लाभ पहुंचाता है।

■ **तुलसी का रस:** तुलसी के पत्तों का रस पीने से निम्न रक्तचाप में लाभ मिलता है। तुलसी की पत्तियों को पीसकर चाय की दो चम्मच भर रस निकालें और रोजाना खाली पेट लें।

■ **अदरक का रस:** अदरक का थोड़ा सा रस गुनगुने पानी के साथ पिएं।

■ **मुनक्का:** रात में 5-6 मुनक्के भिगोएं और सुबह उठकर खाएं।

■ **कॉफी या दूध पिएं:** एक कप स्ट्रॉन्ग कॉफी पीने से तुरंत राहत मिलती है। गर्म दूध भी ले सकते हैं।

■ **नमक-नीबू पानी:** तुरंत राहत के लिए पिएं।

**हमारे विशेषज्ञ:**
**डॉ. आर. आर. कासलीवाल**, सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट, मेदांता हॉस्पिटल, गुरुग्राम।
**डॉ. अकदस मुमताज**, कार्डियोलॉजिस्ट, एपेक्स हॉस्पिटल, वाराणसी।

# गंभीर साबित हो सकती है रीढ़ की चोट

स्पाइनल कॉर्ड में चोट लगना एक आपात स्थिति है, जिसके लिए तुरंत जांच व उपचार की जरूरत होती है। क्या करना जरूरी है, जानें शमीम खान से

**द इंडियन** स्पाइनल इंजरीज सेंटर के एक सर्वे में सड़क दुर्घटनाएं स्पाइन कॉर्ड में लगी चोट का सबसे प्रमुख कारण हैं। स्पाइन कॉर्ड शरीर का एक जरूरी और नाजुक भाग है। यह एक ट्यूब जैसी संरचना है, जो गर्दन से लेकर रीढ़ के निचले हिस्से तक होती हैं। मस्तिष्क और शरीर के बीच विभिन्न संदेशों का आदान-प्रदान स्पाइनल कॉर्ड (मेरुदंड) में मौजूद तंत्रिकाओं के जरिये होता है। इसी से चलने-फिरने, तैरने, पेशाब आदि सभी गतिविधियां नियंत्रित होती हैं। इस हिस्से में हुई कोई भी क्षति होने पर शरीर लकवाग्रस्त हो जाता है।

## बढ़ जाता है खतरा

सी के बिरला हॉस्पिटल में स्पाइन सर्जरी विभाग प्रमुख डॉ. अरुण भनोट के अनुसार, 'पुरुषों में स्पाइनल कार्ड ट्रॉमा के मामले अधिक देखने को मिलते हैं। 16-30 वर्ष या 65 वर्ष से अधिक आयु वालों में ऐसा अधिक होता है। जोखिमपूर्ण गतिविधियों जैसे बिना सुरक्षा ड्राईविंग या रोमांचक खेलकूद गतिविधियों में भाग लेना, ऊंचाई से गिरना, रीढ़ के चोटिल होने की आशंका बढ़ाता है। शारीरिक रूप से कमजोर व गठिया की स्थिति में भी रीढ़ के क्षतिग्रस्त होने का खतरा बढ़ जाता है। सेहत समस्याएं जैसे कैंसर, सूजन, संक्रमण या डिस्क में विकृति भी स्पाइनल कॉर्ड को क्षति पहुंच सकती है।'

### खतरे के संकेत

■ शरीर के किसी भाग या पूरे शरीर की मूवमेंट प्रभावित होना ■ संवेदना खत्म हो जाना, जिसमें ठंडा, गर्म और छूने की क्षमता शामिल है ■ मल या मूत्र रोकने पर नियंत्रण न रहना ■ नर्व फायबर के क्षतिग्रस्त होने से दर्द, कड़ापन या झुनझुनी महसूस होना ■ हाथ, पैर व इनकी उंगलियों में सुन्नपन होना ■ कमजोरी और संतुलन बनाने में परेशानी होना ■ किसी अंग या पूरे शरीर का लकवाग्रस्त होना ■ चलने, खड़े होने, सांस लेने आदि में परेशानी होना ■ ध्यान केंद्रित करने में परेशानी।



## जांच व उपचार

डॉ. अरुण भनोट के अनुसार, स्थिति की गंभीरता समझने के लिए एक्स-रे, सीटी स्कैन, एमआरआई स्कैन, म्येलोग्राम आदि टेस्ट कराए जाते हैं। मध्यम स्तर की चोटों को दवाओं व दूसरे उपचार से ठीक किरते हैं। गंभीर मामलों में सर्जरी की जाती है, जो कई तरह की होती हैं-

■ **माइक्रो-एंडो डिसेक्टोमी:** रप्चर्ड (टूटी या फटी हुई) डिस्क को ठीक करने के लिए मिनिमली इनवेसिव तकनीक से सर्जरी की जाती है। सर्जरी से डिस्क या क्षतिग्रस्त भाग को निकाल देते हैं।

■ **स्पाइनल फ्यूजन:** रीढ़ की हड्डी की एक या अधिक कशेरूका को जोड़ने के लिए स्पाइनल फ्यूजन प्रोसीजर किया जाता है।

■ **सर्जिकल डिकम्प्रेशन:** इनके जरिये स्पाइनल कॉर्ड या नर्व रूट्स या दोनों पर पड़नेवाले प्रेशर के कारण होनेवाले लक्षणों में आराम मिलता है।

■ **कायफोप्लास्टी/वर्टिब्रोप्लास्टी:** मिनिमली इनवेसिव प्रक्रिया है, जो स्पाइनल फ्रैक्चर के कारण होनेवाले दर्द और दूसरे लक्षणों का उपचार करने के लिए की जाती है।

■ **स्पाइनल कॉर्ड स्टीम्युलेशन:** तेज दर्द को नियंत्रित करने या उसमें आराम पहुंचाने के लिए स्पाइनल कॉर्ड स्टीम्युलेशन प्रक्रिया की जाती है। इसमें विद्युतीय आवेशों को भेजने के लिए स्पाइनल कॉर्ड स्टीम्युलेटर को त्वचा के नीचे इम्प्लांट किया जाता है।

## बचाव के उपाय

■ गाड़ी ध्यान से चलाएं, यातायात नियमों का पालन करें। सुरक्षा उपायों की अनदेखी न करें ■ संभल कर चलें और सीढ़ियां चढ़ें-उतरें। जितना संभव हो सके गिरने से बचें ■ उथले पानी में न कूदें ■ नशीली दवाओं व अल्कोहल सेवन से बचें ■ जोखिम भरी गतिविधियां करते हुए सुरक्षा उपकरणों का इस्तेमाल करें।

# खुद को इस प्रदूषण से कैसे बचाएं?

## सवाल-जवाब

■ **मुझे खांसी और सांस की समस्या रहती है। अकसर मुझे इनडोर पॉल्यूशन से बचाव के लिए एयरप्यूरीफायर व अन्य महंगे तरीके अपनाने की सलाह दी जाती है। इनडोर प्रदूषण से बचाव के कुछ आसान व प्रभावी तरीके बताएं?**

आप घर से बाहर रहने पर मास्क जरूर पहनें। इनडोर प्रदूषण से बचने के लिए घर में धूल जमा होनेवाली जगह को नियमित रूप से साफ करें। महीन धूल कणों से बचें। फर्नीचर, अलमारियां और फर्श को गीले कपड़े से साफ करें। पर्दे और बेडशीट नियमित धोएं। सफाई के लिए हेपा फिल्टर वाला वैक्यूम क्लीनर का इस्तमाल करें, इससे हवा से महीन कण हट जाते हैं और एलर्जी और जलन पैदा करनेवाले तत्व खत्म होते हैं। पूरे दिन दरवाजे व खिड़कियां बंद न रखें। कुछ देर धूप व ताजी हवा भीतर आने दें। जितना संभव हो घर में धूम्रपान न करें। अगर कोई करता है तो कमरे में वेंटिलेशन बढ़ाएं। खिड़कियां खोलें या एग्जॉस्ट फैन लगाएं। इनडोर प्लांट्स भी लगा सकते हैं।

-**डॉ. सुनील राणा**, प्रमुख, इंटरनल मेडिसिन, एशियन हॉस्पिटल, फरीदाबाद

■ **मेरी उम्र 28 साल है। त्वचा बहुत सेंसेटिव है। मुझे फील्ड पर काफी रहना पड़ता है। मौसम और प्रदूषण के कारण त्वचा बहुत खिंची-खिंची रहती है, छोटे-छोटे दानें सारे चेहरे पर हो गए हैं। त्वचा मुरझाई हुई रहती है। क्या करूं?**

हमारी त्वचा वायु प्रदूषकों के खिलाफ सुरक्षा कवच का काम करती है, पर बार-बार प्रदूषक तत्वों के संपर्क में आना त्वचा पर बुरा असर डालता है। मुहांसे, एग्जिमा, स्किन एजिंग के अलावा प्रदूषित हवा त्वचा की सूजन व ऑक्सिडेटिव स्ट्रेस को बढ़ाती है। आपके जो लक्षण बताए हैं, वह प्रदूषण और बदलते मौसम में होनेवाली आम समस्या है। आप चेहरे को ज्यादा गर्म पानी से न धोएं। इससे त्वचा रूखी होने से बचेगी। दिनभर में खूब पानी पिएं। दिन के समय नॉन कॉमेडोजेनिक सनस्क्रीन लगाएं, इससे चेहरे पर दानें नहीं बढ़ेंगे। रात को सोने से पहले नॉन कॉमेडोजेनिक मॉइस्चराइजर लगाएं, इससे त्वचा की नमी बनी रहेगी।

-**डॉ. प्रतीक नागरानी**, त्वचा रोग विशेषज्ञ, मैक्स हॉस्पिटल, शालीमार बाग

### भेजें अपने सवाल

अपनी सेहत से जुड़े सवाल **tanmanhindustan@gmail.com** पर मेल करें। आप इस पते पर भी सवाल भेज सकते हैं-

**तन-मन, हिन्दुस्तान, 11वां तल, द आइकॉन टॉवर, एफ सी-24 सी, फिल्म सिटी, सेक्टर-16ए, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर-201301**

# रोजनामचा



**पं. राघवेन्द्र शर्मा**
ज्योतिषाचार्य

**स्कैन करें**
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

**मेष:** माता का साथ मिलेगा। भवन सुख या संपत्ति में वृद्धि होगी। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। परिवार में सुख-शांति रहेगी। सेहत का ध्यान रखें।

**वृष:** मन परेशान तो रहेगा। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। मीठे खान-पान में रुचि बढ़ सकती है।

**मिथुन:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। नौकरी में तरक्की के मौके मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में बदलाव के साथ स्थान परिवर्तन हो सकता है। आय में वृद्धि होगी।

**कर्क:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परंतु मन अशांत भी रह सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर भी मिलेंगे।

**सिंह:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। माता की सेहत का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। खर्चों की अधिकता रहेगी। परिवार का साथ मिलेगा।

**कन्या:** कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। भागदौड़ भी अधिक रहेगी। लाभ में वृद्धि भी होगी। किसी मित्र के साथ यात्रा पर जा सकते हैं। यात्रा लाभप्रद रहेगी।

**तुला:** आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखें। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भवन की साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेगा।

**वृश्चिक:** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा। पर, मन अशांत हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**धनु:** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान हो सकता है। परिवार की सेहत का ध्यान रखें। भाई-बहनों का साथ मिलेगा। खर्चों की अधिकता रहेगी।

**मकर:** पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। विदेश जाने के योग हैं।

**कुंभ:** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परंतु धैर्यशीलता बनाए रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। कार्यक्षेत्र में कठिनाई आ सकती हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**मीन:** मन प्रसन्न रहेगा। किसी अज्ञात भय से परेशान भी रहेंगे। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी।

## व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋभुकांत गोस्वामी

22 नवंबर, शुक्रवार। **शक संवत्:** 01, मार्गशीर्ष (सौर) 1946, **पंजाब पंचांग:** 07, मार्गशीर्ष मास प्रविष्टे 2081, **इस्लाम:** 19, जमादि-उल-अव्वल 1446, **विक्रमी संवत्:** मार्गशीर्ष कृष्ण सप्तमी तिथि सायं 6.08 बजे तक, आश्लेषा नक्षत्र सायं 05.10 बजे तक, बव करण, चंद्रमा कर्क राशि में सायं 05.10 बजे तक उपरांत सिंह राशि में।


**सूर्य दक्षिणायन।** सूर्य दक्षिण गोल। हेमंत ऋतु। प्रातः 10.30 बजे से दोपहर 12 बजे तक राहुकालम्। शक मार्गशीर्ष प्रारंभ। गण्डमूल विचार।

## वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

हम अपनी दुकान के ऊपर घर बनवाना चाहते हैं। कृपया बताएं क्या सावधानी रखें?
–सौरभ गुप्ता, वैशाली, गाजियाबाद

- आप यह ध्यान रखें कि आपकी गद्दी के ऊपर टॉयलेट एवं रसोई नहीं होनी चाहिए।
- कोई टॉयलेट मुख्य द्वार के ऊपर भी नहीं बनाना चाहिए।
- कोशिश करें यदि दिशा ठीक हो तो मंदिर गद्दी के ऊपर आ जाए।
- किसी भी प्रकार का गंदे पानी का पाइप ब्रह्मस्थान से होकर न जाए। काउंटर सीढ़ियों के नीचे भी न आए इस बात का ध्यान रखें।
- घर की रसोई अग्नि कोण में बनाएं, ताकि दुकान में भी इसका लाभ मिल सके।

## वर्ग पहेली : 7793



**बाएं से दाएं**
1. घटिया; बाजारू; सस्ता; लावारिस (3,2)
4. भावपूर्ण; मधुर; मीठा; रसीला (3)
6. उमंग; तरंग; मौज (3)
8. कसाई; पशुघातक; बहेलिया; शिकारी (3)
9. स्थिर; स्थापित; निर्धारित; निश्चित (3)
10. चुभना; दबना; धंसना; समाना (3)
11. शुभ्र; श्वेत; सफेद; स्वच्छ (3)
13. गुण; तासीर; छाप; प्रभाव (3)
14. समुद्र का तट; नदी का तट; किनारा; कूल (3)
15. किसी तरल को खूब हिलाना; मथना; जिसे बिलोकर निकाला जाए; नवनीत; मक्खन (3)
16. फेंककर मारनेवाला एक शस्त्र; भोंक कर मारनेवाला एक शस्त्र; भाला (3)
17. पांसे फेंक कर शुभ-अशुभ फल जानने की एक विद्या (3)
18. कीर्ति बनाए रखना; नामकरण करना; नाम तय करना; नाम देना (2,3)

**ऊपर से नीचे**
2. काट खानेवाला; दांतों से काटनेवाला (4)
3. आदरपूर्वक स्वागत करना; किसी का स्वागत करते समय बहुत सम्मान प्रकट करना (3,3,3)
4. परे हटाना; दूर करना; खिसकाना (4)
5. आपत्ति निवारण करना; एक राय बनवाना; तैयार करना; मनाना; राजी करना (4,3)
7. थोड़े शब्दों में कही गई बड़ी महत्वपूर्ण बात; कम शब्दों में की गई भावाभिव्यक्ति (3,1,3)
12. संगी साथी; लाव लश्कर; नौकर चाकर; पूरी शक्ति के साथ (4)
13. अपमान; तिरस्कार; निरादर (4)

हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली
(उत्तर अगले अंक में)

### वर्ग पहेली 7792 का उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 द | 2 ल | ब | द | 3 ल | वा | 4 ना | ■ | 5 वि |
| ■ | च | ■ | ■ | ता | ■ | का | ■ | त |
| 6 प | क | वा | 7 ना | ■ | 8 सो | म | वा | र |
| रा | ■ | ■ | 9 प | स्त | ■ | हो | ■ | ण |
| 10 म | ह | 11 क | ना | ■ | 12 वि | ना | य | क |
| श | ■ | त | ■ | 13 ह | वा | ■ | ■ | र |
| 14 क | स | र | त | ■ | 15 द | म | 16 क | ना |
| र | ■ | वा | ■ | 17 ल | ■ | ■ | ल | ■ |
| ना | ■ | 18 ना | म | बा | की | र | ह | ना |

## सुडोकू : 7775

* मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 1 | | | 8 | | 9 | 2 |
| 7 | | | | | | | | |
| | | | 9 | 3 | | | | 5 |
| 8 | | | | 7 | | 2 | | |
| | | 2 | 8 | | 5 | 3 | | |
| | | 6 | | 4 | | | | 8 |
| 9 | | | | 2 | 7 | | | |
| | | | | | | | | 6 |
| 2 | 4 | | 6 | | | 8 | | 9 |

**खेलने का तरीका:** दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

### हल : सुडोकू नं.7774

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 3 | 1 | 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 1 | 3 |
| 6 | 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 8 | 2 | 7 |
| 5 | 8 | 3 | 9 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 |
| 2 | 1 | 9 | 4 | 7 | 8 | 3 | 5 | 6 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 1 | 3 | 9 | 8 | 2 |
| 1 | 5 | 4 | 2 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 8 | 5 | 4 | 3 | 1 |
| 3 | 7 | 8 | 1 | 4 | 9 | 2 | 6 | 5 |

विपक्ष ने केंद्र सरकार को घेरा- उठाई जेपीसी की मांग, कांग्रेस ने उद्योगपति को गिरफ्तार कर पूछताछ पर जोर दिया

# अदाणी मामले को पूरा विपक्ष संसद में उठाएगा : राहुल गांधी

**वार**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका में उद्योगपति गौतम अदाणी पर धोखाधड़ी के आरोपों के बाद गुरुवार को देश में सियासत गरमा गई। विपक्ष ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए मामले की संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से जांच की मांग की। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि गौतम अदाणी को तत्काल गिरफ्तार कर उनसे पूछताछ की जानी चाहिए।

अमेरिकी अभियोजकों ने अदाणी और उनके भतीजे सागर अदाणी पर आरोप लगाया है कि उन्होंने भारतीय सरकारी अधिकारियों को रिश्वत देकर सौर उर्जा अनुबंध हासिल किए। इस कथित योजना के तहत 2020 से 2024 तक 25 करोड़ डॉलर (करीब 2236 करोड़ रुपये) की रिश्वत दी गई। इस मामले के सामने आने के बाद कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला और कहा कि अदाणी को तुरंत गिरफ्तार किया जाए। उन्होंने पत्रकार वार्ता में कहा कि संसद के शीत सत्र में नेता प्रतिपक्ष के रूप में वह और पूरा विपक्ष अदाणी से जुड़े मामले को उठाएगा। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने यह भी कहा कि सेबी की प्रमुख माधवी पुरी बुच को उनके पद से तत्काल हटाकर जांच शुरू होनी चाहिए।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, जब एक शीर्ष रैंकिंग वाले भारतीय व्यवसायी को किसी अन्य देश द्वारा आरोपित किया जाता है, तो यह वैश्विक मंच पर हमारी छवि खराब करता है। कांग्रेस लगातार ऐसे अनैतिक व्यापारिक प्रथाओं का विरोध करती रही है। उन्होंने आरोप लगाया, यह प्रमुख क्षेत्रों में एकाधिकार बनाने और अनुचित लाभ देकर कुछ लोगों के हाथों में धन केंद्रित करने की भाजपा सरकार की नीति का हिस्सा है। खरगे ने कहा कि पीएम मोदी व अदाणी द्वारा बनाए पूंजीपतियों, समझौतावादी नौकरशाहों और कुछ राजनेताओं से जुड़े इस पूरे गठजोड़ की जांच हो।


नई दिल्ली में गुरुवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी और जयराम रमेश पत्रकारों से बातचीत करते हुए। ● सोनू मेहता

**किसने-क्या कहा**

"मामले की जांच सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में की जाए और रिश्वत लेने वाले अधिकारी गिरफ्तार किए जाएं।
–**संजय सिंह**, सांसद, आम आदमी पार्टी

"आरोपों की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। जेपीसी ही इसकी निष्पक्ष जांच कर सकती हैं।
–**सागरिका घोष**, सांसद, तृणमूल कांग्रेस

"मुझे उम्मीद है कि केंद्र सरकार इस मुद्दे को गंभीरता से लेगी और इसकी गहन जांच करेगी।
–**उमर अब्दुल्ला**, अध्यक्ष, नेशनल कॉन्फ्रेंस

"यह इतना गंभीर मुद्दा है कि प्रभावशाली लोग इस पर पर्दा डालने की लाख कोशिश करें, यह बेनकाब हो जाएगा।
–**मनोज झा**, सांसद, राजद

## प्रधानमंत्री मोदी की छवि को बिगाड़ने का प्रयास : भाजपा

**पलटवार**


पार्टी प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा, कानून अपना काम करेगा

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** भाजपा ने उद्योगपति गौतम अदाणी को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान पर पलटवार करते हुए इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की निरंतर छवि खराब करने की एक और कोशिश करार दिया है।

पार्टी प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि कांग्रेस मोदी के प्रधानमंत्री रहते भारतीय अर्थव्यवस्था का मजबूत होना बर्दाश्त नहीं कर पा रही है। भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बनने की राह पर है, ऐसे समय में राहुल गांधी हर तरह के आरोप लगाकर भारतीय अर्थव्यवस्था को निशाना बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

पात्रा ने स्पष्ट किया कि जहां तक अदाणी समूह के खिलाफ आरोपों का सवाल है, तो यह कंपनी पर है कि वह स्पष्टीकरण जारी करके अपना बचाव करे। प्रधानमंत्री और केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ राहुल के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए पात्रा ने कहा, कानून अपना काम करेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी, सोनिया गांधी और कांग्रेस 2002 से मोदी की छवि खराब करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन वे सफल नहीं हुए। भाजपा नेता ने कहा कि जिस दिन विपक्षी दल उन पर हमला कर रहा है, उसी दिन प्रधानमंत्री को विदेश में सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार मिला है।

पात्रा ने कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों के शासन वाले विभिन्न राज्यों में अदाणी समूह के निवेश का भी हवाला दिया। उन्होंने कहा, समूह ने छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल और राजस्थान में अशोक गहलोत की सरकार के दौरान क्रमशः 25 हजार करोड़ और 65 हजार करोड़ का निवेश किया था। समूह ने द्रमुक शासित तमिलनाडु में 45 हजार करोड़ का निवेश किया। हाल में कौशल विकास फाउंडेशन के लिए तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को सौ करोड़ का दान दिया था। पात्रा ने कहा कि यदि अदाणी भ्रष्ट हैं, तो कांग्रेस सरकारें उनकी कंपनी को निवेश क्यों करने दे रही हैं।

## 'साख के लिहाज से आरोप नकारात्मक'

**नई दिल्ली, एजेंसी।** साख निर्धारित करने वाली एजेंसी मूडीज रेटिंग्स ने कहा है कि वह गौतम अदाणी पर लगे रिश्वतखोरी के आरोपों के मद्देनजर समूह की पूंजी जुटाने की क्षमता का आकलन करते समय इसकी संचालन व्यस्था पर गौर करेगी। मूडीज ने कहा कि रिश्वतखोरी के मामले में अभियोग समूह की कंपनियों की साख की दृष्टि से नकारात्मक हैं। अदाणी समूह का आकलन करते समय हमारा मुख्य ध्यान समूह की कंपनियों की नकदी की जरूरतों को पूरा करने के लिए पूंजी तक पहुंचने की क्षमता और इसके कामकाज के संचालन पर रहेगा।

## एनएसई ने समूह से जवाब मांगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी एजेंसियों की ओर से गौतम अदाणी और उनके अधिकारियों पर लगे आरोपों के बाद नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ने अदाणी ग्रुप की कई कंपनियों से सफाई मांगी है। एनएसई ने अमेरिकी अदालत में अदाणी समूह पर लगे आरोपों पर जवाब मांगा है। एनएसई ने अडानी समूह की कंपनी अंबुजा सीमेंट, अदाणी टोटल गैस, अदाणी पावर, एसीसी, अदाणी विल्मर, अदाणी एनर्जी, एनडीटीवी, अदाणी इंटरप्राइजेज, अदाणी ग्रीन एनर्जी, अदाणी पोर्ट्स से नोटिस भेजकर जवाब मांगा है।

## महंगी सौर ऊर्जा खरीदने के लिए रिश्वत देने का आरोप

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अदाणी समूह पर अमेरिकी अदालत में महंगी सौर ऊर्जा खरीदने के लिए आंध्र प्रदेश और ओडिशा के अधिकारियों को रिश्वत देने का आरोप लगा है। हालांकि, इसमें अधिकारियों के नाम नहीं बताए गए हैं।

समूह ने 2021 में स्थानीय रूप से विनिर्मित सौर सेल और मॉड्यूल आधारित संयंत्रों का उपयोग कर उत्पन्न आठ हजार मेगावाट बिजली आपूर्ति के लिए बोली जीती थी। लेकिन समूह बिजली खरीदने वाले राज्यों की मूल्य अपेक्षाएं पूरी नहीं कर सका। आरोप है कि अदाणी ने 2021 में आंध्र प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री से मुलाकात की। उसके बाद राज्य सरकार सात हजार मेगावाट बिजली खरीद को सहमत हुई। आंध्र प्रदेश के अधिकारियों को 25 लाख रुपये/मेगावाट की दर से 'रिश्वत' दी गई जो करीब 1,750 करोड़ रुपये बैठती है। ओडिशा ने भी कुछ इसी तरह 500 मेगावाट बिजली खरीदी।

**अब आगे क्या होगा**
अमेरिका कानून के अनुसार, पुलिस, एफबीआई जैसी एजेंसियां जांच कर सबूत जुटाती हैं और सरकारी अभियोजक को सौंपती है। अभियोजक अपराध की गंभीरता के अनुसार ग्रैंड जूरी का चयन करता है। यदि जूरी सबूतों को पर्याप्त मानती है तो आरोपी के खिलाफ औपचारिक मुकदमा चलाया जा सकता है।


# अदाणी ग्रीन ने 60 करोड़ डॉलर की बॉन्ड बिक्री रद्द की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने गुरुवार को 60 करोड़ डॉलर का बॉण्ड जारी करने की योजना रद्द कर दी। उद्योगपति गौतम अदाणी पर आरोप लगने से कुछ घंटे पहले कंपनी ने अमेरिकी निवेश-ग्रेड बाजार में 20 वर्ष का हरित बॉण्ड बेचा था। इस निर्गम को तीन गुना अभिदान मिला था लेकिन आरोपों के बाद इसे रद्द कर दिया गया।

**कर्ज देने वाले बैंकों में भी तेज गिरावट :** समूह पर 31 मार्च, 2024 तक कुल 2,41,394 करोड़ रुपये का कर्ज था जिसमें से 88,100 करोड़ उसने भारतीय बैंकों और नॉन बैंकिंग फाइनेंस कंपनियों से लिए थे। 31 मार्च, 2023 तक कुल कर्ज 2,27,248 करोड़ रुपये था और भारतीय बैंकों का इसमें हिस्सा 70,213 करोड़ था। एसबीआई, बैंक ऑफ बड़ौदा, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, एचडीएफसी, एक्सिस बैंक आदि बैंकों ने अदाणी समूह को कर्ज दिया हुआ है। समूह के कुल कर्ज का 92% यानी 2.22 लाख करोड़ रुपये लंबी अवधि के कर्ज के रूप में ले रखा है। समूह ने कुल कर्ज का 8% यानी करीब 19 हजार करोड़ कार्यपूंजी कर्ज के रूप में लिया है।

**सबसे बड़ा विदेशी निवेशक समीक्षा करेगा :** इस हलचल के बीच समूह में निवेश करने वाले सबसे बड़े निवेशक जीक्यूजी पार्टनर्स के मालिक राजीव जैन ने कहा, उसने 2023 में हिंडनबर्ग रिपोर्ट के बाद समूह में रणनीतिक निवेश किया था। लेकिन अब नए आरोपों के आलोक में कंपनी ने खरीदारी की समीक्षा करने की बात कही है।

**हिंडनबर्ग रिसर्च के हमले के बाद से समूह के शेयरों का हाल**




**निवेशकों को फिलहाल सतर्क रहने की सलाह**
बाजार के जानकारों की सलाह है कि निवेशकों को फिलहाल सतर्क रहने की जरूरत है। कानूनी मामलों के अपडेट्स पर नजर बनाए रखें। बाजार के जानकार सुशील केडिया के मुताबिक अभी बाजार में गिरावट को लेकर उत्साह या घबराहट दिखाने की जरूरत नहीं है। उन्होंने निवेशकों को सलाह दी है कि फिलहाल अदाणी समूह के शेयरों से दूर रहें।

## लद्दाख में बेघर लोगों का सर्वेक्षण होगा

**लेह/जम्मू, एजेंसी।** केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने गुरुवार को लद्दाख में बिजली और आवास विभागों के कामकाज की समीक्षा की। साथ ही केंद्र शासित प्रदेश में बेघर लोगों का सर्वेक्षण कराने की घोषणा की।

खट्टर गुरुवार सुबह केंद्र शासित प्रदेश के दौरे पर लेह पहुंचे थे। लेह में खट्टर ने मीडिया से कहा, केंद्र शासित प्रदेश में पीएम स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना के तहत सभी स्ट्रीट वेंडर्स को वित्तीय मदद दी गई है। लद्दाख प्रशासन ने पुनर्विकसित वितरण क्षेत्र योजना के तहत 1,080 करोड़ के अनुमान प्रस्तुत किए हैं, जिन्हें जल्द ही मंजूरी मिलने की उम्मीद है।

## यूरोपियन सुरक्षा मानक की बसें चलेंगी

■ अरविंद सिंह

**नई दिल्ली।** चलती बस में आग लगने, ड्राइवर को नींद आने या सड़क पर फिसलने के कारण होने वाले हादसों की रोकथाम के लिए केंद्र सरकार नए साल में नया बस बॉडी कोड लागू करने जा रही है। इसके पश्चात राष्ट्रीय राजमार्गों पर यूरोपियन सुरक्षा मानक की बसें चल सकेंगी। इससे आम आदमी सस्ता, सुगम व सुरक्षित बस के सफर का आंनद ले सकेंगे।

सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी काफी समय से सड़क सुरक्षा सुदृढ़ कर सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए प्रयासरत हैं। देश में नया बस बॉडी कोड लागू करना इसका एक हिस्सा है। मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बस बॉडी कोड में प्रमुख रूप से बस की संरचना शक्ति, खिड़की फ्रेम, ड्राइवर सीट, ड्राइवर दृश्यता सहित आधुनिक सुरक्षा उपकरणों को शामिल किया गया है।

**डिवाइस की भी सुविधा :** एक्सप्रेस-वे व राष्ट्रीय राजमार्गों पर रफ्तार से दौड़ती बसों को फिसलने से बचाने के लिए बसों में डिवाइस लगेगा। यह ओवर स्पीड व बस की अस्थिरता होने पर अलार्म बजाकर ड्राइवर को अलर्ट करेगा। इसी प्रकार सीट बेल्ट नहीं पहनने या बस चलाते हुए नींद आने पर ड्राइवर को अलर्ट करने का सिस्टम होगा।

**आग से बचने के उपाय वाला सिस्टम लगेगा**
अधिकारी ने बताया कि लग्जरी एसी बसों में आग लगने से अधिकांश यात्रियों की मौत हो जाती है। इसके लिए नए कोड में सबसे अधिक उक्त विषय पर ध्यान दिया गया है। सरकारी, निजी बसों व स्कूल बसों में फायर डिटेक्शन एंड सपरेशन सिस्टम (एफडीएसएस) लगाया जाएगा। यह तकनीक न सिर्फ आग लगने का पता लगाएगी, बल्कि गैस-पानी की बौछार से आग रोकेगी। बस के इंजन, पहियों के ब्रेक, ईंधन टैंक के पास सेंसर लगेंगे। यह सेंसर तापमान बढ़ने या धुआं उठने के साथ ही वीडियो-ऑडियो से ड्राइवर के पास लगी स्क्रीन पर संदेश भेज देंगे। यात्रियों के पास बस से निकलने के लिए तीन मिनट का समय होगा।

## 'वक्फ समिति का कार्यकाल बढ़ाएं'

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वक्फ संशोधन विधेयक पर विचार कर रही संसद की संयुक्त समिति की गुरुवार को बैठक हुई। इस दौरान विपक्षी सदस्यों ने समिति का कार्यकाल बढ़ाने की मांग करते हुए नारेबाजी की। विपक्षी सदस्यों का कहना है कि मसौदा कानून में बदलावों का अध्ययन करने को और समय चाहिए।

समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने कहा कि यह आखिरी बैठक है, रिपोर्ट तैयार है और इस पर सदस्यों के बीच सहमति बनाने का प्रयास किया जाएगा। इसके बाद विपक्षी सदस्यों ने विरोध जताया और नारेबाजी की। उनमें से कुछ ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को फोन कर हस्तक्षेप की मांग की।

## 'इंजीनियर रशीद का मामला एमपी/एमएलए कोर्ट भेजें'

■ पटियाला हाउस कोर्ट ने वित्त पोषण से जुड़े मामले में किया अनुरोध

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** पटियाला हाउस अदालत ने आतंकवाद के वित्तपोषण से संबंधित उस मामले को एमपी/एमएलए कोर्ट में स्थानांतरित करने का गुरुवार को जिला न्यायाधीश से अनुरोध किया, जिसमें एक आरोपी लोकसभा सदस्य इंजीनियर रशीद है।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश चंद्रजीत सिंह ने मुकदमे से संबंधित फाइल जिला न्यायाधीश को भेज दी। वहां 25 नवंबर को सुनवाई हो सकती है। सत्र अदालत को रशीद की नियमित जमानत वाली अर्जी पर भी आदेश पारित करना था, पर उसे भी विशेष अदालत के लिए भेज दिया गया है। रशीद का निर्वाचन इस बार के लोकसभा चुनाव में जम्मू-कश्मीर की बारामूला सीट से हुआ है। वह 2017 में आतंकवाद के वित्तपोषण के मामले में गैर-कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के प्रावधानों के तहत एनआईए द्वारा 2019 में गिरफ्तार किए जाने के बाद से तिहाड़ जेल में बंद है। क्योंकि अब वह सांसद है ऐसे में उसके मामले को जनप्रतिनिधियों वाली विशेष अदालत में भेजा जा रहा है।

**देश 30s**

### उज्जैन से नेपाल भेजे गए 1.11 लाख लड्डू

**भोपाल।** उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में तैयार 1.11 लाख लड्डू गुरुवार को नेपाल भेजे गए। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने नेपाल में राम जानकी विवाह महोत्सव के लिए मंदिर प्रबंध समिति द्वारा दिए गए लड्डुओं से भरे वाहन को रवाना किया।

### सीआईडी अफसरों पर कार्रवाई के आदेश

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को डीजीपी को कुछ सीआईडी अफसरों के खिलाफ मिलीं रिश्वतखोरी की शिकायतों की जांच करने का आदेश दिया है। मामला सही पाए जाने पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

### जेडीए ने विस्थापितों की दुकानें गिराईं

**जम्मू।** जम्मू विकास प्राधिकरण (जेडीए) ने जम्मू शहर में विस्थापित कश्मीरी पंडितों की एक दर्जन से अधिक दुकानें बिना नोटिस जारी किए गिरा दी हैं। इसके विरोध में विभिन्न वर्गों ने विरोध-प्रदर्शन किया और अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

### शिवाजी प्रतिमा ढहने के मामले में जमानत

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने राजकोट किले में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा ढहने के मामले में गिरफ्तार सलाहकार चेतन पाटिल को गुरुवार को जमानत दे दी। सिंधुदुर्ग जिले में 35 फुट की प्रतिमा 26 अगस्त को ढह गई थी।

### मीना मिजोरम के नए मुख्य सचिव बने

**आइजोल।** खिल्ली राम मीना को मिजोरम का नया मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है। एजीएमयूटी (अरुणाचल प्रदेश, गोवा, मिजोरम और केंद्र शासित प्रदेश) कैडर के 1993 बैच के अधिकारी मीना पहले अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव के रूप में कार्य किया है।


### काले झंडे लहराना अवैध नहीं : हाईकोर्ट

**कोच्चि।** केरल हाईकोर्ट ने कहा कि मुख्यमंत्री के काफिले के समक्ष काले झंडे लहराना कोई गैरकानूनी कृत्य नहीं है और यह मानहानि के समान नहीं है। कोर्ट ने कहा, हालांकि दृष्टिगोचर होने वाले संकेत किसी व्यक्ति को बदनाम करने का एक तरीका हो सकते हैं।

### ओडिशा में मुठभेड़ में नक्सली को ढेर किया

**मलकानगिरि।** ओडिशा-छत्तीसगढ़ सीमा के निकट जिनेलिगुडा जंगल में बुधवार रात सुरक्षा बलों और नक्सलियों में मुठभेड़ हो गई। इसमें एक नक्सली मारा गया और पुलिसकर्मी घायल हो गया। एक अधिकारी ने बताया कि ओडिशा में माओवादियों के प्रवेश को रोकने के लिए अभियान शुरू किया था। इसी दौरान नक्सलियों से मुठभेड़ हुई।

## डेढ़ करोड़ के आभूषण लूटने का आरोप




**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर में 16 नवंबर को विधायक के आवास पर हमले के दौरान भीड़ ने 18 लाख नकद और 1.5 करोड़ रुपये के आभूषण लूट लिए। जदयू विधायक के. जॉयकिशन सिंह की मां ने इस मामले में शिकायत दर्ज कराई है।

पुलिस ने इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हमले के दौरान पश्चिम इंफाल के थांगमेइबंद इलाके में विधायक के आवास पर आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों के लिए रखे गए कई सामान भी नष्ट कर दिए गए। अधिकारी ने बताया कि 16 नवंबर की शाम को भीड़ ने विधायक के आवास पर करीब दो घंटे तक तोड़फोड़ की। राहत शिविर में रह रहे एक विस्थापित व्यक्ति ने कहा, हमारे जैसे लोगों के लिए आलू, प्याज और सर्दियों के कपड़े आदि रखे थे, ये सब लूट लिए गए। स्वयंसेवक सनयाई ने कहा, हमने भीड़ से विधायक के आवास में तोड़फोड़ न करने का आग्रह किया। लॉकर, इलेक्ट्रॉनिक्स सामान और फर्नीचर को भी तोड़ दिया गया। सनयाई ने कहा, भीड़ ने तीन एसी ले जाने का प्रयास किया, लेकिन वे असफल रहे।


**पूरे मणिपुर में अफ्स्पा लागू किया जाए: कुकी विधायक**
मणिपुर विधानसभा के 10 कुकी विधायकों ने मांग की है कि लूटे गए हथियारों की बरामदगी के लिए अफ्स्पा को पूरे राज्य में लागू किया जाए। एक संयुक्त बयान में 10 कुकी विधायकों ने कहा, शेष 13 पुलिस न्यायक्षेत्रों में अधिनियम का विस्तार करने के लिए तत्काल समीक्षा की जरूरत है। पिछले साल तीन मई से मेइती द्वारा लूटे गए 6,000 से अधिक हथियारों की बरामदगी के लिए पूरे राज्य में एएफएसपीए लागू किया जाना चाहिए।



### 48 देशों के मुख्य न्यायाधीशों ने ताज का दीदार किया

आगरा में गुरुवार को 48 देशों के 132 मुख्य न्यायाधीश ताज का दीदार करने पहुंचे। उन्होंने यमुना किनारे इस स्मारक को बनाने की वजह भी पूछी। उन्हें इसकी नींव का हवाला देते हुए पूरी जानकारी दी गई। इन विशिष्ट व्यक्तियों की भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल और पुलिस अधिकारियों ने आगवानी की।

## जब तक अटकलों की पुष्टि न हो वे झूठी ही होती हैं: अमिताभ


अभिनेता ने गलत सूचना प्रसारित करने पर निराशा जताई

**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेता अभिनेता अमिताभ बच्चन ने अपने ब्लॉग में मीडिया में गलत सूचना प्रसारित किए जाने पर निराशा प्रकट की है। उन्होंने कहा कि अटकलों की पुष्टि जब तक ना हों, वे झूठी होती हैं।

बच्चन (82) ने कहा कि वह अपने परिवार के बारे में सार्वजनिक रूप से कम चर्चा करते हैं, क्योंकि वह निजता का सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा कि अलग दिखने और जीवन में इसकी उपस्थिति पर विश्वास करने के लिए बहुत साहस, दृढ़ विश्वास और ईमानदारी की आवश्यकता होती है। अमिताभ बच्चन ने यह स्पष्ट नहीं किया कि वह किस संदर्भ में यह टिप्पणी कर रहे हैं, लेकिन उन्होंने कहा कि इन दिनों सूचनाओं की पुष्टि नहीं की जाती है और अक्सर उनका इस्तेमाल फायदे के लिए रणनीति के तहत किया जाता है। उन्होंने कहा, अटकलें तो अटकलें ही होती हैं। अभिनेता ने सवालिया निशान के साथ साझा की जाने वाली सूचना का भी जिक्र किया है।

**सलाह** | फिल्म प्रमाणन बोर्ड के अध्यक्ष और गीतकार ने रचनात्मकता के क्षेत्र में एआई के बढ़ते प्रयोग पर जताई चिंता, 'इफ्फी' में बढ़ सकती है बच्चों पर फिल्म बनाने वालों की भागीदारी

# डिजिटल कंटेंट को बच्चों का अभिभावक न बनने दें: प्रसून जोशी

■ अभिनव उपाध्याय

**गोवा।** मां बच्चे को खाना चखकर देती है, लेकिन मोबाइल बिना संकोच दे दिया जाता है। डिजिटल सामग्री (कंटेट) को बिना देखे अभिभावक बच्चों के हाथ में मोबाइल पकड़ा देते हैं। इस कंटेट को बच्चों का माता पिता न बनने दें। केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड के अध्यक्ष और गीतकार प्रसून जोशी ने इंडिया इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (इफ्फी) में एक बातचीत के दौरान ये बातें कही।

उन्होंने कहा कि इसके के लिए लोगों को जागरूक करना जरूरी है। यदि अभिभावक अपनी जिम्मेदारी कंटेट के ऊपर डाल देंगे तो दिक्कत होगी। उन्होंने कहा कि बच्चों के लिए विशेष रूप से काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि अगले वर्ष इंडिया इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (इफ्फी) गोवा में बच्चों के लिए सामग्री बढ़ेगी।

**फिल्म प्रतिभा से बनती है**



प्रसून जोशी ने फिल्म निर्माण की चुनौतियों से जुड़े सवाल के जवाब में कहा कि फिल्म एक जादू हो सकती है, लेकिन इसे बनाना एक प्रक्रिया है। फिल्म किस्मत से नहीं, प्रतिभा से बनती है। जो इस प्रक्रिया को समझेगा वह बनाएगा। उन्होंने बताया कि इस पूरे फिल्म महोत्सव का फोकस युवा प्रतिभाओं पर है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में प्रतिभा और कहानियों की कमी नहीं है, लेकिन इनकी आवाज को मंच देने की जरूरत है।

**आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हमसे बेहतर लफ्फाजी कर लेगा**

एआई के बढ़ते प्रयोग से कवि या रचनाकार के लिए क्या चुनौती है। इस पर उन्होंने कहा, यदि आप साहित्य को शब्दों का गुच्छा समझते हैं, तो वह आई कर देगा। उर्दू में कहें तो यह हमसे बेहतर लफ्फाजी करेगा। लेकिन मैं इस जीवन में क्यों आया हूं, ऐसे मूलभूत प्रश्नों का उत्तर एआई नहीं दे पाएगा।

**लैंगिक अन्याय बर्दाश्त न करें : इम्तियाज अली**



फिल्म निर्माता इम्तियाज अली ने सेट पर महिलाओं के लिए सुरक्षित कार्य संस्कृति बनाने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा, फिल्म निर्माताओं को सेट पर लैंगिक अन्याय को बर्दाश्त नहीं करना चाहिए। सुहासिनी मणिरत्नम ने बताया कि अक्सर पुरुष अभिनेता सेट पर आकर दृश्यों में बदलाव का सुझाव देते हैं, लेकिन ऐसा महिलाओं के साथ कम होता है। अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने बताया कि पर्दे पर महिलाओं की गरिमा और उनके प्रतिनिधित्व का सीधा असर उनके लिए सुरक्षित स्थान बनाने पर पड़ता है। महिलाओं की गरिमा और सम्मान के साथ उनका चित्रण न केवल फिल्मों तक सीमित है, बल्कि यह पूरे उद्योग के लिए एक मिसाल कायम करता है।

## एआर रहमान-सायरा की बेटी रहीमा ने लिखी भावुक पोस्ट


कहा, रब जीवन में वह सब कुछ देगा, जिससे तुम संतुष्ट हो

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्कर और ग्रैमी विजेता संगीतकार एआर रहमान और उनकी पत्नी सायरा बानो के अलग होने की घोषणा के बाद, उनकी बेटी रहीमा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा किया।

रहीमा ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर लिखा कि हर कठिनाई के बीच आसानी होती है। तुम्हारा रब तुम्हें वे सबकुछ देगा, जिससे तुम संतुष्ट हो जाओगे। यही जीवन जीने का सार है। रहमान और सायरा के तीन बच्चे हैं खतीजा, रहीमा और अमीन। बता दें कि बीते 19 नवंबर को एआर रहमान की पत्नी सायरा बानो ने अलग होने का ऐलान किया था। दोनों की शादी को 29 साल हो चुके थे। इसके एक दिन बाद एआर रहमान ने लिखा कि यह झकझोर देने वाला फैसला था। उन्होंने कहा, शादी के तीस साल तक पहुंचने की उम्मीद थी। रहमान और सायरा की वकील वंदना शाह ने गुरुवार को कहा कि शादी को खत्म करने से कोई खुश नहीं होता।

# मोदी ने गयाना में 'लोकतंत्र पहले, मानवता पहले' का संदेश दिया

जॉर्जटाउन, एजेंसी। वैश्विक कल्याण के लिए 'लोकतंत्र पहले, मानवता पहले' का संदेश देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि अंतरिक्ष और समुद्र संघर्ष का नहीं, बल्कि सार्वभौमिक सहयोग के विषय होने चाहिए।

मोदी ने गयाना की संसद के विशेष सत्र में अपने संबोधन में कहा कि भारत कभी भी स्वार्थ, विस्तारवादी रवैये के साथ आगे नहीं बढ़ा है और वह संसाधनों पर कब्जा करने की भावना से हमेशा दूर रहा है। लोकतंत्र हमारे डीएनए, दृष्टिकोण और कार्यों में है। उन्होंने कहा कि दुनिया को आगे बढ़ाने के लिए सबसे बड़ा संदेश है- 'लोकतंत्र पहले, मानवता पहले'।



## यह भारत के 140 करोड़ लोगों का सम्मान : मोदी

जॉर्जटाउन। गयाना और डोमिनिका से सर्वोच्च सम्मान पाने के बाद मोदी ने कहा कि यह सम्मान भारत के 140 करोड़ लोगों का है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मुझे गयाना का सर्वोच्च सम्मान द ऑर्डर ऑफ एक्सीलेंस प्रदान करने के लिए राष्ट्रपति अली का हार्दिक धन्यवाद। वहीं, डोमिनिका का सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए जाने पर सम्मानित महसूस कर रहा हूं।

गयाना में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राष्ट्रपति मोहम्मद इरफान अली ने सर्वोच्च पुरस्कार से सम्मानित किया।

## बारबाडोस ने भारत की प्रतिबद्धता को सराहा

मोदी ने बारबाडोस की प्रधानमंत्री मिया मोटली से भी मुलाकात की। बारबाडोस की प्रधानमंत्री ने कोविड-19 महामारी के दौरान देश की सहायता में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और भारत-बारबाडोस संबंधों के प्रति प्रतिबद्धता को सराहा।

**बहामास के साथ आर्थिक संबंधों की मजबूती पर चर्चा :** प्रधानमंत्री मोदी ने बहामास के अपने समकक्ष फिलिप डेविस से भी मुलाकात की और आर्थिक संबंधों को मजबूत करने, जलवायु परिवर्तन कार्रवाई एवं हरित साझेदारी पर केंद्रित सार्थक चर्चा की।

**यूपीआई अपनाने के लिए त्रिनिदाद और टोबैगो के पीएम को बधाई दी :** भारत-कैरिकॉम शिखर सम्मेलन से इतर मोदी ने त्रिनिदाद और टोबैगो के प्रधानमंत्री कीथ रोले से भी मुलाकात की। उन्होंने भारत के प्रमुख 'यूपीआई प्लेटफॉर्म' को अपनाने के लिए डॉ. रोले को बधाई दी।

**सूरीनाम के साथ द्विपक्षीय साझेदारी की समीक्षा की :** सूरीनाम के राष्ट्रपति चान संतोखी से द्विपक्षीय साझेदारी की प्रगति के महत्व पर बल दिया।

**डोमिनिका के साथ विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा :** प्रधानमंत्री ने डोमिनिका के अपने समकक्ष रूजवेल्ट स्केरिट से भी मुलाकात की। नेताओं ने स्वास्थ्य सेवा, क्षमता निर्माण संबंधों को गहरा करने जैसे क्षेत्रों में सहयोग के अवसर तलाशे।

विदेश 30s



जनरल उपेंद्र द्विवेदी को सम्मानित करते नेपाल के राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल।

## नेपाल में भारतीय सेना प्रमुख को उपाधि

काठमांडू। नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने गुरुवार को भारतीय सेना के प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी को नेपाल सेना के मानद जनरल का पद प्रदान किया। यह परंपरा 1950 में शुरू हुई थी, जो दोनों देशों की सेनाओं के बीच मजबूत रिश्तों को दर्शाती है। इससे पहले भारतीय सेना प्रमुख ने नेपाल के सेना प्रमुख जनरल अशोक सिग्देल से मुलाकात की। इस दौरान दोनों देशों की सेनाओं के बीच सहयोग को लेकर चर्चा हुई।

## ब्रिटेन के पूर्व उप प्रधानमंत्री प्रेस्कॉट का निधन



लंदन। ब्रिटेन के पूर्व उप प्रधानमंत्री और मज़दूर वर्ग के नेता जॉन प्रेस्कॉट का बुधवार को 86 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वह अल्जाइमर रोग से पीड़ित थे। उन्होंने अपने परिवार की उपस्थिति और केयर होम में अंतिम सांस ली। परिवार ने कहा कि प्रेस्कॉट ने अपना जीवन समाजिक न्याय और पर्यावरण संरक्षण के लिए समर्पित कर दिया।

## न्यूयॉर्क में हमले की साजिश का आरोपी गिरफ्तार

वॉशिंगटन। एफबीआई ने फ्लोरिडा के कोरल स्प्रिंग्स निवासी हारून अब्दुल-मलिक येनर को गिरफ्तार किया है। इस पर न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज पर बम धमाके की साजिश का आरोप है। येनर ने कथित तौर पर अमेरिकी सरकार को रीबूट्ह करने के लिए इस हमले की साजिश रची थी। दस्तावेजों के अनुसार उसने हमले को एक छोटे परमाणु धमाके जैसा बताया, जिससे इमारत के अंदर सभी की मौत हो सकती थी।

## इमरान जमानत मिलने के बाद फिर गिरफ्तार

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को भ्रष्टाचार के एक मामले में जमानत मिलने के कुछ ही देर बाद विरोध प्रदर्शन के सिलसिले में गिरफ्तार कर लिया गया। इससे उनके रिहा होने की संभावना समाप्त हो गई है। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने बुधवार को इमरान खान को तोशाखाना से जुड़े दूसरे मामले में जमानत दे दी थी, जिसके बाद उनकी रिहाई की उम्मीदें बढ़ गई थीं। यह मामला महंगे आभूषण कम कीमत पर खरीदने से जुड़ा हुआ है।

## चीन ने निर्यात बचाने को नई नीतियां बनाईं

बीजिंग। चीन ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नई टैरिफ बढ़ाने की धमकी के बाद अपने निर्यात को बचाने के लिए नई नीतियां बनाई हैं। चीन का कहना है कि ये कदम विदेशी व्यापार प्रतिबंधों का सामना करने और निर्यात के लिए अच्छा माहौल बनाने में मदद करेंगे। नई नीतियों में निर्यात को आसान बनाने, वित्तीय सहायता देने और ई-कॉमर्स को बढ़ावा देने जैसे उपाय शामिल हैं। अमेरिका से बढ़ते टैरिफ के कारण चीन के निर्यात पर बड़ा असर पड़ सकता है।

### यूक्रेनी शहर निप्रो को निशाना बनाया, रूस ने कहा- ब्रिटेन निर्मित दो मिसाइल, छह रॉकेट को मार गिराया

# रूस ने पहली बार युद्ध में आईसीबीएम दागी

रूस-यूक्रेन युद्ध

कीव, एजेंसी। रूस ने बुधवार की रात यूक्रेनी शहर निप्रो को निशाना बनाकर युद्ध में पहली बार अंतर-महाद्वीपीय बैलेस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) का इस्तेमाल किया। यूक्रेन ने गुरुवार को यह दावा किया।

यूक्रेनी वायुसेना ने गुरुवार को सोशल मीडिया मंच टेलीग्राम पर एक बयान में कहा कि इसे रूस के कैस्पियन सागर से लगते अस्त्रखान क्षेत्र से दागा गया, लेकिन यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि वास्तव में यह किस तरह की मिसाइल थी। साथ कहा कि आठ अन्य मिसाइलों के साथ निप्रो शहर पर एक अंतर-महाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल दागी गई। यूक्रेनी सेना ने इनमें से छह मिसाइलों को नष्ट कर दिया।

अधिकारियों के अनुसार हमले में दो लोग घायल हो गए और एक औद्योगिक प्रतिष्ठान तथा दिव्यांग लोगों का एक पुनर्वास केंद्र क्षतिग्रस्त हो गया। यह हमला रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा संशोधित परमाणु सिद्धांत पर हस्ताक्षर किए जाने के दो दिन बाद हुआ।

**मिसाइल और 67 ड्रोन नष्ट :** यूक्रेन ने अमेरिका द्वारा भेजी गई लंबी दूरी की कई मिसाइलें मंगलवार को दागीं और ब्रिटेन निर्मित स्टॉर्म शैडोज मिसाइलों का भी बुधवार को कथित तौर पर इस्तेमाल किया। स्टॉर्म शैडो मिसाइलों को गिराने की मॉस्को की यह पहली सार्वजनिक घोषणा नहीं है।

**रूस ने दी चेतावनी :** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने चेतावनी दी है कि रूस अपनी नई मिसाइलों का इस्तेमाल उन देशों के खिलाफ कर सकता है, जो यूक्रेन को रूस पर मिसाइलें दागने की अनुमति दे रहे हैं।

**नाटो सहयोगियों को चेतावनी :** यह घटनाक्रम ऐसे समय हुआ है जब युद्ध के मैदान में रूस की मदद के लिए उत्तर कोरियाई सैनिकों के पहुंचने के साथ युद्ध ने अधिक अंतरराष्ट्रीय आयाम ले लिया है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के नीति परिवर्तन पर रूस ने धमकी दी कि इसके परिणाम ठीक नहीं होंगे।




निप्रो में गुरुवार को रूस के हवाई हमले के बाद इमारत में लगी आग बुझाने में जुटे यूक्रेन अग्निशमन विभाग के कर्मचारी। • एजेंसी

## उत्तर कोरिया और रूस सहयोग बढ़ाने के लिए सहमत

सियोल,एजेंसी। इस सप्ताह उत्तर कोरिया की राजधानी प्योंगयांग में उच्च स्तरीय वार्ता के बाद उत्तर कोरिया और रूस आर्थिक सहयोग बढ़ाने के लिए एक नए समझौते पर पहुंच गए हैं। उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया ने इसकी पुष्टि की है।

उत्तर कोरिया की आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने बुधवार को उत्तर कोरिया के वरिष्ठ व्यापार अधिकारियों और रूस के प्राकृतिक संसाधन एवं पारिस्थितिकी मंत्री एलेक्जेंडर कोजलोव के नेतृत्व वाले रूसी प्रतिनिधिमंडल के बीच हस्ताक्षरित समझौते के बारे में विस्तार से नहीं बताया। रूसी समाचार एजेंसी के अनुसारक्रि वार्ता के पहले दौर के बाद अधिकारियों ने पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए देशों के बीच 'चार्टर' उड़ानों की संख्या बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की।

## रूस-यूक्रेन युद्ध नए चरण में पहुंचा

अमेरिका द्वारा यूक्रेन को रूस में लंबी दूरी तक मिसाइलों के इस्तेमाल की अनुमति देने के बाद युद्ध नए चरण में पहुंच गया है। अमेरिका के कीव में दूतावास बंद करने से युद्ध के गहराने की आशंका बढ़ गई है।

**कई दूतावास बंद**

अमेरिका के साथ-साथ ग्रीस और इटली ने भी कीव में अपने दूतावास बंद कर दिए। रूस के हमले की चेतावनी के बाद पश्चिमी देशों ने दूतावास को बंद करने का फैसला लिया है।

**मिसाइलों की इजाजत**

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने रविवार को यूक्रेन को रूस में लंबी दूरी तक हमले करने के लिए एटीएसीएमएस (आर्मी टैक्टिकल मिसाइल सिस्टम) की अनुमति दी थी।

**10** लाख लोग रूस-यूक्रेन युद्ध में अब तक मारे जा चुके हैं

**155** अरब यूरो की यूक्रेन में कुल क्षति हुई है

**01** करोड़ लोग अपने घर-द्वार छोड़ चुके हैं

**छह एटीएसीएमएस दागे : रूस**

रूस ने बताया यूक्रेन ने अभी तक छह एटीएसीएमएस दागे हैं। उधर, रूस के रक्षा मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि हमने युद्ध के नए चरण में प्रवेश कर गए हैं।

**रूस की नई परमाणु नीति**

रूस की नई परमाणु नीति के तहत अगर कोई देश परमाणु युद्ध संपन्न देश की मदद से हमला करता है तो इसे संयुक्त हमला माना जाएगा।

**यूक्रेन को मदद**

100 अरब यूरो यूरोपीय संघ के देशों ने दिए

84 अरब यूरो संयुक्त राज्य अमेरिका ने दिए



**क्या है आर्मी टैक्टिकल मिसाइल सिस्टम?**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 300 किलोमीटर है। इन मिसाइलों की रेंज लगभग | ये फ्रांस और ब्रिटेन के स्टॉर्म शैडो मिसाइलों की तरह है। | यह सतह से सतह पर मार करने वाली बैलिस्टिक मिसाइल है। | 1.5 मिलियन डॉलर है। हरेक मिसाइल की कीमत लगभग | यह मिसाइल रक्षा निर्माता लॉकहीड मार्टिन ने बनाई है। |

## हर्षिता की हत्या बर्बर कृत्य: ब्रिटेन

लंदन, एजेंसी। ब्रिटेन की उप प्रधानमंत्री ने भारतीय मूल की युवती 24 वर्षीय हर्षिता ब्रेला की हत्या को बर्बर कृत्य करार दिया है। पीड़िता का शव पूर्वी लंदन में एक कार की डिग्गी में मिला था। हत्या के इस मामले की जांच शुरू की गई है।

हर्षिता ने अपने पति पंकज लांबा के खिलाफ 28 दिन का घरेलू हिंसा संरक्षण आदेश हासिल किया था, लेकिन इस महीने नॉर्थहेम्पटनशायर के कॉर्बी स्थित उसके घर में हत्या किए जाने से पहले इसका नवीनीकरण नहीं कराया गया था।

## लॉरेंस का भाई आयोवा जेल में बंद

वाशिंगटन, एजेंसी। गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई को आयोवा की पोटावाटामी काउंटी जेल में बंद है। अनमोल मुंबई के बांद्रा इलाके में एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या और बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग सहित कई मामलों वांछित था।

भारत ने अनमोल के प्रत्यर्पण की मांग की है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने उसकी गिरफ्तारी की जानकारी देने पर 10 लाख रुपये का इनाम भी घोषित किया था। बताया जाता है कि वह कनाडा में रह रहा था और अक्सर अमेरिका की यात्रा करता था।

# 'कसाब तक को निष्पक्ष सुनवाई का मौका मिला'

नई दिल्ली, एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने जम्मू-कश्मीर के अलगाववादी नेता यासीन मलिक के खिलाफ अपहरण मामले में सुनवाई करते हुए गुरुवार को टिप्पणी की कि अजमल कसाब को भी हमारे देश में निष्पक्ष सुनवाई का मौका मिला था। इसके साथ ही संकेत दिया कि वह मलिक मामले में सुनवाई के लिए तिहाड़ जेल में एक अदालत कक्ष स्थापित कर सकता है।

न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ जम्मू की एक निचली अदालत के 20 सितंबर, 2022 के आदेश के खिलाफ सीबीआई की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। निचली अदालत ने मलिक को तत्कालीन गृहमंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद की बेटी रुबैया सईद के अपहरण मामले में जिरह के लिए प्रत्यक्ष रूप से पेश होने का निर्देश दिया है। इस पर पीठ ने कहा कि मलिक की कोर्ट में पेशी ऑनलाइन नहीं हो सकती क्योंकि जम्मू में इंटरनेट कनेक्टिविटी बहुत अच्छी नहीं है। साथ ही याद दिलाते हुए कि मुंबई हमले के आतंकी कसाब को हाईकोर्ट में कानूनी सहायता दी गई थी उसने सीबीआई की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा कि मलिक के मामले में गवाहों की कुल संख्या का पता लगाएं।

## प्रवासी निकालने की योजना पर काम शुरू

ह्यूस्टन। ट्रंप की प्रवासियों को देश से बाहर करने की योजना परवान चढ़ने लगी है। इसके समर्थन में टेक्सास ने अमेरिकी-मेक्सिको सीमा के नजदीक राज्य सरकार के स्वामित्व वाली 1400 एकड़ खेती की जमीन देने की पेशकश की है।

टेक्सास लैंड कमिश्नर डॉन बकिंघम ने मंगलवार को डोनाल्ड ट्रंप को पत्र लिखा। डोनाल्ड को लिखे पत्र में होमलैंड सुरक्षा विभाग और आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन सहित संघीय एजेंसियों के साथ सहयोग में मदद करने की बात कही। स्टैर काउंटी में संपत्ति को प्रवासियों को निकालने से पहले यहां रखने के लिए इस्तेमाल करने की पेशकश की।

# पाक में वाहनों पर गोलीबारी, 50 मरे

पेशावर, एजेंसी। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में गुरुवार को यात्रियों से भरी तीन गाड़ियों पर आतंकियों ने गोलीबारी कर दी। इसमें 50 लोगों की मौत हो गई और 20 लोग घायल हैं।

अधिकारियों के मुताबिक आतंकवादियों ने यात्रियों को ले जा रहे तीन वाहनों को निशाना बनाया। अभी तक किसी ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। उन्होंने अफगानिस्तान की सीमा से लगे प्रांत के कुर्रम जिले में वाहनों पर घात लगाकर हमला किया।

अधिकारियों ने बताया कि ये वाहन पाराचिनार से खैबर पख्तूनख्वा की राजधानी पेशावर की ओर आ रहे थे, तभी बंदूकधारियों ने उन पर गोलीबारी शुरू कर दी। जिला अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि हमले में छह महिलाओं और तीन बच्चों समेत 50 लोगों की मौत हो गई। एक स्थानीय पत्रकार ने बताया कि तालिबान के प्रभुत्व वाले इलाकों में वाहनों पर घात लगाकर हमला किया गया। खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन खान गंडापुर ने हमले की कड़ी निंदा की। कानून मंत्री, क्षेत्र के सांसदों और मुख्य सचिव के एक प्रतिनिधिमंडल को स्थिति का आकलन करने और एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए तुरंत कुर्रम जाने का निर्देश दिया।

**राजमार्ग पुलिस इकाई बनाने का निर्देश**

मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को प्रांत में सभी सड़कों पर सुरक्षा बढ़ाने के लिए एक प्रांतीय राजमार्ग पुलिस इकाई बनाने का भी निर्देश दिया। गंडापुर ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और पीड़ितों के परिवारों के लिए वित्तीय सहायता की घोषणा की। उन्होंने कहा कि निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाना बेहद दुखद और निंदनीय है। इस वारदात में शामिल लोग कानून की पकड़ से बच नहीं पाएंगे।

# बिटकॉइन पोंजी घोटाले में कंपनी कर्मी से पूछताछ

रायपुर, एजेंसी। सीबीआई ने गुरुवार को 6,600 करोड़ रुपये के गेन बिटकॉइन पोंजी घोटाले की जांच के सिलसिले में ऑडिट कंपनी के कर्मचारी गौरव मेहता से पूछताछ की। केंद्रीय एजेंसी ने अक्तूबर में इस कथित घोटाले से संबंधित तीन मामले दर्ज किए थे।

मेहता का नाम महाराष्ट्र के नेताओं की बातचीत से जुड़े कथित टेप में सामने आया है। टेप में करोड़ों रुपये की क्रिप्टोकरेंसी भुनाने की चर्चा की गई थी। इसके बाद सीबीआई ने मेहता को जल्द से जल्द पेश होने के लिए कहा था। गुरुवार दोपहर से शुरू हुई पूछताछ देर रात तक जारी रही।

अधिकारियों ने उससे क्रिप्टोकरेंसी में कथित निवेश से संबंधित टेप और दस्तावेजों के बारे में पूछताछ की। पूछा क्या उसने राजनीतिक दलों के नेताओं के वॉयस नोट्स साझा किए थे। यदि हां, तो विवरण दे। बिटकॉइन लेनदेन में उसकी भूमिका के बारे में पूछा गया।

## अमेरिका के नामित रक्षा मंत्री पर यौन उत्पीड़न के आरोप

सांता क्रूज, एजेंसी। अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा रक्षा मंत्री के तौर पर नामित पीट हेगसेथ पर 2017 में एक महिला ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था। बुधवार को सार्वजनिक की गई एक विस्तृत जांच रिपोर्ट से यह जानकारी मिली।

महिला ने पुलिस को बताया कि 2017 में पीट हेगसेथ ने यौन उत्पीड़न किया था। हेगसेथ ने उसका फोन ले लिया और कैलिफोर्निया के होटल के कमरे में बंद कर दिया।

# गूगल को बेचना पड़ सकता है क्रोम ब्राउजर

वाशिंगटन, एजेंसी। गूगल को अपना इंटरनेट ब्राउजर गूगल क्रोम बेचना पड़ सकता है। दरअसल, अमेरिकी विनियामकों ने एक संघीय न्यायाधीश से अनुरोध किया है कि गूगल को उसके सर्च इंजन के माध्यम से प्रतिस्पर्धा में दबदबा कायम रखने से रोका जाए।

इससे पहले एक अदालत ने कहा था कि गूगल ने पिछले एक दशक में गलत तरह से इस क्षेत्र में एकाधिकार स्थापित कर लिया है। अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा बुधवार रात दायर 23 पन्नों के दस्तावेज में गूगल के प्रस्तावित विघटन में ऐसे दंडों की मांग की गई है जिनमें गूगल के अग्रणी क्रोम वेब ब्राउजर की बिक्री करने और एंड्रॉइड पर अपने स्वयं के सर्च इंजन की वकालत करने से रोकने के लिए प्रतिबंध लगाना शामिल होगा।

यदि अदालत सरकार की सिफारिशों को स्वीकार करती है, तो गूगल को अंतिम फैसले के छह महीने के भीतर अपने 16 साल पुराने क्रोम ब्राउजर को बेचने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

**सख्ती** | संचार मंत्री मिशेल रोलैंड ने संसद में 16 साल से कम उम्र के किशोरों के लिए प्रतिबंध करने से संबंधित कानून पेश किया

# ऑस्ट्रेलिया में बच्चे सोशल मीडिया का प्रयोग नहीं कर सकेंगे

मेलबर्न, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया की संचार मंत्री मिशेल रोलैंड ने गुरुवार को संसद में 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया का उपयोग प्रतिबंध करने से से संबंधित कानून पेश किया।

संचार मंत्री ने कहा कि आजकल ऑनलाइन सुरक्षा अभिभावकों के लिए एक बड़ी चुनौती बन गई है। अगर टिकटॉक, फेसबुक, स्नैपचैट, रेडिट, एक्स और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया मंच बच्चों को अकाउंट बनाने से रोकने में विफल रहते हैं, तो इन मंचों पर पांच करोड़ ऑस्ट्रेलियाई डॉलर तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।लगभग दो-



तिहाई, 14 से 17 साल के ऑस्ट्रेलियाई बच्चों ने बेहद हानिकारक सामग्री ऑनलाइन देखी है। एक चौथाई बच्चों ने असुरक्षित खानपान आदतों को बढ़ावा देने वाली सामग्री देखी है। 95 प्रतिशत ऑस्ट्रेलियाई अभिभावक ऑनलाइन सुरक्षा को बड़ी चुनौती मानते हैं।

नॉर्वे, फ्रांस सहित कई देशों में बच्चों के सोशल मीडिया उपयोग के लिए नियम सख्त हैं। नॉर्वे ने इसी साल पाबंदी लगाई है। ऑस्ट्रेलिया ने प्रतिबंध लगाने से संबंधित कानून संसद में पेश किया है, इसके अलावा फ्रांस, अमेरिका ने भी सोशल मीडिया के प्रयोग के लिए नियम बनाए हैं।

**कई देशों में बच्चों के लिए हैं नियम**

**नॉर्वे :** नॉर्वे में सरकार ने पिछले महीने ही बच्चों की सुरक्षा के लिए सोशल मीडिया के लिए न्यूनतम आयु सीमा बढ़ाकर 15 साल की है जो पहले यह 13 साल थी।

**अमेरिका :** अमेरिका के फ्लोरिडा राज्य में 14 साल से कम उम्र के बच्चों को सोशल मीडिया चलाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। 14-15 साल के बच्चों को सोशल मीडिया चलाने के लिए माता-पिता की मंजूरी की आवश्यकता होगी। इसी साल बिल पारित किया है।

**फ्रांस :** फ्रांस 15 वर्ष की आयु तक के विद्यार्थियों के लिए स्कूल में मोबाइल फोन पर प्रतिबंध लगाने का परीक्षण कर रहा है। अगर यह सफल रहा, तो इसे पूरे देश में लागू किया जाएगा।

**भारत में क्या है स्थिति?**

भारत में हाल ही में जारी डिजिटल व्यक्तिगत डाटा संरक्षण अधिनियम, 2023 में बच्चों से संबंधित डाटा गोपनीयता के मुद्दों पर चर्चा की गई है। इसमें अनिवार्य किया गया है कि बच्चे के माता-पिता या कानूनी अभिभावक की सहमति प्राप्त की जानी चाहिए। इसका मतलब है कि अगर कोई नाबालिग (18 वर्ष से कम उम्र के) फेसबुक या सोशल मीडिया अकाउंट खोलना चाहता है, तो उसके माता-पिता की सहमति लेनी होगी। भारत में अब तक 13 साल से अधिक उम्र का बच्चा गूगल, फेसबुक और इंस्टाग्राम अकाउंट खोल सकता है।

# जलवायु वित्त पैकेज का मसौदा तैयार

बाकू में कॉप -29

बाकू (अजरबैजान), एजेंसी। विकासशील देशों के लिए नए जलवायु वित्त पैकेज का अधिक सुव्यवस्थित मसौदा गुरुवार पेश किया गया। यह 25 पन्नों से घटकर 10 पन्नों का हो गया, लेकिन इसमें प्रमुख मुद्दे बरकरार हैं।

मसौदे पर गौर करने पर पता चलता है कि विकसित देश अब भी एक प्रमुख सवाल का जवाब देने से कतरा रहे हैं कि वे वर्ष 2025 से विकासशील देशों को जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए हर साल कितना वित्तीय सहयोग देने को तैयार हैं? विकासशील देश लगातार कहते आए हैं कि ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में कटौती और जलवायु अनुकूलन के लिए उन्हें कम से कम 13 खरब अमेरिकी डॉलर की जरूरत है।

बाकू में संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन को समाप्त होने में बस दो दिन बचे हैं, ऐसे में वार्ताकारों पर किसी समझौते पर पहुंचने की बड़ी जिम्मेदारी है। विश्व संसाधन संस्थान (डब्ल्यूआरआई) की अंतर्राष्ट्रीय जलवायु पहल के निदेशक डेविड वास्को ने कहा कि मसौदा में कई मुद्दों का जिक्र नहीं है। उन्होंने कहा कि समय बहुत कम है और मसौदे को और अधिक सुव्यवस्थित बनाने तथा उसमें अन्य विकल्प शामिल करने के लिए काफी काम किए जाने की जरूरत है।

**विफलता कोई विकल्प नहीं है : जलवायु प्रमुख**

बाकू। संयुक्त राष्ट्र जलवायु प्रमुख साइमन स्टील ने जलवायु परिवर्तन से मुकाबले के लिए विकासशील देशों को वित्तीय मदद देने के लिए वैश्विक एकता और महत्वाकांक्षा का आह्वान किया। उन्होंने गुरुवार को कहा कि विफलता कोई विकल्प नहीं है। स्टील ने कहा कि चर्चा को अंतिम रेखा तक लाने के लिए बड़े प्रयास की आवश्यकता है। जारी किए गए जलवायु वित्त मसौदे पर संयुक्त राष्ट्र जलवायु प्रमुख ने कहा कि भले ही बातें स्पष्ट हो गई हैं, लेकिन अभी भी बड़े अंतर बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि वित्त में वृद्धि अत्यंत आवश्यक है, ताकि सभी देश 1.5 डिग्री सेल्सियस के लक्ष्य के अनुरूप नई राष्ट्रीय योजना को लागू कर सकें।

■ पर्थ में टीम इंडिया और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहला टेस्ट आज से ■ रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में बुमराह करेंगे कप्तानी

# कंगारुओं का किला भेदने को तैयार भारत

बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी

पर्थ, एजेंसी। वक्त आ गया है जिसका लंबे समय से इंतजार था। टीम इंडिया शुक्रवार को पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का पहला टेस्ट खेलने उतरेगी। न्यूजीलैंड के खिलाफ घर में सफाए के बाद भारत के सामने कंगारुओं को उसके घर में हराने की कठिन चुनौती होगी। पांच मैचों की यह सीरीज भारत के लिए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल की राह भी तय करेगी। खिताबी मुकाबले में पहुंचने के लिए टीम इंडिया को कम से कम चार टेस्ट मैच जीतने होंगे। भारत ने 2018-19 और 2020-21 में ऑस्ट्रेलिया को हराया था मगर इस बार हालात अलग हैं। कुछ सितारे अपने करियर के अंतिम पड़ाव पर हैं।

न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू धरती पर 3-0 की हार ने बल्लेबाजों का मनोबल तोड़ा है मगर उम्मीद यही है कि बुमराह की अगुवाई में भारत उस हार को भूलकर नए जोश के साथ उतरेगा। कार्यवाहक कप्तान बुमराह ने पहले टेस्ट से पूर्व प्रेस कांफ्रिंस में कहा, जब आप जीतते हैं तो शून्य से शुरूआत करते हैं लेकिन जब हारते हैं, तब भी तो ऐसा ही होता है। हम भारत से कोई बोझ लेकर नहीं आए हैं। न्यूजीलैंड सीरीज से हमने सबक लिया है लेकिन यहां हालात अलग हैं और यहां हमारे नतीजे अलग रहे हैं।

कोहली, रोहित और ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन उस मुकाम पर हैं जहां खराब प्रदर्शन भारी पड़ सकता है। कोहली 2014 में आस्ट्रेलिया में ही 'किंग कोहली' बने जब उन्होंने चार शतक लगाए थे। ऋषभ पंत ने भी आस्ट्रेलियाई गेंदबाजों की नींद उड़ाई थी। यह ऐसी सीरीज होने की उम्मीद है जिसमें गेंदबाजों का पलड़ा भारी होगा। ऐसे में जसप्रीत बुमराह के साथ मोहम्मद सिराज, आकाशदीप, हर्षित राणा और प्रसिद्ध कृष्णा पर भी निगाहें होंगी।



पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में पहले टेस्ट मैच की पूर्व संध्या पर गुरुवार को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के साथ ऑस्ट्रेलियाई कप्तान कमिंस और भारतीय कप्तान बुमराह। ●एजेंसी

## कप्तानी पद नहीं बल्कि जिम्मेदारी है : बुमराह

पर्थ। जसप्रीत बुमराह ने पहले टेस्ट से पूर्व गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि वह कप्तानी को एक पद के तौर पर नहीं देखते। यह एक जिम्मेदारी है जो उन्हें पसंद है। उन्होंने कहा, मैं बचपन से कठिन काम करने का शौकीन रहा हूं। कठिन हालात में काम करना मुझे पसंद है और यह एक नई चुनौती है। बुमराह का मानना है कि किसी और की कप्तानी शैली की नकल करने से काम नहीं चलता। उन्होंने कहा, आपको किसी की नकल करने की बजाय अपनी शैली तलाशनी होगी। विराट कोहली और रोहित काफी कामयाब रहे हैं और नतीजे भी दिए हैं। मेरा तरीका यही है कि मैं कॉपीबुक रणनीति पर अमल नहीं करता। बुमराह ने कहा, मेरी गेंदबाजी में भी आपको दिखेगा कि मेरी अपनी शैली है। मैंने हमेशा ऐसे ही क्रिकेट खेली है। उनका मानना है कि तेज गेंदबाज रणनीति के माहिर होते हैं और अच्छे कप्तान बनते हैं। उन्होंने आस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस और भारत के पूर्व कप्तान कपिल देव का उदाहरण दिया।

## तीन सवालों के मिलेंगे जवाब

**1** रोहित शर्मा की गैरमौजूदगी में ओपनर कौन?
■ केएल राहुल और अभिमन्यु ईश्वरन विकल्प हैं। राहुल को 53 टेस्ट खेलने का अनुभव जबकि अभिमन्यु खेले तो पदार्पण करेंगे।

**2** शुभमान की जगह तीसरे नंबर पर कौन उतरेगा?
■ पहले टेस्ट में गिल की जगह देवदत्त पडिक्कल को मौका मिल सकता है।

**3** हर्षित राणा या नीतीश रेड्डी में से कौन सा एक ऑलराउंडर खेलेगा?
■ बुमराह ने नीतीश को खिलाने की संकेत दिए हैं हालांकि पिच को देखते हुए हर्षित को भी मौका संभव।

## ऑस्ट्रेलिया की चिंता स्मिथ और लाबुशेन



ऑस्ट्रेलिया के लिए स्टीव स्मिथ, मार्नस लाबुशेन फॉर्म में नहीं हैं। स्मिथ का मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में औसत 36 के आसपास है। लाबुशेन भी पिछले दो साल में 30 से कम की औसत से रन बना रहे हैं। ट्रेविस हेड भारत के लिए बड़ी चुनौती साबित हुए हैं हालांकि टेस्ट में उनका औसत 28 के करीब है। सिर्फ उस्मान ख्वाजा ही कुछ उम्दा पारियां खेल सके हैं। इसके बावजूद ऑस्ट्रेलिया जैसी टीम को कभी हल्के में नहीं लिया जा सकता यह टीम इंडिया जानती होगी।


## ऑस्ट्रेलिया में भारत (1947से 2021 तक)

**13** सीरीज खेल चुकी है ऑस्ट्रेलिया में टीम इंडिया अब तक

**08** सीरीज ऑस्ट्रेलिया ने जीती, 02 भारत ने, तीन ड्रॉ

■ पिछली सीरीज (2020-21): भारत ने चार मैचों की सीरीज 2-1 से जीती थी। इसमें एडिलेड का वो टेस्ट भी था जिसमें भारत 36 रन पर आउट हो गया था और उसके बाद ऐतिहासिक वापसी की थी। इसी दौरे पर कोहली पहली बार पिता बने थे। उनकी अनुपस्थिति में अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में यादगार जीत मिली थी।

## आमने-सामने




**प्रसारण : सुबह 7.50 बजे से स्टार स्पोर्ट्स पर**

## हमारी तीन उम्मीदें



**48** के करीब औसत से 9040 टेस्ट रन बना चुके हैं विराट

**बुमराह** मैच-40 विकेट-173 इकोनॉमी 2.76

**38** मैच में 2693 टेस्ट रन बना चुके ऋषभ पंत 44 के औसत से



## बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी डायरी

### रोहित रविवार को पर्थ में टीम से जुड़ेंगे



पर्थ। रोहित शर्मा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट के तीसरे दिन रविवार को यहां भारतीय टीम से जुड़ जाएंगे। बीसीसीआई के एक सूत्र ने गुरुवार को यह जानकारी दी। रोहित ऑप्टस स्टेडियम में होने वाले पहले टेस्ट में नहीं खेलेंगे क्योंकि वह अपने दूसरे बच्चे के जन्म के लिए भारत में ही रुक गये थे। उनके बेटे का जन्म 15 नवंबर को हुआ। 37 वर्षीय रोहित 6 दिसंबर से एडीलेड में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए उपलब्ध होंगे। रोहित ऑस्ट्रेलिया में टीम के संपर्क में थे। बुमराह ने गुरुवार को मैच की पूर्वसंध्या पर प्रेस कांफ्रेंस में कहा था कि उन्होंने रोहित से बात की थी।

### पुजारा को तीसरे नंबर पर राहुल पसंद

पर्थ। ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजी आक्रमण का उसकी सरजमीं पर कई बार सफलतापूर्वक सामना कर चुके चेतेश्वर पुजारा ने तीसरे स्थान पर लोकेश राहुल के बल्लेबाजी करने का समर्थन किया है। पुजारा ने एक शो में गुरुवार को कहा, मैं उन्हें (राहुल को) नंबर तीन पर पसंद करूंगा क्योंकि उनके पास वहां बल्लेबाजी करने का अनुभव है। पुजारा ने साथ ही कहा, लगता है कि टीम बाएं-दाएं हाथ के संयोजन के लिए नंबर तीन पर देवदत्त पडिक्कल को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने पांचवें और छठे नंबर तथा मध्य क्रम में बल्लेबाजी की है। पारी का आगाज करने की तुलना में नंबर तीन पर बल्लेबाजी करना आसान होगा। पुजारा ने जायसवाल की प्रशंसा की और उनकी बल्लेबाजी की तुलना ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज बल्लेबाज वार्नर से की। पुजारा ने कहा, वह भारत के सबसे प्रतिभाशाली क्रिकेटरों में से एक है। मुझे पूरा विश्वास है कि भविष्य में उन्हें बहुत कुछ साबित करना होगा और वह इस सीरीज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### ऑस्ट्रेलिया 3-1 से जीतेगा : पोंटिंग



पर्थ। ऑस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज रिकी पोंटिंग ने किहा है कि आगामी सीरीज मेजबान टीम जीतेगी। पोंटिंग ने कहा, मैं अब भी कहता हूं कि ऑस्ट्रेलिया 3-1 से जीतेगा। ऑस्ट्रेलिया की गेंदबाजी अच्छी है, लिहाजा मैं अपनी भविष्यवाणी पर कायम हूं। हालांकि मार्नस लाबुशेन और स्टीव स्मिथ को रन बनाने होंगे। पिछली बार सनी (गावस्कर) सही साबित हुआ था लेकिन मुझे उम्मीद है कि इस बार रवि (शास्त्री) सही साबित नहीं होगा। उन्होंने साथ ही अंदेशा जताया कि एडीलेड टेस्ट में दूसरे टेस्ट में कप्तान रोहित शर्मा की भारतीय टीम में वापसी से व्यवधान की संभावना है।

### कमिंस ने माना, टीम पर होगा दबाव

पर्थ। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने कहा है कि बॉर्डर-गावस्कर सीरीज काफी प्रतिस्पर्धी होने वाली है क्योंकि दोनों दिग्गज चार की बजाय पांच टेस्ट मैच खेलेंगे। कमिंस ने पहले मैच से पूर्व गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस में स्वीकार किया कि उनकी टीम पर दबाव होगा जो भारत से पिछली चार टेस्ट सीरीज हार चुकी है। उन्होंने कहा, अपनी धरती पर खेलते समय हमेशा दबाव रहता है। भारत की टीम काफी प्रतिभाशाली है और यह अच्छी चुनौती होगी। लेकिन हम बहुत आगे की नहीं सोच रहे हैं। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी हमेशा से चुनौतीपूर्ण होती है। पांच टेस्ट की सीरीज तो और भी प्रतिस्पर्धी होगी। यह ट्रॉफी जीतना शानदार होगा। भारतीय टीम बहुत अच्छी है लेकिन हमारी तैयारी भी पक्की है। कमिंस ने यह भी कहा कि नए बल्लेबाज 25 वर्ष के नाथन मैकस्वीनी को डेविड वॉर्नर की नकल करने की बजाय अपना स्वाभाविक खेल दिखाना होगा। वॉर्नर ने इस साल की शुरुआत में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से विदा ली। कमिंस ने कहा, डेवी की जगह लेना मुश्किल है।

# गंभीर बिना सोचे-समझे प्रतिक्रिया से बचें : शास्त्री

## दिग्गजों की राय

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत को ऑस्ट्रेलिया में लगातार दो सीरीज जीत में अहम भूमिका निभाने वाले रवि शास्त्री ने मुख्य कोच गौतम गंभीर को सलाह दी है कि वे कंगारुओं के खिलाफ टेस्ट सीरीज के दौरान 'शांत रहें' और 'बिना सोचे-समझे प्रतिक्रिया करने से बचें'।

जुलाई में कोचिंग संभालने के बाद से गंभीर के लिए यह सीरीज बतौर कोच सबसे बड़ी चुनौती होगी। हालांकि गंभीर को हाल में कुछ पूर्व क्रिकेटरों ने तुनकमिजाज करार दिया है।

**खिलाड़ियों पर ध्यान दें :** शास्त्री ने 'स्टार स्पोर्ट्स प्रेस रूम' में गंभीर को सलाह दी, ऐसी स्थिति में नहीं पड़ें जहां बिना सोचे-समझे प्रतिक्रिया होती हैं। शांत रहें और अपने खिलाड़ियों को समझने पर ध्यान दें। शास्त्री ने कहा कि खिलाड़ियों को समझना और मैच की परिस्थितियों में उन्हें मजबूत बनाना ही सफलता के लिए अहम है।

उन्होंने कहा, आप परिस्थितियों को समझेंगे, तो देखोगे कि एक निश्चित खिलाड़ी दूसरे की तुलना में बेहतर हो सकता है। इस तरह की समझ रातों-रात नहीं आती। मुझे इन चीजों को समझने में कुछ समय लगा। गौतम को भले ही पहले से ही खिलाड़ियों के स्वभाव की जानकारी हो सकती है।

**कप्तान पर दबाव :** शास्त्री का मानना है कि बुमराह को बतौर कप्तान दबाव का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा, इस स्थिति में कोई भी कप्तान दबाव महसूस करेगा। लेकिन बुमराह एक परिपक्व और प्रतिस्पर्धी क्रिकेटर हैं। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि वह इस समय दुनिया का सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज है। अगर वह अपनी मजबूती पर अडिग रहता है और टीम के खिलाड़ी की तरह गेंदबाजी करता है तो ठीक होगा।

### कोहली बोले, यशस्वी अच्छी आदतें अपनाएं

पर्थ। युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने बीसीसीआई .टीवी' से कहा, जब मैंने सीनियर क्रिकेट खेलना शुरू किया तो मैंने विराट पाजी से बात की कि वह खुद को कैसे मैनेज करते हैं। उन्होंने कहा, अगर मेरे इतना क्रिकेट खेलना है (जितना उन्होंने खेला है) तो दिनचर्या में अनुशासित होना होगा और प्रक्रिया का पालन करना होगा। मैंने उन्हें (कोहली) दिन-प्रतिदिन लगातार ऐसा करते देखा है। वह मुझे खुद पर काम करने और अपनी आदतों में बदलाव लाने के लिए प्रेरित करते हैं। जब भी मैं अभ्यास के लिए जाता हूं तो मेरे पास हमेशा एक योजना होती है।

# लक्ष्य अंतिम-8 में, सिंधु दूसरे दौर में बाहर

## चाइना मास्टर्स

शेनझेन (चीन), एजेंसी। भारत के लक्ष्य सेन के साथ ही सात्विक साइराजरांकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी चाइना मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए है। हालांकि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु का अभियान दूसरे दौर में थम गया।

**लगातार गेम में जीते :** पेरिस ओलंपिक में कांस्य चूकने वाले लक्ष्य ने पुरुष एकल के दूसरे दौर में रासमस गेम्के को 21-6, 21-18 से पराजित किया। अब लक्ष्य अगले दौर में जापान के ताकुमा ओबायाशी और तीसरे वरीय डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेंगे।



सात्विकसाईराज रांकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की गत चैंपियन जोड़ी भी अंतिम आठ में पहुंच गई। उन्होंने पुरुष युगल में रासमस जाएर और फ्रेडेरिक सोगार्ड की डेनमार्क की जोड़ी को 21-19, 21-15 से हराया।

एशियाई खेलों के स्वर्ण विजेता सात्विक और चिराग अंतिम आठ में किम एस्ट्रूप और एंडर्स स्कारूप रासमुसेन की डेनमार्क की जोड़ी का सामना करेंगे।

**महिला एकल में चुनौती खत्म :** पहले दौर में बुसानन ओंगबैमरुंगफान को हराने वालीं दुनिया की 19वें नंबर की खिलाड़ी सिंधु का सफर थम गया। उन्हें दूसरे दौर में सिंगापुर की यिओ जिया मिन ने 16-21, 21-17, 21-23 से हराकर बाहर कर दिया।

महिला एकल में अनुपमा उपाध्याय और मालविका बंसोड़ को भी हार मिली। अनुपमा को जापान की नात्सुकी निदाइरा के खिलाफ 7-21, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा जबकि मालविका को आठवीं वरीय थाईलैंड की सुपानिदा केटथोंग के खिलाफ 9-21, 9-21 से शिकस्त मिली।

दुनिया की 18वें नंबर की भारतीय जोड़ी त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद को चीन की ल्यू शेंग शू और टेन निंग की दूसरी वरीय जोड़ी ने दूसरे दौर में 21-16, 21-11 से हराया।

## टेनिस : करण सिंह क्वार्टर फाइनल में

कलबुर्गी (कर्नाटक)। भारत के करण सिंह कलबुर्गी ओपन टेनिस के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। उन्होंने गुरुवार को हमवतन नितिन कुमार सिन्हा पर 6-4, 6-3 की जीत दर्ज की। तीन और भारतीय भी अंतिम आठ में पहुंच गए। पांचवें वरीय आर्यन सिंह ने मनीष सुरेश कुमार को 6-3, 6-3 से हराया जबकि सातवें वरीय देव जाविया ने इंडोनेशिया के रिफकी फित्रियादी को 5-7, 6-2, 6-2 से शिकस्त दी।

## सहवाग के बेटे आर्यवीर का दोहरा शतक

शिलांग, एजेंसी। भारत के महान बल्लेबाज विरेन्दर सहवाग के बेटे आर्यवीर ने भी क्रिकेट के मैदान में गुरुवार को धमाका कर दिया। उन्होंने यहां मेघालय के खिलाफ अंडर-19 कूच बिहार ट्रॉफी में दिल्ली के लिए 229 गेंद में नाबाद 200 रन ठोके दिए।

**दिल्ली का विशाल स्कोर:** एमसीए क्रिकेट मैदान में अर्णव बुग्गा के साथ पारी का आगाज करने उतरे आर्यवीर ने अपनी इस विशेष पारी के दौरान 34 चौके और दो छक्के जमाए। बुग्गा ने




108 गेंद में 114 रन की पारी खेली। मेघालय के 260 रन के जवाब में दिल्ली ने दूसरे दिन स्टंप्स तक 81 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 468 रन बना लिए थे। आर्यवीर दिन का खेल समाप्त होने तक धान्य नाकरा के साथ बल्लेबाजी कर रहे थे। धान्य 98 रन बनाकर क्रीज पर थे।

**रबाडा ने बधाई दी :** आर्यवीर की बेहतरीन पारी पर दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर बधाई देते हुए लिखा-जूनियर सहवाग आ रहे हैं। उनके अलावा भी कई यूजर्स ने सहवाग को बधाई दी है।

## खेल 30S

### मांजरेकर के बयान पर भड़क गए शमी



नई दिल्ली। मोहम्मद शमी ने पूर्व क्रिकेटर और कमेंटेटर संजय मांजरेकर को इस बयान के लिए आड़े हाथों लिया है कि इंडियन प्रीमियर लीग की मेगा नीलामी में भारत के इस तेज गेंदबाज पर ज्यादा बोली नहीं लगेगी। शमी को गुजरात टाइटंस ने रिलीज कर दिया। नीलामी में उनका बेस प्राइज दो करोड़ रुपये है। आईपीएल में 2013 में पदार्पण के बाद से शमी ने 110 मैचों में 127 विकेट लिए हैं। उन्होंने टखने की चोट के कारण सर्जरी के बाद करीब एक साल में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में हाल ही में वापसी की है। शमी ने इंस्टाग्राम पर लिखा, बाबा की जय हो। थोड़ा सा ज्ञान अपने फ्यूचर के लिए भी बचा लो, काम आएगा संजय जी। किसी को फ्यूचर जानना हो तो सर से मिले।

### ऑस्ट्रेलिया लगातार तीसरे साल सेमीफाइनल में

मलागा (स्पेन)। ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे साल डेविस कप के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। उसने गुरुवार को क्वार्टर फाइनल में अमेरिका को 2-1 से हरा दिया। अब 28 बार के डेविस कप चैंपियन ऑस्ट्रेलिया का सामना गत चैंपियन इटली और अर्जेंटीना के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। ऑस्ट्रेलिया के थानासी कोकिनाकिस ने पहले के शेल्टन को 6-1, 4-6, 7-6 से हराया। फिर अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज ने एलेक्स डि मिनॉर को 6-3, 6-4 हराया। अंत में मैट इब्डेन और जोर्डन थॉम्पसन ने बेन शेल्टन और टॉमी पॉल को 6-4, 6-4 से मात दी।

### ईडन गार्डंस में झूलन के नाम पर होगा स्टैंड

कोलकाता। बंगाल क्रिकेट संघ (कैब) के प्रस्ताव के बाद ईडन गार्डन्स के 'बी' ब्लॉक में पूर्व भारतीय महिला तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी के नाम पर एक स्टैंड बनाया जाएगा। इस ब्लॉक का नाम बदलने का प्रस्ताव कैब की शीर्ष संस्था के समक्ष रखा गया। सब ठीक रहा तो अगले साल 22 जनवरी को भारत और इंग्लैंड टी-20 मैच के दौरान इसका अनावरण किया जाएगा। ईडन गार्डंस में अभी पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली और दिवंगत पंकज रॉय के अलावा पूर्व बीसीसीआई अध्यक्ष दिवंगत जगमोहन डालमिया और विश्वनाथ दत्त के नाम पर स्टैंड हैं।

## चैंपियंस ट्रॉफी

एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में लगातार दूसरे खिताब से भारतीय टीम ने 'मिशन 2028 लॉस एंजिलिस' का आगाज किया

# महिला हॉकी टीम की युवा सितारों से सुनहरे भविष्य की उम्मीद


गया में गुरुवार को नई दिल्ली रवाना होने से पहले एयरपोर्ट पर भारतीय महिला हॉकी टीम की खिलाड़ी। ●एजेंसी

राजगीर (बिहार), एजेंसी। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाने के गम को भुलाते हुए भारत की युवा महिला हॉकी टीम ने एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी खिताब बरकरार रखकर शानदार वापसी की है। इसके साथ ही इस टूर्नामेंट से कई सितारों का जन्म हुआ जिन्होंने सुनहरे भविष्य की उम्मीद जगाई है।

**दीपिका शीर्ष स्कोरर रहीं :** इन सितारों में 20 वर्ष की युवा स्ट्राइकर दीपिका शामिल हैं। दीपिका ने 11 गोल किए जिनमें चार फील्ड गोल थे। संगीता कुमारी ने चार, प्रीति दुबे, नवनीत कौर और लालरेम्सियामी ने तीन तीन गोल दागे। 17 वर्ष की सुनेलिता टोप्पो ने शानदार ड्रिबलिंग और फ्लैंक से दौड़ते हुए विरोधी डिफेंस को तहस-नहस कर डाला। उदिता, सुशीला चानू, ज्योति और नेहा गोयल ने दमदार प्रदर्शन किया। गोलकीपर सविता पूनिया और बिछू देवी खारीबम को ज्यादा मेहनत करनी ही नहीं पड़ी।

**नई शुरुआत :** इस खिताबी जीत से टीम ने 'मिशन 2028 लॉस एंजिलिस' अभियान का शानदार आगाज किया है। भारतीय कोच हरेंद्र सिंह और इस टीम के लिए यह नई शुरुआत है। अप्रैल में टीम के साथ फिर जुड़ने के बाद से हरेंद्र का एक ही लक्ष्य है ...लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 के लिए क्वालीफाई करना। हरेंद्र का मानना था कि एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीतकर विश्व कप 2026 और ओलंपिक 2028 की तैयारियों की सही शुरुआत की जा सकती है।

> हम इस जीत का जश्न मना रहे हैं लेकिन हमारे लक्ष्य दीर्घकालिन है। हमें रोज कड़ी मेहनत करनी है और हर टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना है। हम भारत का परचम हर टूर्नामेंट में लहराना चाहते हैं। -सलीमा टेटे, कप्तान

### टीम की कमजोर कड़ी

भारत की खिताबी जीत के बावजूद टीम के प्रदर्शन की एक कमजोर कड़ी पेनाल्टी कॉर्नर रही। भारत को हर मैच में बेशुमार पेनाल्टी कॉर्नर मिले लेकिन तब्दीली की दर बहुत कम रही। जापान के खिलाफ सेमीफाइनल में 16 पेनाल्टी कॉर्नर बेकार गए, लिहाजा इस पर मेहनत करनी होगी।


## जरा हटकर

### बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में पति-पत्नी का जलवा



ऑस्ट्रेलिया में शुरू हो रही बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में गेंद-बल्ले की जंग तो देखने को मिलेगी ही मगर एक और दिलचस्प बात है जो यहां होगी। वह है एक पति-पत्नी की जुगलबंदी। ये पति-पत्नी कोई और नहीं बल्कि उस्मान ख्वाजा और रिचेल ख्वाजा हैं। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा मैदान पर शॉट्स लगाएंगे तो उनकी पत्नी रिचेल कमेंट्री बॉक्स में शब्दों से चौके-छक्के लगा रही होंगी। दरअसल रिचेल को बॉर्डर-गावस्कर सीरीज के लिए कमेंट्री पैनल में शामिल किया गया है। ख्वाजा की पत्नी का पूर्व नाम रिचेल मैक्लेलेन है। उस्मान उनसे नौ साल बड़े हैं। दोनों की पहली मुलाकात सिडनी में हुई थी। दोनों ने 2016 में सगाई की थी और दो साल बाद 2018 में पति-पत्नी के बंधन में बंध गए थे। रिचेल कंटेट क्रिएटर होने के साथ बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर भी हैं। उन्हें पहली बार इस सीरीज के लिए कमेंट्री पैनल में शामिल किया गया है। अब यह देखना रोचक होगा कि जब उस्मान मैदान पर बल्लेबाजी कर रहे होंगे तो वह कमेंट्री बॉक्स से क्या बोलेंगी।

POSTAL REG. NO. DL (ND)-11/6057/2015-16-17 "Licensed to post without prepayment" LICENCE No. U(C)-116/2006-08




### यूनिवर्सिटी ऑफ कोलोराडो के वैज्ञानिकों ने अध्ययन किया


# पुरुषों की तुलना में अधिक टूटती है महिलाओं की नींद

**सेहत**

**वाशिंगटन, एजेंसी।** मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए डॉक्टर नींद को महत्व देते हैं। आरामदायक नींद लेने से शरीर की क्षमता विकसित होती है। हालांकि, एक नए अध्ययन में वैज्ञानिकों ने दावा किया कि पुरुषों की तुलना में महिलाओं की नींद अधिक टूटती है। इस वजह से वे कम आरामदायक नींद ले पाती हैं।

अमेरिका के यूनिवर्सिटी ऑफ कोलोराडो बोल्डर के शोधकर्ताओं ने यह अध्ययन किया है। पुरुषों की तुलना में कम सोने और अधिक बार उठने से वह अपर्याप्त नींद ले पाती हैं। इससे मधुमेह, मोटापा, अल्जाइमर और इम्यून सिस्टम का कमजोर होना जैसी जोखिम में बढ़ोतरी हो जाती है।

इसके निष्कर्ष जर्नल साइंटिफिक रिपोर्ट्स में प्रकाशित हुए हैं। इसमें बताया गया कि पुरुषों और महिलाओं में नींद के अंतर के पीछे क्या कारण हो सकते हैं। इंटीग्रेटिव फिजियोलॉजी के सहायक प्रोफेसर राचेल रोवे ने कहा, मनुष्यों में पुरुष और महिलाएं अलग-अलग नींद के पैटर्न को प्रदर्शित करते हैं। यह अक्सर जीवनशैली कारकों और देखभाल करने वाली भूमिकाओं के कारण होता है। महिलाएं पर्यावरण के प्रति अधिक संवेदनशील होती हैं। साथ ही बच्चों की देखभाल करने के जिम्मेदारी भी उन्हीं पर होती है। वहीं तनाव और हार्मोन में बदलाव से भी नींद के बार-बार टूटने की घटनाएं होती हैं और शरीर पर असर पड़ता है।



#### सेंसर के जरिये पता लगा

वैज्ञानिकों ने नींद के पैटर्न का पता लगाने के लिए चूहों पर अध्ययन किया। इस दौरान तीन सौ चूहों पर अल्ट्रासेंसिटिव मूवमेंट सेंसर से युक्त विशेष पिंजरों का उपयोग किया। इसमें पाया गया कि नर चूहे 24 घंटे की अवधि में कुल मिलाकर 670 मिनट सोते हैं। यानी करीब 11 घंटे नींद लेते हैं। वहीं मादा चूहों में नींद का पैटर्न एक घंटा कम देखा गया। यानी वह आमतौर पर 10 घंटे नींद लेते पाए गए।

#### क्यों जरूरी है नींद

- महिलाओं में नींद कम आने से पैरों में सिंड्रोम होने का खतरा 40% ज्यादा होता है
- महिलाओं में कई तरह के हार्मोनल परिवर्तन होते हैं, जिससे उनके सर्केडियन रिदम में गड़बड़ी होती है
- पुरुषों की तुलना में महिलाओं के डिप्रेशन में जाने की संभावना भी दोगुनी होती है
- रात की अच्छी नींद महिलाओं के मेटाबॉलिज्म में मदद करती है, इससे शरीर में ऊर्जा मिलती है।

**ऑनलाइन सर्वे भी किया**

वैज्ञानिकों ने महिलाओं के नींद के पैटर्न पर भी ध्यान दिया। इस दौरान करीब पांच सौ अधिक वयस्कों पर ऑनलाइन सर्वे किया गया। इसमें उनसे सोने की टाइमिंग, कितने घंटे नींद लेने और रात में कब-कब नींद खुलने जैसे सवाल पूछ गए।

## न्यूयॉर्क में टेप लगा केला 60 लाख रुपये में बिका

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** न्यूयॉर्क में बुधवार को एक नीलामी में टेप लगा केला करीब 60 लाख रुपये में बिका। यह एक साधारण केला है, जिसे दीवार पर टेप से चिपकाया गया है।

इसे क्रिप्टोक्यूरेंसी प्लेटफॉर्म ट्रान के संस्थापक जस्टिन सन ने बोली में जीता है। सन को इस नीलामी में प्रमाण पत्र मिला है। दरअसल, इटालियन कलाकार मौरिजियो कैटेलन द्वारा लिखित कॉमेडियन एक घटना थी, जब यह 2019 में आर्ट बेसल मियामी बीच पर शुरू हुआ। उस उत्सव में आने वाले लोगों को चांदी के टेप के साथ सफेद दीवार पर चिपका हुआ केला नजर आया था। उस समय लोगों को यह मजाक या कला लगा। हालांकि, बाद में उस प्रदर्शनी में आए एक लड़के ने दीवार से केला उतारकर खा लिया था। बाद में आयोजकों ने दूसरा केला चिपकाया था। उस वक्त भी यह फल 12 से 15 लाख में बिका था।



### सबसे लंबी और छोटी महिला का मिलन

लंदन में आयोजित 20वें वार्षिक गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स दिवस के अवसर पर सबसे लंबी महिला और सबसे छोटी महिला की मुलाकात हुई। यहां रुमेसा गेल्गी (सबसे लंबी महिला 7 फीट 0.7 इंच) और ज्योति आम्गे (सबसे छोटी 2 फीट 0.7 इंच) ने एकसाथ बैठकर चाय पर चर्चा की।

**तकनीक 30s**

### स्टेटस के लिए आ रहा नया फीचर

व्हाट्सऐप स्टेट्स के लिए एक नए फीचर मिलने वाला है। यह फीचर ग्रुप चैट को मेंशन करने की सुविधा देगा। वेबसाइट वेबीटाइंफो ने इसकी जानकारी दी है। व्हाट्सऐप का यह फीचर यूजर को स्टेटस अपडेट में ग्रुप चैट को मेंशन करने देगा। यानी भविष्य में प्रत्येक सदस्य के बारे में बताए बिना पूरे ग्रुप को ही मेंशन कर पाएंगे। यूजर एक स्टेटस अपडेट में अधिकतम पांच कॉन्टैक्ट को मेंशन कर सकते हैं।

### गूगल पर प्रदूषण की जानकारी मिलेगी

गूगल ने एक नया फीचर पेश किया है। यह अब रियल टाइम में प्रदूषण की जानकारी मिलेगी। इसके लिए गूगल एआई का इस्तेमाल करता है। गूगल ने क्लाइमेट टेक फर्मों के साथ साझेदारी की है। इन कंपनियों के सहयोग से वायु गुणवत्ता सेंसर बनाए गए हैं, जो विभिन्न प्रदूषकों के साथ-साथ तापमान और आर्द्रता की भी निगरानी करते हैं। ये सेंसर हर मिनट माप लेकर लगातार डेटा प्रदान करते हैं। एआई संचालित सिस्टम इन दोनों समस्याओं को हल करने में सक्षम है।

### एक्स पर यूजर सर्च कर सकेंगे नौकरी

एक्स ने अपने प्लेटफॉर्म को बेहतर बनाने के लिए नया फीचर जोड़ा है। इसके जरिये यूजर आसानी से नौकरी सर्च कर सकेंगे। भारतीय कंपनियां जॉब के लिए प्लेटफॉर्म पर पोस्ट कर पाएंगी, जिससे यूजर आसानी से उस जॉब के लिए आवेदन कर सकेंगे। इस फीचर को साल 2023 में लॉन्च किया गया था। इससे पहले एक्स ने अक्तूबर में राडार टूल को लॉन्च किया था। यह रियल-टाइम टूल है।

## वैज्ञानिकों ने शैवाल से बना दिया बायो डीजल

**अनिकेत यादव**

**प्रयागराज।** वैज्ञानिकों ने शैवाल से बायो डीजल तैयार किया है। मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एमएनएनआईटी) वैज्ञानिकों ने बनाने के लिए आयोनिक लिक्विड आधारित फोटोकैटलिस्ट तकनीक विकसित की।

तकनीक से लैब में शैवाल और वेस्ट ऑयल (तलने या इस्तेमाल के बाद बचे तेल) से बायो डीजल बनाया है। इसे भारत सरकार ने 20 साल के लिए पेटेंट प्रदान किया है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के डॉ. सुशील कुमार और डॉ. दीपेश एस पटले को एक प्रोजेक्ट प्रदान किया था। इसे तीन साल में बनाया है। पहले चरण में आयोनिक लिक्विड उत्प्रेरक के साथ उन्नत अल्ट्रासोनिक रिएक्टर उपयोग किया।

#### सौर ऊर्जा का इस्तेमाल

वैज्ञानिक के मुताबिक, माइक्रोवेव, अल्ट्रासाउंड और प्रकाश का उपयोग करके प्रक्रिया को तेज किया जाएगा। फोटोकैटलिस्ट का उपयोग हरित उत्पादन को बढ़ावा देता है। सौर ऊर्जा का इस्तेमाल उत्प्रेरक के तौर पर किया गया।

#### बन सकता है विकल्प

शैवाल से तैयार बायोडीजल को डीजल के एक विकल्प के तौर पर देखा जा रहा है। यह जैव ईंधन बायोडीजल उत्पादन में अहम योगदान कर सकता है। साथ ही, विभिन्न खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के अपशिष्ट भी उपयोग हो सकेगा।

## खुद से बात करती दिखी डॉल्फिन

**डेनमार्क, एजेंसी।** डेनमार्क के समुद्र में वैज्ञानिकों ने आवाजों को रिकॉर्ड करने वाले यंत्र से पता लगाया कि डेल्ले नाम की डॉल्फिन खुद से बात कर रही थी। दक्षिण डेनमार्क विश्वविद्यालय की जीवविज्ञानी ओल्गा फिलाटोवा ने बताया कि 69 दिनों में 10,833 अलग-अलग तरह की आवाज सुनीं।



होम फर्नीचर और स्टोरेजेस | किचन्स | मैट्रेसेस
www.godrejinterio.com / यहाँ संपर्क करें: 1-800-209-5511
एक्सचेंज सुविधा उपलब्ध
HDFC BANK एचडीएफसी बैंक कार्ड पर आसान ईएमआई के साथ ₹10 000 तक की तत्काल छूट पाएं.*
pine labs PAY LATER पाइनलैब्स कार्ड फाइनेंस के साथ ईएमआई विकल्प उपलब्ध हैं.
BAJAJ FINANCE बजाज पेपर फाइनेंस के साथ ईएमआई विकल्प उपलब्ध हैं.

EXCLUSIVE BRAND OUTLET: Delhi: Vikas Marg: 9878426147, Pandav Nagar: 9650733544, Okhla: 7208906646, Ghitorni: 7770000800, Jail Road: 9718328717, Hari Nagar: 8800880033, Kirti Nagar (Near Bikanerwala): 7208906645 Kirti Nagar: 7770000900, Dwarka: 9810387953, Mangolpuri: 9582933000, Narela: 9266982220 Gurugram: MG Road: 7045945616, Sec-14: 7042244100, Sec-12: 9911339339 (Near Old Bus Stand) Sohna Road: 7770000400, Manesar (Sec-82-A) 99905 55164, Faridabad: 9810022658, Ghaziabad: 9555772393, Raj Nagar: 9599088949, Noida Extension: 8810318348, Noida Sec-16: 7840085532, Greater Noida: 7838520811, Noida Sec-104: 7011751002, Indrapuram:- 9871148520, Gajraula - 9536381181
MATTRESS GALLERY: Delhi: Kirti Nagar: 9991234890, Lajpat Nagar: 7479000077, Hari Nagar: 8800880033, Dilshad Garden - 8826891302, Ghaziabad: Turav Nagar: 8826089882 For Furniture & Storage Trade enquiry Call/email: 8802886822 / marora@godrej.com, 9560044827 / singham@godrej.com For Mattress Distributor/ Retailer enquiry Call/email: 9911552240/ vibhor@godrej.com
KITCHEN GALLERY: Delhi: Lajpat Nagar: 9818904516, Lado Sarai: 8373908487, Jagatpuri: 9718748608, Kirti Nagar - 9910697610, Pashchim Vihar: 9953211517, Dwarka: 9560961682, Pitampura: 7061646764 Noida: Sec-73:- 9711173461, Sector-49:- 9718999129 Ghaziabad: Vaishali - 9871148520, Pratap Vihar 7011464381 Gurugram: 9582826058, Sohna Road: 7042265123, Manesar: 9540702248, Faridabad: 8285010946 Palam - 9958196148 For Modular Kitchen Dealership enquiry Call/email: 9718748608 / aashishr@godrej.com, 7038336903/ htyagi@godrej.com

वायु सेवा शुल्क : मुम्बई एवं अहमदाबाद-₹ 10.00
मुद्रक तथा प्रकाशक राजीव बेओतरा द्वारा हिन्दुस्तान मीडिया वेन्चर्स लिमिटेड (एच एम वी एल) के पक्ष में एच टी मीडिया लिमिटेड प्रेस, प्लॉट नं.-8, उद्योग विहार, ग्रेटर नोएडा, जिला : गौतमबुद्ध नगर (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 18-20, कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित।
प्रधान सम्पादक : शशि शेखर प्रबंध संपादक : प्रताप सोमवंशी* दूरभाष : (011) 23361234, सम्पादकीय (011) 66561364, 66561263, प्रसार : (011) 66561111, विज्ञापन (011) 66561442, 66561189, फैक्स : (011) 66561451, 66561270 आर.एन.आई. नं. 509/57
*संपादक इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।